आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी उपरांत 01:50 सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 308, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनुरा दिसानायके श्रीलंका के नए राष्ट्रपति चुने गए 16

27 को फिर से रिलीज होगी ऐश्वर्या की ताल 15

## कानपुर में पटरी पर फिर सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश

### शहर से 35 किलोमीटर दूर लूप लाइन पर रखा मिला 5 किलो का खाली सिलेंडर, मालगाड़ी के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, (सरसौल) कानपुर

**अमृत विचार :** कानपुर से 35 किलोमीटर दूर महाराजपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-हावड़ा रूट के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर रविवार सुबह लूप लाइन पर 5 किलो का खाली गैस सिलेंडर रखकर शरारती तत्वों ने मालगाड़ी को पलटाने की साजिश रची। घटनास्थल के आसपास ट्रैक पर पेंड्रोल क्लिप भी खुली मिलीं। मालगाड़ी के पायलट और सहायक लोको पायलट ने पटरी पर रखे सिलेंडर को देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक दिया। रेलवे अधिकारी, जिला पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी, डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक टीम, बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा।



मौके पर जांच करते पुलिस के अधिकारी।

फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल के पास बियर का केन, नमकीन के पैकेट, जूस की बोतल आदि चीजें मिली हैं। कुछ दूरी पर रेलवे क्वार्टर के पास सर्जिकल ग्लव्स भी पड़े मिले। रेलवे ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है।

कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही मालगाड़ी प्रेमपुर स्टेशन पर खड़ी थी। सुबह करीब 5.55 बजे लोको पायलट देव आनंद गुप्त, सहायक लोको पायलट सीपी सिंह ने जैसे ही ट्रेन को आगे बढ़ाया, उनकी नजर 50 मीटर दूर पटरी पर रखे गैस सिलेंडर पर पड़ी। इस पर ट्रेन रोकी और जीआरपी व आरपीएफ को सूचना दी। बाद में एडीजी रेलवे प्रकाश डी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर समेत कई अफसर पहुंचे।

डॉग स्क्वॉयड को बुलाया गया। रेलवे की टेक्निकल टीम भी पहुंची। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि ट्रेन को नुकसान पहुंचाने की नीयत से यह साजिश की गई है। पुलिस, जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है।

### मप्र में ट्रैक पर फटे डेटोनेटर, रोकी आर्मी स्पेशल ट्रेन

**खंडवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में रेल ट्रैक पर दस डेटोनेटर फटने के कारण आर्मी स्पेशन ट्रेन रोकनी पड़ी। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने रविवार को बताया कि घटना बुधवार को भुसावल मंडल के नेपानगर और खंडवा स्टेशन के बीच सागफाटा के पास हुई। उन्होंने कहा कि इन डेटोनेटर का उपयोग नियमित परिचालन के तहत किया जाता है। इन्हें पटाखे कहा जाता है और जब ये फटते हैं तो तेज आवाज होती है जो इस बात का संकेत है कि आगे कोई अवरोध, कोहरा या धुंध है। नीला ने कहा कि उन्हें वहां रखने की कोई आवश्यकता नहीं थी इसलिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मामले की गहन जांच कर रही है।

### पंजाब में ट्रैक पर रखे हुए थे सरिया के बंडल

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में बंगी नगर के पास एक बड़ा रेल हादसा टल गया। यहां दिल्ली की तरफ से एक मालगाड़ी आ रही थी। तभी लोको पायलट को ट्रैक पर सरियों का एक बंडल दिखा। उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## दिवाली पर बढ़ सकता है राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 लाख राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत की वृद्धि संभव
- साथ ही, 8 लाख पेंशनर को महंगाई राहत (डीआर) का लाभ मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दीपावली से पहले 18 लाख राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) और 8 लाख पेंशनर का महंगाई राहत (डीआर) भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर सकती है।

दोनों के वेतन में महंगाई भत्ते के रूप में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी संभव है। महंगाई भत्ते का जुलाई 2024 से भुगतान किया जाना है। वहीं, अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए बोनस भी विचाराधीन है। महंगाई भत्ते का लाभ पाने के दायरे में शिक्षक भी आएंगे। शासन के सूत्रों ने बताया कि वित्त विभाग और कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर रखा है। अगले सप्ताह शासनादेश जारी होना संभव है। कर्मचारियों को तय बोनस भी दिया जाएगा लेकिन यह बोनस राजपत्रित अधिकारियों को नहीं मिलेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि महंगाई भत्ता जुलाई से मिलेगा।




## मानवता के लिए क्वाड महत्वपूर्ण

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत का संदेश स्पष्ट, कायम रहेगा क्वाड

### शिखर सम्मेलन में कहा-संगठन में हर देश की संप्रभुता का सम्मान

विलमिंगटन (अमेरिका), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं अमेरिका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा। उन्होंने कहा कि हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से गले मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### चीन हमारी परीक्षा ले रहा : बाइडेन

**वाशिंगटन।** चीन को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने क्वाड बैठक में कुछ अनौपचारिक टिप्पणी की लेकिन उन्हें पता नहीं था कि माइक चालू है। हालांकि उनकी इस टिप्पणी ने सबित कर दिया कि अमेरिका चीन की उभरती चुनौती के प्रति कितना गंभीर है। बाइडेन ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि चीन क्वाड देशों की परीक्षा ले रहा है। उन्होंने कहा कि चीन लगातार आक्रामक व्यवहार कर रहा है और आर्थिक व प्रौद्योगिकी मुद्दों सहित कई मोर्चों पर पूरे क्षेत्र में हमारी परीक्षा ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि तीव्र प्रतिस्पर्धा के लिए गहन कूटनीति की आवश्यकता होती है। बाइडेन की यह टिप्पणी चीन के उभरते खतरे को लेकर अमेरिका की गंभीरता को दर्शाती है।

### हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों में कैंसर के इलाज में भारत देगा महत्वपूर्ण योगदान

**विलमिंगटन।** भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों में कैंसर की रोकथाम, जांच एवं उपचार तथा क्षमता निर्माण के लिए 75 लाख डॉलर तथा सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीन की चार करोड़ खुराक के योगदान की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड देशों के नेताओं की शिखर बैठक के इतर शुक्रवार को यहां अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में यह घोषणा की। मोदी ने कहा कि भारत ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित कर लिया है और एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है।

## वक्फ विधेयक पर मिलीं 1.2 करोड़ से अधिक प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति को 1.2 करोड़ ईमेल प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। विभिन्न प्रतिद्वंद्वी समूहों की ओर से इस विधेयक के संबंध में अपने-अपने दृष्टिकोण के प्रति समर्थन जुटाया जा रहा है। संसदीय सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति को भी दस्तावेजों के साथ 75,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं जिसमें अपने-अपने दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है।

- संयुक्त संसदीय समिति ने मांगे अतिरिक्त कर्मी

इसके कारण समिति को लोकसभा सचिवालय से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग करनी पड़ी है। सूत्रों ने कहा कि हमने ईमेल प्रतिक्रियाओं की जांच करने और उन्हें वर्गीकृत करने और दर्ज करने के लिए 15 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने अपने समर्थकों से मसौदा कानून की जांच कर रही संसदीय समिति को प्रतिक्रिया भेजकर वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने की अपील की है। नाइक की अपील पर जवाबी प्रतिक्रिया शुरू हो गई है और कई हिंदू समूहों ने भी अपने समर्थकों से विधेयक के समर्थन में ईमेल लिखने का आग्रह किया है।

## नशेड़ियों ने फेंका था रेलवे ट्रैक पर खंभा, 2 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- लोहा चुराने आए आरोपी ट्रेन आती देख खंभे को ट्रैक पर फेंक कर भाग निकले थे
- जीआरपी ने रविवार को किया घटना का खुलासा, दोनों आरोपी भेजे गए जेल

**अमृत विचार :** बिलासपुर क्षेत्र में ट्रेन को पलटाने का प्रयास करने वाले 2 आरोपियों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी प्रभारी मुकेश कुमार ने रविवार को बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी खंभा चुराकर ले जा रहे थे। इस बीच ट्रेन को आता देखकर वह घबरा गए और खंभे को ट्रैक पर फेंक कर भाग गए। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

बिलासपुर तहसील क्षेत्र में बुधवार की रात कुछ लोगों ने रेलवे ट्रैक पर लोहे का खंभा रख दिया था। इसी ट्रैक से रात 9.30 बजे देहरादून से काठगोदाम जाने वाली नैनी दून जन शताब्दी ट्रेन गुजर रही थी, लेकिन समय रहते लोको पायलट ने ट्रैक पर रखे खंभे को देख लिया था। उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था। ट्रेन पलटाने की कोशिश की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया था। एसपी रेलवे ने इस घटना का खुलासा करने के लिए जीआरपी थाने की कई टीमें लगा दी थीं।

जीआरपी थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि बिलासपुर की सोढ़ी कालोनी निवासी सन्नी और विजेंद्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना स्वीकार कर ली। सन्नी पर रुद्रपुर और बिलासपुर थाने में चोरी और लूटपाट के 16 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि विजेंद्र पर दो मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी नशेड़ी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए लूट और चोरी करते हैं। आरोपी 18-19 सितंबर की रात रेलवे के पुराने लोहे के खंभे को चुराकर ले जा रहे थे। तभी ट्रेन आ गई। यह देख वह लोहे के खंभे को ट्रैक पर छोड़कर भाग गए। एसपी रेलवे ने आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली रामपुर और रुद्रपुर की जीआरपी को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।



रेलवे पर पड़ा खंभा (फाइल फोटो)।

## एक नजर

### जाली नोट की फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में जाली नोट बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह फैक्ट्री कपड़ों की ऑनलाइन बिक्री करने वाले एक स्टोर के कार्यालय में चल रही थी। पुलिस उपायुक्त राजदीप नकुम ने कहा कि सूरत पुलिस के एसओजी टीम के अधिकारियों ने शनिवार को सरथाणा इलाके में कार्यालय पर छापा मारा और 1.20 लाख मूल्य के नकली नोटसहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया।

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु बसपा के पूर्व अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग हत्याकांड के एक मुख्य संदिग्ध को शनिवार शाम यहां गिरफ्तार किया गया। घटना के तीन महीने से अधिक समय बाद संदिग्ध अप्पू (40) को गिरफ्तार किया गया है। उसे हत्या करने वाले गिरोह को देसी बम की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को उत्तरी चेन्नई के सेम्बियम में उनके पेरम्बूर स्थित घर के सामने छह लोगों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी।

### अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस ने दुबई से संचालित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सक्रिय सदस्यों को विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से लोगो को कम इनवेस्टमेन्ट में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इन शातिर ठगों द्वारा ट्रेडिंग एप के माध्यम से लगभग एक करोड़ कीमत के यूएसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) का लेन-देन किया गया है। आरोपियों के कब्जे से नगद 01 लाख 39 हजार एवं घटना में प्रयुक्त 06 मोबाइल कीमत करीब एक लाख 20 हजार जब्त किया गया है।

## सपा सांसद अवधेश के पुत्र के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी हैं अजीत प्रसाद

**अमृत विचार :** फैजाबाद के सपा के सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और सिपाही समेत 15-20 के खिलाफ नगर कोतवाली में फिरौती के लिए अपहरण करने, मारपीट तथा धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पीड़ित रवि तिवारी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसने अकवारा निवासी शीतला प्रसाद से जमीन की खरीद को सौदा किया था एक लाख रुपये पेशगी दी थी। बाद में शीतला की जमीन का सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद तथा लाल बहादुर के नाम बैनामा करवा दिया। अजीत प्रसाद ने अपने 15-20 साथियों के साथ मारपीट की। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अजीत प्रसाद द्वारा शिकायतकर्ता रवि तिवारी को वाहन में बैठाकर ले जाने की पुष्टि हुई है। अजीत प्रसाद, सिपाही शशिकांत राय और राजू यादव को नामजद करते हुए डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर, सांसद अवधेश प्रसाद का कहना है कि भाजपा की ओर से साजिश के तहत बेटे अजीत के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## उदय भानु चिब युवा कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को श्रीनिवास बी.वी. के स्थान पर उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।



चिब, गुलाम नबी आजाद के बाद पार्टी के प्रमुख संगठन का नेतृत्व करने वाले जम्मू कश्मीर के दूसरे नेता बन गए हैं। यह नियुक्ति जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बीच हुई है। श्रीनिवास बी.वी. गत पांच साल से अधिक समय तक आईवाईसी के अध्यक्ष रहे। चिब अब तक आईवाईसी के महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## झूठ फैलाकर आस्था को ठेस पहुंचा रहे चंद्रबाबू नायडू

अमरावती, एजेंसी

### तिरुपति लड्डू विवाद

- आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र फटकार लगाने का आग्रह

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को आदतन झूठ बोलने वाला करार देते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट के मुद्दे पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में जगन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के वास्ते इतने निचले स्तर पर उतर गए हैं। वेंकटेश्वर स्वामी के समृद्ध मंदिर के संरक्षक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी स्वीकार करने की प्रक्रिया का विवरण देते हुए जगन ने आठ पृष्ठों के पत्र में आरोप लगाया कि नायडू के कृत्यों ने न केवल मुख्यमंत्री पद की प्रतिष्ठा को गिराया है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में सभी लोगों को भी आहत किया है। साथ ही, टीटीडी और उसकी परंपराओं की पवित्रता को भी ठेस पहुंचाई है। जगन ने अपने पत्र में लिखा कि इस समय पूरा देश आपकी ओर देख रहा है। यह बहुत जरूरी है कि नायडू को झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी फटकार लगाई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए।

### घी खरीदने की प्रक्रिया की जांच करेगी एसआईटी



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान टीटीडी द्वारा घी खरीदने की कई प्रक्रियाओं में बदलाव किया गया था। नायडू ने कहा कि अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी के गठन का फैसला किया है। कहा कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार के दौरान टीटीडी बोर्ड में नियुक्तियां जुआ की तरह हो गई थीं और ऐसे लोगों को नियुक्त किया गया जिनकी कोई आस्था नहीं थी। बोर्ड में गैर-हिंदुओं को वरीयता दी गई। एसआईटी आईजी स्तर या उससे ऊपर के अधिकारी की निगरानी में गठित की जाएगी।

### उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शुरू की प्रायश्चित दीक्षा

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत राज मंत्री के. पवन कल्याण ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में भगवान वेंकटेश्वर को कथित तौर पर पशुओं की चर्बी वाले घी से बने नैवेद्यम का भोग लगाए जाने को लेकर पश्चाताप करने के लिए रविवार को गुंटूर जिले के नम्बुर गांव में वेंकटेश्वर मंदिर में प्रायश्चित दीक्षा शुरू की।

## लगभग सवा लाख कर्मचारियों के प्रमुखों पर कसा शिकंजा

### पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले आहरण वितरण अधिकारी पर भी मुख्य सचिव सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दायरे में आईएएस, आईपीएस पीसीएस समेत सभी विभागाध्यक्ष सितंबर माह का रुकेगा वेतन

**अमृत विचार :** अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देने से भाग रहे करीब 1,24,567 राजकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर शासन शिकंजा कसने जा रहा है। राज्य में तैनात इन कार्मिकों के आहरण-वितरण अधिकारी चाहे आईएएस हों या आईपीएस, पीसीएस, पीपीएस और पीईएस संवर्ग के अधिकारी, उनकी जिम्मेदारी होगी कि अधीनस्थ का ब्योरा हर हाल में 30 सितंबर तक दर्ज हो जाए, एक भी कर्मी छूटा तो, उनके विभागाध्यक्ष का वेतन भी रूक जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बाद 18 अगस्त 2023 को पहला शासनादेश जारी हुआ था कि राज्य के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के नियम 24 के अनुसार मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल व अचल संपत्ति का विवरण 31 दिसंबर 2023 तक अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। शासन के बार-बार आदेश और पदोन्नति से लेकर वेतन रोकने तक की चेतावनी के बाद भी कुल 8 लाख 44 हजार 374 कार्मिकों में से 12 सितंबर तक मात्र 7 लाख 19 हजार 807 ने ही पोर्टल पर ब्योरा दर्ज कराया है।

ऐसे में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों समेत समस्त विभागाध्यक्ष व कार्यालयाध्यक्ष को सख्त आदेश जारी करते हुए कहा है कि पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले कार्मिकों की नियमित समीक्षा आहरण वितरण अधिकारी (डीडीओ) के स्तर पर किया जाना आवश्यक है। इसके लिए उन्हें उत्तरदायी बनाया जाएगा। इसलिए संबंधित विभाग और कार्यालय प्रमुख का यह दायित्व है कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में अपने विभाग व कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों का वर्ष 2023 का संपत्ति विवरण निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अवश्य दर्ज हो।

### पोर्टल पर ब्योरा चेक करेंगे उच्चाधिकारी

मुख्य सचिव ने यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि यदि पोर्टल पर विवरण नहीं दिख रहा है तो संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा एनआईसी से संपर्क कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। यदि किसी आदेश के तहत किसी विभाग के कार्मिक को संपत्ति विवरण पोर्टल पर दर्ज करने से छूट प्रदान की गई है तो उसका विवरण भी पोर्टल पर उपलब्ध कराएंगे।

### ...तो विभागाध्यक्ष को भी नहीं मिलेगा वेतन

मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा देने से एक भी कार्मिक छूटा तो उसके विभागाध्यक्ष को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर ताजा आदेश में 12 सितंबर तक शेष बचे 1 लाख 24 हजार 567 कार्मिकों का संज्ञान लेते हुए विभागाध्यक्षों को सचेत किया गया है कि ब्योरा दर्ज कराने वाले कार्मिकों और उनसे संबंधित आहरण वितरण अधिकारी का ही माह सितंबर 24 का वेतन आहरित किया जाएगा।

## क्या भाजपा की राजनीति से सहमत है संघ

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से पूछे पांच सवाल
- भागवत से सवाल के बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक नई राजनीतिक रणनीति के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों के लिए आरएसएस से जवाब मांगा।

केजरीवाल ने यह कहकर मोदी का कद कम दिखाने की कोशिश की कि आरएसएस ही मुखिया है और उसे अपने बच्चों को नियंत्रण में रखना चाहिए। केजरीवाल ने एक रैली में कहा कि क्या बेटा अब इतना बड़ा हो गया है कि वह अपनी मां को आंख दिखा रहा है? इस रैली में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल किए। केजरीवाल ने पूछा कि क्या आरएसएस केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक दलों को तोड़ने, विपक्षी दलों की सरकारें गिराने और भ्रष्ट नेताओं को अपने पाले में करने की भाजपा की राजनीति से सहमत है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जंतर-मंतर पर अपनी पहली सार्वजनिक सभा जनता की अदालत में केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे, जिनमें एक सवाल यह भी था कि क्या सेवानिवृत्ति की आयु से संबंधित भाजपा का नियम मोदी पर भी लागू होता है, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी पर लागू हुआ था।



उन्होंने भागवत से पूछा कि क्या वह राजनीतिक नेताओं को भ्रष्ट कहने और फिर उन्हें अपने पाले में शामिल करने की भाजपा की राजनीति से सहमत हैं। केजरीवाल ने भागवत से पूछा कि जब भाजपा प्रमुख जेपी. नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी को अपने वैचारिक मार्गदर्शक आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो उन्हें कैसा लगा।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2024 का थीम है ''हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स''



डॉ. विजय पाठक
अध्यक्ष
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, शाहजहांपुर



डॉ. गौरव मिश्रा
सचिव
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, शाहजहांपुर

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2024 का थीम है ''हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स''। यह थीम चिकित्सकों द्वारा प्रतिदिन अपने अभ्यास में लाई जाने वाली करूणा और समर्पण पर जोर देती है, जो आराम और देखभाल प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। यह तकनीकी कौशल और डाक्टरों द्वारा अपने रोगियों को दिए जाने वाले भावनात्मक समर्थन दोनों के महत्व पर प्रकाश डालता है। अंतिम थीम चाहे जो भी हो, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2024 निम्नलिखित के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है:-

1. चिकित्सकों के सामने आने वाली कठिनाईयों और चिकित्सा समुदाय में उनकी भूमिका के बारे में जनता को शिक्षित करना।

2. सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में चिकित्सा पेशवरों के अथक प्रयासों को स्वीकार करें और उनकी सराहना करें।

3. चिकित्सा पेशेवरों के लिए बेहतर संसाधनों, बुनियादी ढांचे और कार्य स्थितियों के लिए मजबूत मामला बनाएं।

4. डॉक्टरों द्वारा अपने दैनिक जीवन में सामना की जाने वाली जटिल वास्तविकताओं के प्रति जागरूकता और सराहना को बढ़ावा देना।


OMAX ENT HOSPITAL
Dr. Salman Khan
M.B.B.S., M.S., E.N.T.
Mob.: 7880806538
नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ
निकट अण्टा चौराहा, दाना मियाँ बाजार के सामने, जेल रोड, शाहजहाँपुर

हृदय, डायबिटीज लिवर एवं श्वास रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ नायक
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) (जनरल फिजिशियन)

सुविधाएं
>> हाइपरटेंशन (बी.पी.)
>> डायबिटीज (शुगर)
>> थायराइड, मलेरिया
>> डेंगू, दिमागी बुखार
>> टायफाइड (मियादी बुखार)
>> सी.ओ.पी.डी. (सांस फुलना)
>> अस्थमा, टी.बी.
>> कोरोना, गठिया
>> लकवा, मिर्गी
>> हृदय रोग, पीलिया, लीवर, एवं किडनी सम्बंधित रोगों का इलाज।
सम्पर्क सूत्र- 7897418181
मिलने का स्थान:-
सुबह: 11 से 01 बजे तक-शाम: 06 से 9 बजे तक जगमोहन लाल अस्पताल सिंजई, शाहजहाँपुर
दोपहर: 01 से 03 बजे तक (रविवार अवकाश) सत्यानन्द हॉस्पिटल, अज़ीज़गंज, शाहजहाँपुर

धन्यवाद शाहजहाँपुर
लगातार 19 वर्षों से आपके विश्वास के लिए....
Most Trusted Brand in Health Care


डॉ. रवीन्द्र कश्यप डॉ. मधुर कश्यप
गंगा देवी आँख व हड्डी अस्पताल
स्थान: निकट सुदामा प्रसाद स्कूल चौराहा, शाहजहांपुर
मो. 9450413153, 9389508446

स्वामी दयाल शुक्ला मैमोरियल
महाकल्प हॉस्पिटल
डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला | डॉ. ऊषा शुक्ला
M.B.B.S., P.G., D.M.C.H., M.I.A.P. | M.B.B.S., P.G., D.M.C.H., MF.O.G.S.I.
रंगीन अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध
मिश्रीपुर, शाहजहांपुर
मो. 8528087320

सिंह नर्सिंग होम
Hosp : 05842-230223, Mob.: 9412313963
डॉ. एम.पी. सिंह
एम.बी.बी.एस. (लखनऊ)
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डॉ. बुद्ध घोष
डी.पी.टी. (फिजियोथिरेपिस्ट)
24 घन्टे इमरजेन्सी व भर्ती की सुविधा, एक्स-रे की सुविधा, प्लास्टर की सुविधा, सभी प्रकार के आप्रेशन की सुविधा एवं सम्पूर्ण खून एवं पेशाब की जांचों की सुविधा उपलब्ध है।
लौकाहार कालोनी, अहमरपुर रेती, हथौड़ा रेती रोड़, निकट-निरंकारी भवन, शाहजहाँपुर-242001 (उ.प्र.)

विश्वनाथ क्लिनिक एवं डायग्नोस्टिक केन्द्र
डाकखाने के सामने, पुवायाँ, शाहजहाँपुर
डॉ. राजीव पांडे
एम.डी., फिजिशियन
हृदय एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ
डॉ. गीता पांडे
एम.बी.बी.एस.
स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

● पैथोलॉजी ● एक्स रे ● ई.सी.जी.
● इकोकार्डियोग्राफी

श्रेष्ठ पैथोलॉजी
संजीव यादव
बी.एस.सी. (एम.एल.टी.)
एम.एस.सी. (माइक्रोबायोलॉजी)
M.: 9450552050, 8318589711, 7571999904
नोट: घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध है।
लैब : 9695662887 समस्त जाँचों की सुविधा
● कोविड एन्टिजन टेस्ट ● कोविड आर.टी.पी.सी.आर.
● कोविड एन्टीबॉडी ● हार्मोन्स ● होलबॉडी प्रोफाइल
● टॉर्च टेस्ट ● टायफाइड ● एलर्जी ● खून ● शुगर
● थायरॉइड ● चिकनगुनिया ● डेंगू ● मलेरिया
● पेशाब ● बलगम ● वीर्य
गर्रा फाटक रोड, निकट H.P. पेट्रोल पंप, शाहजहाँपुर

एच.सी. मैमोरियल अस्पताल
पता:- निकट पुराना जिला अस्पताल, मो. बिजलीपुरा, शाहजहांपुर
मो. 6386963161
DR. AAKASH SRIVASTAVA
M.B.B.S. (Honour) D Ortho (Gold Medalist)
Life Member- IOA, UPIOA, NAILS
Orthopaedic Surgeon & Traumatologist
फ्रेक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
Regn. No. 30505
DR. VASU SRIVASTAVA
M.B.B.S., M.S.- Ortho (Gold Medalist)
Orthopaedic Surgeon & Traumatologist
फ्रेक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
Regn. No. 79769
उपलब्ध सुविधाएं
• अत्याधुनिक कम्प्यूटराइज्ड सी.आर्म मशीन द्वारा हड्डी के ऑप्रेशन की सुविधा।
• हड्डी के बिगड़े हुए केसों का इलाज।
• सभी प्रकार के एक्स-रे की सुविधा।
• इमरजेंसी 24 घंटे सुविधा।


चन्द्रा नर्सिंग होम
रोजा, शाहजहांपुर फोन- 05842-235307

डॉ. मुनीश चन्द्रा
M.B.B.S. D(c).C.H.
Ex. CMD (N.E.Rly.)

डॉ. आशा अग्रवाल
M.B.B.S. D.c.G.O.

डॉ. मोनिका गुप्ता
M.B.B.S. D.G.O.

डॉ. आशीष अग्रवाल
BDS. (Lko.)

डॉ. सुमन अग्रवाल
B.A.M.S., D.R.C.H., D.N.Y.S.

19 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
सबसे अच्छा-सबसे सस्ता इलाज का वादा


नव ज्योति चिकित्सालय
डॉ. अंकित गुप्ता
एम.डी.
न्यूरो मस्कुलर एवं पंचकर्मा विशेषज्ञ
डॉ. अंशिता गुप्ता
एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
जिले में सबसे सस्ती नार्मल डिलीवरी का एकमात्र स्थान
● रोगियों के भर्ती एवं 24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध। ● स्त्री रोगों की चिकित्सा की सुविधा।
● बांझपन की चिकित्सा की सुविधा। ● प्रसव (नार्मल डिलीवरी) का यथा सम्भव प्रयास।
● बड़े व छोटे आपरेशन द्वारा प्रसव की सुविधा।
बवासीर, भगन्दर, फिशर का क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना किसी सर्जरी के सफल इलाज।
मो० गदियाना, निगोही रोड, शाहजहाँपुर (उ.प्र.) 242001
M. : 9554951571, 9792175280




# तालाब में डूबकर दो वर्षीया बच्ची की मौत

## बच्चों के साथ तालाब के किनारे खेल रही थी सावनी, परिजन रो-रोकर बेहाल

संवाददाता, मदनापुर/ शाहजहांपुर



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

- घर नहीं लौटी तो परिजनों ने पुलिस को दी सूचना
- मदनापुर के हरनारायणपुर जटिया गांव की घटना

**अमृत विचार :** हरनारायणपुर जटिया में गांव के बाहर खेल रही दो साल की बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। वह शाम को घर वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने उसको तलाश किया। परिवार वालों की आशंका पर गोताखोरों ने पांच घंटे बाद उसका शव तालाब से बाहर निकाला है। परिजन रो-रोकर बेहाल है



मृतका सावनी।

मदनापुर क्षेत्र के गांव हरनारायणपुर जटिया की निवासी सुरजीत की दो साल की बेटी सावनी शनिवार की शाम पांच बजे गांव के बच्चों के साथ तालाब के किनारे खेल रही थी। अन्य बच्चे खेलकर घर आ गए। उनकी बेटी घर वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने उसकी गांव के आस-पास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। परिवार वालों ने तालाब में डूबने की आशंका जताते हुए मदनापुर थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह चौहान सिपाहियों के साथ रात नौ बजे गांव में पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी की। तालाब के किनारे रोशनी की व्यवस्था करके गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने रात दस बजे बच्ची का शव तालाब से बाहर निकाला। बताते है कि सरकारी तालाब है और पानी करीब पांच फुट है। पिता ने बताया कि बच्चों ने बच्ची को डूबते नहीं देखा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां संगीता है और किसान पिता समेत परिजन रो-रोकर बेहाल है।

## भेड़िए की सूचना पर पहुंचे वन कर्मी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रायपुर गांव में शनिवार सुबह एक बंद पड़े मकान में भेड़िया होने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हालांकि, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने तलाश की तो मकान में किसी पशु का मीट खाते हुए सियार दिखा।

वन कर्मियों ने मकान की घेराबंदी कर सियार को बाहर निकाला और जंगल की ओर भगा दिया। गांव के आरिफ व आसिफ ने पुलिस व वन विभाग को सूचना देकर बताया कि एक भेड़िया किसी की बकरी लाकर इरफान के बंद मकान में खा रहा है। सूचना पर पुलिस व वन दरोगा श्याम सिंह यादव टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। बाद में जिसे भेड़िया बताया गया, वह पशु सियार निकला। वन दारोगा के अनुसार सियार को मकान से निकाल कर जंगल में भगा दिया।

# जंगली जानवर ने बच्ची समेत तीन लोग को किया घायल

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- भेड़िये का मचा शोर, दहशत में खेतों पर नहीं जा रहे ग्रामीण

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अलग-अलग गांव में खेत पर जानवरों के लिए घास लेने गए तीन ग्रामीणों पर जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। वहीं, ग्रामीणों में भेड़िया होने की चर्चा से दहशत है। लोगों ने खेत पर जाना बंद कर दिया है।

सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव बादशाह नगर के महादेव (50) शनिवार शाम खेत पर जानवरों के लिए घास काटने के गए थे। अचानक जंगली जानवर ने पीछे से हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर ,खेत पर काम कर रहे ग्रामीण दौड़े तो जानवर जंगल की तरफ भाग गया। इधर, क्षेत्र के ही गांव दिलावरपुर के बीपी (26) शनिवार शाम साढ़े पांच बजे खेत पर शौच करने गए थे। जंगली जानवर ने पैर पर हमला कर घायल कर दिया। दिलावर गांव के प्रधान नरेंद्र यादव की नातिन (4) काव्या शनिवार शाम सात बजे घर के बाहर खेल रही थी। हमला कर उसे घायल कर दिया। एक ही दिन में जंगली जानवर के हमले से तीन लोगों के घायल होने से दोनों गांव में दहशत व्याप्त है।

वहीं तीनों ही जगह लोगों में भेड़िया होने की चर्चा रही। लोगों ने खेत पर जाना बंद कर दिया है। शाम होते ही बच्चों को घरों में बंद कर लेते है। कब भेड़िया हमला कर दें।

ग्रामीणों ने थाने पर सूचना दी। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि भेड़िये की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। गांव वालों को अलर्ट रहने के लिए कह दिया गया है।

## एक नजर

### पैदल जा रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**खुटार, अमृत विचार :** जनपद हरिद्वार के थाना मंगलोर के गांव बुक्कनपुर निवासी शहनबाज ने बताया कि वह भाई ताजीम (32) के साथ खुटार के लौहंगापुर के पास ईंट भट्ठे पर काम करता है। रविवार शाम करीब 6 :45 बजे वह ताजीम के साथ ईंट भट्ठे के पास स्थित किराना दुकान पर सामान लेने पैदल जा रहे थे। खुटार की तरफ से आ रहे बाइक ने ताजीम को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार फरार हो गया। हादसे के बाद आसपड़ोस में मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस के साथ ही 108 सेवा एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर परिजनों से हादसे की जानकारी ली।

### गाली गलौज कर मारपीट का लगाया आरोप

**पुवायां, अमृत विचार :** जाति सूचक गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव जुझारपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बीस सितंबर को लगभग साढ़े तीन बजे ब्लॉक के पास खड़ा था, तभी नगर का एक व्यक्ति आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया। जिन्होंने गाली गलौज कर डंडों से उसे मारा पीटा।जिससे उसके काफी चोट आई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बहनोई ने दी तमंचा सीने पर रखकर जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी लोकेश वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे कांट में अपनी दुकान पर जा रहा था। उसके बहनोई अखिल वर्मा निवासी मोहम्मदजई चौक कोतवाली ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तमंचा सीने पर रखकर जान से मारने की धमकी दी। उसके बहनोई का बहन से मुकदमा चल रहा है। आरोपी बहनोई ने धमकी दी कि मुकदमा वापस नहीं लिया तो जान से मार डालेंगे। पुलिस ने आरोपी बहनाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, **अमृत विचार :** चौक कोतवाली मोहल्ला अजीजगंज निवासी शिक्षक गौरी शंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 सितंबर की रात में चोर उसके मकान में घुस गए थे। सोने का हार, मांग बेदी, तीन अंगूठी, दो चैन, दो मोहर, झुमकी, झाले, चांदी का सामान, 20 हजार रुपये चुराकर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी है।

# अफीम की सप्लाई करने आए दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, चालान किया

संवाददाता, शाहजहांपुर

- बरेली जिले के रहने वाले है दोनों, एक किलो 256 ग्राम अफीम बरामद
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ 31 लाख रुपये आंकी गई अफीम की कीमत

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान कांट पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक किलो 256 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन बरामद किए है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 31 लाख रुपये बताई गई है।

कांट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार को शनिवार रात एक बजे सूचना मिली कि जिन्दो वाली पुलिया के निकट दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर श्यामदेव मिश्रा निवासी बडरिया थाना भुता जिला बरेली और गुलशन कुमार निवासी मिलक मझारा थाना भमौरा जिला बरेली है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से एक किलो 256 ग्राम अफीम व दो मोबाइल फोन बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बरेली के मनोज से अफीम लेकर आए थे। मनोज यह अफीम झारखंड से लाता है और दिल्ली, पंजाब, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर में सप्लाई करता है। मनोज ने यह अफीम लेकर भेजा था और कहा था कि जिन्दो वाली पुलिया के पास से एक युवक अफीम लेकर चला जाएगा। मनोज एक बार में अफीम पहुंचाने पर पांच हजार रुपये और खाना व खर्चा अलग देता है। पुलिस ने दोनों तस्करों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार, शिव कुमार, सिपाही देवेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार थे।



अफीम तस्करी करने के आरोपी।

### तमंचा समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त सन्नू निवासी मामूड़ी थाना सदर बाजार को तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। अभियुक्त पर पहले से चार मुकदमें दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, सिपाही विपिन नागर थे।

## खनन करने से रोका तो पुलिस से उलझे सीज की ट्रैक्टर-ट्रॉली

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** कांशीराम कॉलोनी नहर रोड पर अवैध खनन पकड़ने गए सिपाहियों से खनन करने वाले उलझ गए। हालांकि बाद में पुलिस सख्ती दिखाते हुए दो ट्रॉलियों को चौकी ले आई। दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया।

रविवार को चौक कोतवाली की पुलिस चौकी अजीजगंज में तैनात हेड कांस्टेबल संजीव कुमार व कांस्टेबल दीपेंद्र चौधरी ने कांशीराम कॉलोनी नहर रोड पर अवैध खनन कर ले जाई जा रहीं दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक लिया। जब सिपाहियों ने उनसे कागज मांगे तो आरोपी पुलिस से उलझने लगे और जबरदस्ती वाहन ले जाने की कोशिश करने लगे। सिपाहियों की सूचना पर अजीजगंज चौकी पर तैनात एसआई सौरभ शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। पुलिस सख्ती दिखाते हुए दोनों वाहनों को चौकी ले आई और सीज कर दिया।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो वृद्धों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चाची के दसवां संस्कार से लौट रहे थे हरदोई के जंडैल सिंह
- अल्हागंज में कार ने साइड से मारी राम प्रकाश को टक्कर

**अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो वृद्ध व्यक्तियों की मौत हो गई। एक मृतक हरदोई और दूसरा अल्हागंज क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक जंडैल सिंह।

हरदोई के गांव कन्हारी निवासी जंडैल सिंह(60) की चाची का दसवां था। वह शनिवार को दसवां में शामिल होने हन्नू नगला गांव आए थे। उसके बाद शाम साढ़े पांच बजे पैदल अपने रिश्तेदार सीताराम के साथ गांव जा रहे थे। अल्हागंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर हुल्लापुर गांव के निकट बाइक ने पीछे से जंडैल सिंह को टक्कर मार दी, जिससे सिर में चोट आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक बाइक छोड़कर भाग गया। घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक कलान कस्बा की बताई जाती है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इधर अल्हागंज क्षेत्र के गांव कोयला निवासी राम प्रकाश(64) 14 सितंबर की सुबह छह बजे घर के बाहर झाड़ू लगा रहे थे। उनका मकान मुख्य सड़क के किनारे है। अचानक कार ने साइड से उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। चालक कार लेकर भाग गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया था। परिवार वाले शनिवार की शाम छह बजे बरेली से दिल्ली इलाज के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में राम प्रकाश की मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव वापस लेकर आ गए और थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

### छुट्टा पशुओं से टकराकर बाइक सवार दो भाई घायल

निगोही। गांव नौगवा निवासी अक्षय कुमार अपने भाई राजीव के साथ रविवार को निगोही खरीदारी करने आए थे। खरीदारी करने के बाद वापस जा रहे थे। निगोही-शाहजहांपुर राजमार्ग पर हसौआ के निकट छुट्टा पशु सामने से भाग कर आ गए। जिससे बाइक पशुओं से टकरा गई और दोनों भाई घायल हो गए। कुछ देर बाद शाहजहांपुर से पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फोन कर एंबुलेंस बुला दोनों को निगोही अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# महिला अपराधों पर की जाए त्वरित कार्रवाई



पुलिस लाइन स्थित सभागार में क्राइम मीटिंग करते एसपी राजेश एस।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस लाइन में आयोजित क्राइम मीटिंग में एसपी ने थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** एसपी राजेश एस ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिला अपराधों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए। रविवार को पुलिस लाइन में हुई क्राइम मीटिंग में एसपी ने प्रत्येक थानों की समीक्षा की। हत्या, लूट, चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर नाराजगी जताते हुए खुलासे के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुन निस्तारण किया जाए, महिला अपराधों पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए। गोकशी पर अंकुश लगाया जाए और आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए। लूट, डकैती, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। जिन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ, उन घटनाओं का खुलासा किया जाए। बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए, लंबित विवेचनाओं का निस्तारण किया जाए। बच्चा चोरी की अफवाहों से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए निर्देश दिए है। पुलिस कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का पालन करें, साथ ही यातायात नियमों का पालन कराया जाए। साइबर संबंधी अपराधों के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। क्राइम मीटिंग में एएसपी ग्रामीण, एएसपी सिटी, सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# रामगंगा के कटान से बचाने को लग रहे बंबू क्रेट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण
- कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अमृत विचार :** परौर के मजरा मोहनपुर, नरायननगर पश्चिमी के पास रामगंगा कटान कर रही है। दोनों मजरों को बचाने के लिए बांस के बंबू क्रेट लगाकर उसमें रेत की बोरियां फंसाई जा रही है। जिससे कटान कर रही रामगंगा की धार का रुख बदले और कटान रुक सके।

परौर के इन मजरा वासियों के लिए कटान कोई नई बात नही है। कटान की प्रक्रिया 24 वर्ष से चल रही है। जिससे परौर के दो मजरा नरायन नगर पूर्वी व मंझा एकदम जमींदोज हो चुके हैं। सिचाई विभाग ने करोड़ों रुपये खर्च करके तटबंध बनवाए थे लेकिन उनमें भी कोई खास सफलता नहीं मिली और रामगंगा कटान करती रही। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इन गांवों को बचाने के लिए पक्की ठोकरों का निर्माण नहीं होगा, तब तक इन्हें सुरक्षा कवच प्रदान नहीं होगा और इसी तरीके से गांव कटता रहेगा और सरकार का करोड़ों रुपया पानी में बहता रहेगा। वहीं कलान की उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने रविवार को अपने अधीनस्थों के साथ कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कटान रोकने के लिए बंबू क्रेट लगा रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी के साथ नायब तहसीलदार शशांक सिंह, लेखपाल उग्रसेन, राकेश कांत के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



बंबू क्रेट लगाने में जुटे मजदूर। ● अमृत विचार



कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचीं एसडीएम चित्रा निर्वाल। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का दर्द | स्टेट हाईवे पर अभी भी चल रहा बाढ़ का पानी, आवागमन में दिक्कतें

# बाढ़ ने जख्मी कर दिए संपर्क मार्ग, मुसीबतें अभी भीं बरकरार



स्टेट हाईवे पर चल रहा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार



मिर्जापुर क्षेत्र में बाढ़ के चलते कटा इस्लामनगर मस्जिद नगला मार्ग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

- हजारों बीघा धान, उर्द , तिली बाजरा आदि की फसल चौपट सदमे में किसान

**अमृत विचार:** मिर्जापुर में गंगा व रामगंगा की बाढ़ तो फिलहाल थम गई है लेकिन बाढ़ ने क्षेत्र के कई संपर्क मार्गों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं स्टेट हाईवे पर अभी भी बाढ़ का पानी चल रहा है।

मिर्जापुर में गंगा व रामगंगा की बाढ़ ने बीते दिनों अपना रौद्र रूप दिखाया था। कई गांव टापू बन गए थे। फिलहाल बाढ़ का पानी उतर जाने ग्रामीणों में राहत है लेकिन बाढ़ की चोट से आम आदमी कराह रहा है। हजारों बीघा धान, उर्द , तिली , बाजरा आदि की फसल चौपट हो जाने से किसान सदमे में हैं। वहीं बाढ़ ने सड़कों को भी गहरे जख्म दिए हैं। चौरा, नगला, बसोला मार्ग कट गया है। शमशाबाद-जलालाबाद स्टेट हाईवे भी बाढ़ की तेज धार को नही सह सका और कट गया है। इस्लामनगर से मस्जिदनगला जाने वाला मार्ग भी कट गया है। पैलानी मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। वही रामगंगा से मौजमपुर मार्ग , पहरूआ मार्ग तथा कुनिया मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुए है। गंगा की बाढ़ थम जाने के बाद भी जलालाबाद-शमशाबाद स्टेट हाईवे पर बाढ़ का पानी चल रहा है।

## पारिवारिक कलह में युवक ने फंदे पर लटककर दे दी जान

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के गांव चांदापुर निवासी राघवेंद्र(25) शनिवार की शाम पांच बजे घर से निकला था। वह रात दस बजे तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों को चिंता हुई। बिजनेस परिवार वालों के साथ बेटे की तलाश में रात साढ़े दस बजे निकले। परिवार वालों ने देखा कि गांव के बाहर राघवेंद्र का शव एक पेड़ से रस्सी से लटका हुआ है और उसकी चप्पलें पेड़ के नीचे पड़ी थी। पुलिस को सूचना दी गई। एसओ रोहित सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को पेड़ से उतरवाया। पुलिस ने परिवार वालों से जानकारी की। बताते है कि पारिवारिक कलह को लेकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। वह नोएडा में प्राइवेट फर्म में काम करता था। एक सप्ताह पूर्व घर आया था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। उसकी पत्नी का नाम सोनी और एक बेटी है।

## सार-संक्षेप

### जबरन ई रिक्शा पर बैठा ली महिला , स्टेशन रोड पर कूदी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र की एक महिला पति के साथ रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर पीलीभीत जाने के लिए रविवार की सुबह साढ़े पांच बजे खड़ी थी। पति चाय लेने एक जगह पर उसे खड़ा कर चला गया। इसी बीच एक ई-रिक्शा चालक उसके पास आया और कहा कि तुम्हारे पति वहां खड़े है, तुम्हे बुलाया है। उसने महिला को जबरन ई-रिक्शा पर बैठा लिया और अशफाकनगर चौराहे की तरफ लेकर चल दिया। महिला को कुछ शक हुआ तो पूछा कि पति कहां है। चालक बोला, चुपचाप बैठे रहो। जिस पर वह थाने से पहले स्टेशन रोड पर चलते ई-रिक्शा से कूद गई और चिल्लाने लगी। डायल 112 के सिपाहियों ने आरोपी को पकड़ लिया। चालक को पुलिस चौकी अशफाकनगर के सुपुर्द कर दिया। इधर उसका पति चौकी पर आ गया। चालक के परिवार वाले भी पहुंच गए। हालांकि दोनों पक्षों में वार्ता के बाद समझौता हो गया। मोहल्ला गदियाना निवासी चालक शराब के नशे में था। पुलिस चौकी अशफाकनगर प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि महिला के पति ने कार्रवाई से मना कर दिया और दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### सीतापुर की थी ट्रेन से कटी महिला, बेटी ने की शिनाख्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ट्रेन से कटकर मरी महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। बेटी ने बैग और डायरी से शिनाख्त की है। शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन पार करते समय बरेली से लखनऊ की ओर जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस से महिला और एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। दोनों साधू थे। सीतापुर के महोली के गांव ककरिया निवासी रजनी देवी परिजनों के साथ रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। उसने बैग और डायरी देखकर शव की शिनाख्त मां के रूप में की। बताया कि उसकी मां के बैग में मोबाइल था। जीआरपी ने मोबाइल से नंबर निकालकर सूचना दी। उसका मां का नाम चंदना देवी(60) है। वह साधू बन गई थी। उसकी मां मंगलवार को निकली थी। शुक्रवार को मोबाइल पर बात हुई तो उन्होंने कहा था कि शनिवार दोपहर तक घर आ जाएंगे। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि पुरुष के शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** शनिवार को हादसे में घायल हुए गांव सकरापुर निवासी जीशान अली ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जीशान शनिवार दोपहर अपनी बाइक से किसी काम से पुवायां जा रहा था। बितौनी और करनापुर के बीच पहुंचने पर अचानक दो छुट्टा पशु एकदम सड़क की तरफ भाग खड़े हुए और जीशान की बाइक छुट्टा पशुओं से टकरा गई थी। जिससे वह गिर गया, इसी दौरान खुटार की तरफ से बुलेट पर आ रहे दो युवक बाइक कंट्रोल नहीं कर पाए और जीशान के ऊपर से बाइक निकाल दी। घायल को सीएचसी भेजा गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान देर शाम उसने दम तोड़ दिया। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है। सूचना मिलने पर दरोगा यतेंद्र पाल को पंचायत नामा भरने के लिए भेज दिया गया है।

### विवाहिता की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**जलालाबाद, अमृत विचार :** आजाद नगर में शनिवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से झुलसने के मामले में पुलिस ने पति विकेश, सास पुरेना देवी समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपी फरार है। मामले में हरदोई के थाना हरिपालपुर विजय ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन राधा को उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। बच्चे न होने के ताने भी मारते थे और आए दिन जान से मार देने की धमकी भी देते थे। पुलिस ने भाई विजय की तहरीर पर पति वीकेश, सास पूर्णा देवी, जेठ दिनेश व मुकेश, जेठानी शीलू व सोनी सहित ममेरे भाई ग्रीश गुप्ता के बेटा गोपाल बाबू गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी फरार हैं।

### 30 तक बढ़ी इग्नू में प्रवेश व पुनःपंजीयन की तिथि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा आदि विभिन्न पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश व अगली कक्षा में पुन :पंजीयन तिथि 20 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दी गई है ।एसएस कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर प्रभात शुक्ल ने बताया कि आवेदन तिथि विलंब शुल्क के साथ 30 सितंबर तक बढ़ाई गई है। कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर घर बैठे प्रवेश ले सकते हैं। प्रो . शुक्ल ने बताया कि अध्ययन केंद्र पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के अंतर्गत कई रोजगार परक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से मुख्य रूप से बीए, बीकॉम, एमए हिंदी, अंग्रेजी, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि कार्यक्रम संचालित हैं। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्नातक स्तर पर प्रवेश नि :शुल्क है।

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

## धरपकड़ अभियान में नौ वारंटी गिरफ्तार

**पुवायां/ कांट, अमृत विचार :** एसपी राजेश एस के निर्देश पर धरपकड़ अभियान में पुवायां पुलिस ने सात और कांट पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान के नेतृत्व में रविवार को अलग अलग स्थान पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने मोहल्ला कुरगंजा निवासी सुमन पुत्र बाबूराम, गांव पकड़िया हकीम निवासी छत्रपाल पुत्र बंशीलाल जाटव, गांव समुलिया निवासी बब्लू पुत्र रामप्रसाद, शिवकुमार पुत्र रामप्रसाद ,कटका निवासी रामकिशोर पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ छंगाराम, गांव सुनारा बुजुर्ग निवासी बाबूराम पुत्र ख्यालीराम, गांव झबरिया गौटिया निवासी लालाराम पुत्र भिखारी को गिरफ्तार कर लिया। कांट। थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी में दिलावरपुर निवासी महावीर पुत्र सुखपाल, गांव सरैया प्रेमराज निवासी सर्वेश पुत्र ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधाएं
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
ओ.सी.टी.मशीन से रेटिना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सेक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 1 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# सिलेंडर से लगी आग, नगदी और सामान राख

## चाय बनाने के दौरान हुई घटना, सब्जी विक्रेता झुलसा, अन्य सदस्य बाल-बाल बचे



आग से जला घरेलू सामान। • अमृत विचार



घटना की जानकारी लेते लेखपाल अतुलेंद्र सिंह। • अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर पाया काबू

**अमृत विचारः** गांव नवदिया ओरीलाल में रविवार सुबह 11 बजे सब्जी विक्रेता के घर सिलेंडर से आग लग गई।

क्षेत्र के गांव नवदिया ओरीलाल के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करते हैं। जिससे परिवार का पालन पोषण हो पाता है। उनके घर में पत्नी सुनीता देवी, पुत्र संतोष कुमार, बहू वीरमती, पोती सेजल(4), पोता हर्षित(2) और पुत्र प्रेम शंकर, बहू राम देवी, गौरी(4), रागिनी(3) है। सभी परिवार के सदस्य टीन शेड और झोपड़ी में रहते है। राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उसके सिलेंडर में गैस खत्म हो गई थी। रविवार सुबह लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी गैस एजेंसी से सिलेंडर की गाड़ी खुटार के गांव हरनाई आई थी। इसके बाद वह खाली सिलेंडर लेकर गांव पहुंचा। जहां बिना चेक किए कर्मचारियों ने भरा सिलेंडर दे दिया। जिसे वह लेकर घर चला आया। पत्नी सुनीता देवी से चाय बनाने के लिए कहा। रविवार सुबह करीब 11 बजे चाय बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। परिवार के लोग जान बचाने को भाग खड़े हुए। इस बीच आग ने झोपड़ी को चपेट में ले लिया। तेज लपटें व धुआं निकलता देख लोग मौके पर पहुंच गए। राजेंद्र प्रसाद के साथ ही गांव के लोग आग बुझाने लगे। लेकिन घरेलू सामान, नगदी बचाने में राजेंद्र आग की चपेट में आने से झुलस गया। आग से पांच क्विंटल गेहूं, तीन क्विंटल धान, चार कट्टे आलू, चार कट्टे लहसुन के बोरे, बेड, चार चारपाई, बिस्तर, जरूरी दस्तावेज सहित 70 नगद जलकर राख हो गया है। करीब सवा डेढ़ लाख का नुकसान पहुंचा है। परिजनों और गांव के लोगों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

> अग्नि पीड़ित के घर पहुंच कर आग से हुए नुकसान की जानकारी की गई है। मुआवजे के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे पीड़ित को मुआवजा मिल सके। - अतुलेंद्र सिंह, लेखपाल

### जांच करने पहुंचे लेखलाल और गैस एजेंसी कर्मचारी

राजेंद्र प्रसाद के घर में गैस सिलेंडर से आग लगने के बाद रविवार दोपहर में लेखपाल अतुलेंद्र सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में जानकारी ली। लेखपाल ने नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। कस्बा मैलानी गैस एजेंसी से कर्मचारी पहुंचे। कर्मचारियों ने पीड़ित को एजेंसी पर बुलाया है।

### नगदी जल गई...अब कैसे करेंगे व्यापार

गांव नवदिया ओरीलाल में गैस सिलेंडर से आग लगने से राजेंद्र प्रसाद का काफी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि सब्जी के एक व्यापारी से सब्जी उधार में ली थी। उसका करीब 70 हजार रुपये देना था। आग से 70 हजार की नगदी जलकर राख हो गई। अब रुपये कैसे वापस कर पाएंगे।

## बैंकों में व्यापारियों का उत्पीड़न, डीएम से करेंगे वार्ता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक रविवार को जलालनगर स्थित इंतजार अली के प्रतिष्ठान पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार व पिछले सप्ताह मथुरा के वृंदावन में हुई प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में तय की गई रणनीति बताई गई। इस दौरान बैंकों में हो रहे व्यापारियों के उत्पीड़न, नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स बकाया पर ब्याज को लेकर समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता को समस्याएं बताते हुए व्यापारियों ने कहा कि बैंकों में अनावश्यक रूप से तरह-तरह के चार्ज के नाम पर पैसे काटे जा रहे हैं। संबंधित अधिकारी आरबीआई का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जिला अध्यक्ष सुमित्रा गुप्ता ने कहा कि जल्द इसे लेकर व्यापारियों का शिष्टमंडल ज़िला अधिकारी से वार्ता करेगा। महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि बैंकों द्वारा किया जा रहा कृत्य निंदनीय है। बताया कि अक्टूबर माह तक महानगर में सभी इकाइयों का गठन कर दिया जाएगा। संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता, महानगर कोषाध्यक्ष सुमित पुरी, महानगर उपाध्यक्ष आबिद हसन खान, मोहम्मद रफी, नरेंद्र शुक्ला, मोहनिस खान आदि शामिल रहे।

## समस्याओं का निस्तारण कराना संगठन का उद्देश्य

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव नागरपाल में रविवार को अखिल भारतीय सवर्ण महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला ने बताया कि सवर्ण समाज को संगठित कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर महादेव बाबा ने कहा कि आरक्षण देश को खोखला कर रहा है। पश्चिमी सभ्यता हावी होने से युवा पीढ़ी संस्कार विहीन होती जा रही है। संत आशुतोष बरम महाराज ने भी संबोधन दिया। मंच का संचालन निखिल शुक्ला जिलाध्यक्ष ने किया गया। जिला उपाध्यक्ष विनय अग्निहोत्री की ओर से हुए कार्यक्रम में धर्मेंद्र पांडे, अरुण सिंह, रोहित सिंह, सुधांशु सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, मनोज अग्निहोत्री, अरविंद अग्निहोत्री,विश्वदत दीक्षित, राम मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## रंजिशन युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा के गांव जमालपुर निवासी प्रदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की शाम आठ बजे गांव के अतुल, सचिन, रामरतन उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वरुण अर्जुन के शिविर में बांटे गए एमआरआई के डिस्काउंट कूपन



शिविर में जांच करते चिकित्सक। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र निकट फल मंडी नखासे के सामने मीरानपुर कटरा में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया।

रविवार को लगे कैंप में मरीजों की निःशुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। मरीजों को परामर्श व दवाइयां निःशुल्क दी गई। जांचें, सीटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि माह के चौथे रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर लगता रहेगा। इस दौरान हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं जैसे रीढ़ का दर्द, जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज के विषय में बताया गया। अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा की जानकारी दी गई। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण-सर्जरी की चिकित्सीय टीम डॉ. आदिल एवं डॉ. शाकुल के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार मौजूद रहे।

## जलाकर मारने का किया प्रयास, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई जिले के थाना बिलग्राम के गांव रफायतगंज निवासी विजय ने जलालाबाद थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी बहन राधा की शादी दो साल पहले विकेश निवासी आजादनगर थाना जलालाबाद के साथ की थी। दहेज को लेकर बहन को ससुराली जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि 21 सितंबर की सुबह नौ बजे बहन को डीजल डालकर जलाकर मारने का प्रयास किया। उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दुकान में नकब लगा तीन लाख की नगदी ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चोरों ने काट दिए थे सीसीटीवी कैमरे के तार
- एक दिन पहले शिक्षक के घर हुई थी चोरी



चोरों द्वारा लगाई गई नकब।

**अमृत विचारः** चौक कोतवाली पुलिस शिक्षक के घर की चोरी का खुलासा नहीं कर पाई कि चोरों ने केरूगंज में एक बेसन की थोक दुकान को निशाना बना लिया। चोरों ने दुकान में नकब लगा अलमारी का लॉक तोड़ दिया और तीन लाख रुपये चुराकर ले गए। सीओ सिटी ने दुकान का मौका मुआयना किया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी कैलाश गुप्ता की केरूगंज गल्ला मंडी में बेसन की थोक की दुकान है। दुकान के पीछे खाली प्लाट है। उन्होंने शनिवार की रात आठ बजे दुकान बंद कर दी और घर चले गए। रात किसी समय दुकान के पिछले हिस्से में नकब लगा दुकान में घुसे चोर अलमारी का लॉक तोड़ तीन लाख रुपये चुराकर ले गए। कैलाश गुप्ता रविवार की सुबह दस बजे दुकान खोलने के लिए गए। उन्होंने दुकान खोली तो देखा कि दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अलमारी में रखे तीन लाख रुपये गायब थे। चोरों ने सीसीटीवी के कैमरे तार काट दिए थे। उन्होंने चौक कोतवाली पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मौके पर पहुंचे और दुकान मालिक से जानकारी की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चोरी की सूचना दी। सीओ सिटी सौम्या पांडे ने भी मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिल गयी और रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा चोरी का शीघ्र खुलासा होगा।

# महिलाओं में अधिक दिखाई दी साक्षर बनने की ललक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिले भर में 873 पुरुषों और 1737 महिलाओं ने दी नवसाक्षरता परीक्षा
- बीएसए और सभी बीईओ ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर बढ़ाया परीक्षार्थियों का हौसला



नगर क्षेत्र के रोटी गोदाम स्कूल में साक्षरता परीक्षा का निरीक्षण करते बीईओ मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिला स्तर पर नवसाक्षर परीक्षा का आयोजन किया गया। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक चली परीक्षा में कुल 2610 महिला-पुरुष शामिल हुए। परीक्षा के लिए सभी के लिए दो-दो घंटे का समय निर्धारित किया गया था। महिलाओं और पुरुषों से संख्या ज्ञान और अक्षर ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। महिलाओं में साक्षर बनने की ललक अधिक दिखाई दी।

बेसिक शिक्षा विभाग के साक्षरता प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि नवसाक्षर परीक्षा 417 केंद्रों पर कराई गई। यह वही केंद्र थे, जहां से महिलाओं और पुरुषों ने पंजीकरण कराया था। उनकी सुविधा के लिए ही गांव के ही परिषदीय स्कूलों को केंद्र बना दिया गया था। महिलाओं और पुरुषों को उनकी सुविधानुसार परीक्षा में शामिल होने की छूट दी गई थी, ताकि किसी के कामकाज भी प्रभावित न हों। परीक्षा में कुल 2610 महिलाएं-पुरुष शामिल हुए, जिनमें 873 पुरुष और 1737 महिलाएं थीं। यानि पुरुषों के सापेक्ष लगभग दो गुनी महिलाओं ने साक्षर बनने का उत्साह दिखाया और परीक्षा में शामिल भी हुईं। बीएसए दिव्या गुप्ता, बीईओ मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य समेत सभी विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों ने केंद्रों पर जाकर सभी का उत्साहवर्धन किया। नवसाक्षर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों से कराया जाएगा।

### सप्ताह में चार दिन पढ़ाने गांव-गांव जाते हैं वालंटियर

योजनांतर्गत निरक्षर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को साक्षर बनाने के लिए उन्हें चयनित वालंटियर सप्ताह में चार दिन पढ़ाने गांव-गांव जाते हैं। उन्हें संख्या ज्ञान और अक्षर ज्ञान कराया जाता है। बाद में परीक्षा के माध्यम से उनकी योग्यता का आंकलन किया जाता है।

## एक नजर

### शिकायत का गलत निस्तारण करने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट के गांव कमलनयनपुर निवासी भानुप्रताप अवस्थी ने एक प्राइवेट स्कूल के खिलाफ 28 जून को ऑनलाइन शिकायत की थी। आरोप है कि शिकायत गलत तरीके से निस्तारित की गई। उन्होंने दोबारा मामले की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि खेत किनारे बच्चे शिक्षा लेते हैं, लेकिन आज तक किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी स्कूल में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। बच्चों को छोटे-छोटे कमरे में बैठाया जाता है। जहां हवा आती है और न ही रोशनी। विद्यालय के इस हालात पर जब खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि मेरे पास दो ब्लॉक क्षेत्र का चार्ज है। मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत पर क्या कार्रवाई की, मुझे देखना पड़ेगा। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खत्री धर्मशाला में हुई विहिप की बैठक

शाहजहांपुर, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर में शनिवार को अटल बिहारी वाजपेई सभागार में होने वाली सामाजिक समरसता गोष्ठी की योजना बैठक खत्री धर्मशाला चौक में हुई। संचालन महानगर मंत्री अशनील सिंह ने किया। प्रांत मंत्री विहिप अनुज कुमार सिंह ने सामाजिक समरसता गोष्ठी की योजना रचना बनवाई, प्रांत मंत्री ने कहा कि विहिप स्थापना से लगातार संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर सामाजिक समरसता का कार्य कर रहा है। शाहजहांपुर में होने वाली सामाजिक समरसता गोष्ठी में विहिप के अखिल भारतीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे उपस्थित रहेंगे। महानगर कोर कमेटी की बैठक में महानगर कार्यकारिणी, विभाग के कार्यकर्ता रहे।

### मजदूर आज मनाएंगे काला दिवस

शाहजहांपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आवाहन पर सोमवार को राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया जाएगा। मजदूरों का उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार द्वारा देश के सबसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान रक्षा कारखाने को पूंजी पतियों के हाथ बेचा जा रहा है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की ज्यादातर सुविधा समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सोमवार को दिन में 11 बजे निगोही रोड पर स्थित कार्यालय पर मजदूर उपस्थित हो।

### खुटार गोला रोड पर हाईवे का मामला, एनएचआई कर्मचारियों ने पाइपलाइन को उखड़वाकर भरवाई नाली

# हाईवे किनारे बगैर परमिशन डाल दी हर घर जल योजना की लाइन

संवाददाता, खुटार

- लोगों ने की थी अधिकारियों से शिकायत

**अमृत विचार :** हाईवे किनारे बगैर परमिशन हर घर जल योजना की पाइप लाइन डाल दी गई। सूचना पर पहुंचे एनएचआई कर्मचारियों ने पाइप लाइन को उखड़वा दिया और नाली को जेसीबी के जरिये मिट्टी से भरवा दिया।

क्षेत्र के गांव सरेली से सलनहा गांव होते हुए बनकटा गांव के लिए हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। दो दिन पहले पाइप लाइन डालने वाले ठेकेदार ने खुटार गोला हाईवे मार्ग पर हाईवे के किनारे मशीन से गड्ढा खुदवाकर पानी की पाइप लाइन को डलवा दिया था।

लेकिन इसके लिए, राष्ट्रीय राज्य मार्ग विभाग से कोई परमिशन नहीं ली गई थी। जिसकी शिकायत बीते दिनों कुछ लोगों ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग विभाग के अधिकारियों को कंट्रोल रूम पर की थी। जिसके बाद कंट्रोल रूम से इसकी सूचना क्षेत्रीय कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही रविवार को क्षेत्रीय कंट्रोल रूम ऑफिसर संदीप सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने पाइप लाइन डालने वाले कर्मचारियों से राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे पानी की पाइप लाइन डालने की परमिशन मांगी। लेकिन कर्मचारी कोई भी परमिशन नहीं दिखा पाए। इसके बाद उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी दी। कंट्रोल रूम ऑफिसर संदीप सिंह ने पाइपलाइन को उखड़वाकर हाईवे किनारे खोदे गए गड्ढों को ठेकेदार की जेसीबी मशीन बुलाकर तुरंत भरवा दिया। राष्ट्रीय राज्य मार्ग की इस कार्रवाई से ठेकेदारों में हड़कंप मचा है।



खोदी गई पाइपलाइन को जेसीबी से बंद कराते एनएच हाईवे के कर्मचारी।

## बाढ़ से बचाए जाने को डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाया

संवाददाता, रौसर कोठी/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी को बाढ़ से बचाए जाने को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

11 जुलाई को आई बाढ़ के चलते आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी समेत आसपास के कॉलोनियां जलमग्न हो गई थीं। कॉलोनी वासियों का लाखों रुपये का सामान खराब हो गया था। हाल ही में एक सप्ताह पूर्व भी दियूनी बैराज से गर्रा में पानी छोड़े जाने पर दोबारा बाढ़ आने की आशंका व्यक्त करते हुए अलर्ट किया गया था। जिसके चलते लोग परेशान हुए थे। लोग अपना सामान छतों पर चढ़ाकर चले गए थे। वह तो गनीमत रही कि कॉलोनी में पानी नहीं आया। समस्या का स्थायी समाधान हो, इसके लिए कॉलोनी वासियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। शनिवार की रात लोगों ने एक रजिस्टर में डोर टू डोर जाकर नाम, मोबाइल नंबर अंकित कर हस्ताक्षर कराए। अगले सप्ताह एक बैठक कर शासन प्रशासन से कॉलोनी में बाढ़ की समस्या से निजात दिलाए जाने की रूपरेखा तय की जाएगी। कॉलोनी के उज्जवल शर्मा, ओमवीर सिंह, कुलदीप सिंह, पवन गुप्ता, अभिनव तिवारी, संजीव कुमार, ज्ञानेंद्र यादव आदि ने बाढ़ की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# आय दोगुनी करने वाला और कुदरती गुणों से भरपूर है श्री अन्न

## जनपद स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला में वित्त मंत्री खन्ना का संबोधन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्टॉल लगाकर दी गई उत्पादन बढ़ाने और बीजों की जानकारी
- गन्ना शोध परिषद में नवीन कृषि यंत्रों का किया गया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय श्री अन्न (मिलेट्स) कार्यशाला व खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि श्री अन्न (मिलेट्स) किसानों की आय दोगुनी करने वाला और कुदरती गुणों से भरपूर है। यह कम लागत में ज्यादा पैदावार देने वाली फसल है। इससे कई तरह की बीमारियों में भी राहत मिलती है।

उप निदेशक कृषि कार्यालय की ओर से रविवार को गन्ना शोध परिषद में श्री अन्न पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मोटे अनाज में खाद-पानी कम लगने के साथ-साथ लागत कम आती है। यह आय दोगुनी करने में सहायक है। पहले गेहूं की रोटी घर में अपने खाने के लिए बनती थी और मेहमानों के आने पर बाजरा, मक्के की रोटी बनाकर खिलाई जाती थी। बाद में लोग इसको भूल गए। अब कृषि विभाग की ओर से मिलेट्स कार्यशाला आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि उत्पादन में जिला अव्वल है। इस वर्ष आंकडा दिया गया है कि 38.24 क्विंटल औसत उपज हुई है। पूरे प्रदेश में धान की पैदावार में जनपद का पहला स्थान है। तमाम देश दुनिया में मोटा अनाज बेचते हैं। इस बार हिन्दुस्तान ने भी मोटे अनाज का निर्यात विदेशों में किया है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उसमें 15 फीसदी हिस्सेदारी किसानों की है।

हम चाहते हैं कि किसान ज्वार पैदा करें और बहुत अच्छा फायदा लें। उन्होंने कहा कि गेंहू-चावल का ज्यादा उपयोग करेंगे तो डॉक्टर के पास ज्यादा जाना होगा इसलिए मोटे अनाज का उपयोग ज्यादा करें। जब कृषि अच्छी होगी तो आय दोगुनी होगी। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, खुटार ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने मंत्री व सांसद को स्टॉलों पर ले जाकर उत्पाद और बीजों के विषय में विस्तार से बताया।



वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना को मिलेट्स उत्पादों की जानकारी देते उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह व मौजूद अन्य लोग। ● अमृत विचार



गन्ना शोध परिषद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### मिलेट्स से बनी रंगोली को मिली सराहना

कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता के निर्देशन में स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया। मिलेट्स से बनाई गई रंगोली को सभी अतिथियों ने देखा और सराहा। वित्त मंत्री ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि किताबों के साथ-साथ बच्चों को उत्तम गुणवत्ता की शिक्षा भी दें। अगर विद्यालय में बच्चों का शैक्षणिक स्तर उच्च होगा तो पाठ्य सहगामी क्रियाओं का स्तर स्वत: उच्च हो जाएगा। एसआरजी अरुण कुमार गुप्ता ने मोटे अनाज पर सांप-सीढ़ी के खेल विकास किया। मुख्य विकास अधिकारी ने मिलेटस पर आधारित सांप- सीढ़ी का डेमो किया गया। पोषण और मिलेट्स आधारित रंगोली और टीएलएम की प्रशंसा अतिथियों की ओर से की गई। प्रारंभिक कक्षाओं के लिए विकसित हिंदी और गणित की शिक्षण सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य, जिला कृषि अधिकारी समेत समस्त अधिकारियों ने बेसिक शिक्षा के विभाग के स्टाफ की सराहना की। स्टॉल लगाने में राकेश रोशन, पल्लवी, ममता शुक्ला, अमिता शुक्ला, राफिया इरम, मंजू, नीतू, लक्ष्मी, लक्ष्मी खंडेलवाल, प्रवेश दिवाकर, तहसीन, सीमा शर्मा, गौरव शर्मा, सर्वेश सिंह आलोक दुबे, रोली गुप्ता, रजनी झा, अशवनी कुमार अवस्थी का योगदान रहा।

### 52 किसानों को सौंपी गई ट्रैक्टर व उपकरणों की चाबी

वित्त मंत्री ने 13 एफपीओ व उनके सदस्यों को कुल 52 ट्रैक्टर व कृषि यंत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में लगातार कार्य करने वाले डीडी कृषि सहित पूरा कृषि विभाग बधाई का पात्र है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने किसानों का स्वागत करते हुए कृषि क्षेत्र में यूरिया, डीएपी की किसानों तक पहुंच और कृषि से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया गया। सांसद अरुण सागर ने किसानों व अतिथियों का स्वागत करते हुए मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्साह भरा। उप कृषि निदेशक ने मिलेट्स की खेती के साथ-साथ मक्के की खेती के लिए प्रेरित किया व पराली जलाने से होने वाली मृदा क्षति के बारे में बताकर पराली न जलाने की अपील की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वरुण सिंह, जिला सहकारी बैंक के जीएम सौरभ द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर, केवीके के प्रभारी डॉ. एनसी त्रिपाठी, डॉ.पीके कपिल, डॉ. एसए रिजवी, प्रदीप शुक्ला, डॉ. आरडी तिवारी, डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. अरुण कुमार सिंह आदि रहे।



## सार-संक्षेप

### जिले के कब-बुलबुल ने प्रदेश में बढ़ाया मान



शाहजहांपुर, अमृत विचार : भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में कौशल विकास कैंपस लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सर्वोत्तम कैडेट रैली एवं बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह और संगठन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया। जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर ने बताया कि प्रादेशिक सर्वोत्तम कैडेट रैली में प्रदेश में कब प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय अटसलिया के आयुष कुमार और अभ्यास कुमार को प्रथम स्थान मिला। बुलबुल प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय अटसलिया 5000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। डीआईओएस हरिवंश कुमार और बीएसए दिव्या गुप्ता के निर्देशन में टीम इंचार्ज निकहत परवीन] सुखमीत कौर आदि का योगदान रहा।

### वरुण अर्जुन के शिविर में बांटी नि:शुल्क दवाई



शाहजहांपुर, अमृत विचार : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को मदनापुर क्षेत्र के ग्राम रमपुरिया न्यूरिया में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 515 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 25 में मोतियाबिंद मिला, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में किया जाएगा। 210 की ब्लड शुगर व लगभग 295 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 498 मरीजों को दवाइयां भी दी गई। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक कर स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। शिविर में समाज सेवक दिनेश शर्मा, संजीव शर्मा, सुभाष मिश्रा, धर्मेंद्र पाठक आदि का योगदान रहा। मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेश, डॉ. निधि, डॉ. मयंक, डॉ. ऋषभ, डॉ. शुभांगी सिंह एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा तथा पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी गई कृषि तकनीक की जानकारी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया का प्रथम वार्षिक आमसभा आयोजन ब्लॉक सभागार कांट में हुआ। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला व भाजपा नेता राजकमल बाजपेयी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एग्री कांट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की अध्यक्ष स्वाति मिश्रा और सचिव शीतल मिश्रा ने आम सभा में किसानों को फंड एवं कृषि संबंधी सुविधाएं देने पर चर्चा की। आधुनिक कृषि से जुड़ी हुई तकनीक के बारे में भी बताया गया। इस दौरान ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया के जिला प्रभारी अरविंद सिंह, पवन सिंह, सीईओ वीर सिंह, अरविंद कुमार, श्याम, बृजपाल सिंह, हरि मोहन मिश्रा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गाजे-बाजे के साथ हुआ सुंदरकांड का पाठ

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव रेहरिया मे शिव मंदिर में गाजे-बाजे के साथ सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। रविवार को एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ आरंभ करने से पहले संकट मोचन हनुमान के जयकारे एवं दरबार का आरती पूजन किया। बाबा की लीलाओं का वर्णन किया गया। इस अवसर पर नगर बिलसंडा से आए श्री सुंदरकांड पाठ सेवा समूह के अध्यक्ष राजेश मिश्रा( राजू), सचिन मिश्रा, रजनीश मिश्रा, दिनेश अवस्थी, राजीव त्रिवेदी, भोलानाथ जयसवाल अरविंद शुक्ला, आदि शामिल रहे। व्यवस्थापक संजीव मिश्रा, अंशुल मिश्रा, अतुल मिश्रा, रजनीश पाण्डेय, देवदत्त मिश्रा, रघुवंश शर्मा, अच्युतम शर्मा, दीपक, वैभव, हर्षित, रामदेव समेत कई भक्त मौजूद रहे। पाठ संपन्न होने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## नगर की समस्याओं को लेकर एसडीएम ने की बैठक

संवाददाता, तिलहर

- व्यापारियों की समस्याओं को सुन निस्तारण का दिया आश्वासन

**अमृत विचार:** नगर में जाम, बिजली के जर्जर तारों, स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर एसडीएम जीत सिंह व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

रविवार को ब्लॉक सभागार में व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता रिंकू ने कहा कि बाईपास चौराहे के निकट हाईवे पर दोनों तरफ लगी मास्टर लाइट इन आज तक नहीं जली, जिस कारण वहां हादसे हो रहे हैं। व्यापारी चांद अंसारी ने कहा कि एस्टीमेट कई वर्षों पहले पास होने के बावजूद पीरगैब तालाब का सौंदर्यीकरण आज तक नहीं हुआ। पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान एवं परास्नातक कक्षाएं शुरू कराई जाएं। एसडीएम जीत सिंह राय ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकान के बाहर सामान ना रखें, जिससे रोड से निकलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को टूटी सड़कों एवं नालियों का जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ईओ कल्पना शर्मा, एसडीओ सौरभ शाक्य, डॉ. ओमेंद्र राठौर, डॉ. प्रवीण त्यागी, विनोद सेठी विक्की, ओम प्रकाश साहू, सुनील, पप्पू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## केमिस्ट एसोसिएशन: विकास बने अध्यक्ष, सुधीर महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- त्रैवार्षिक अधिवेशन में हुआ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का पुनर्गठन

**अमृत विचार:** रविवार को केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का त्रैवार्षिक अधिवेशन शहर के एक होटल में हुआ। इस अवसर पर संगठनात्मक चयन/निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत जिला इकाई का पुनर्गठन भी किया गया। नव गठित इकाई में विकास गुप्ता को अध्यक्ष और सुधीर कुमार सिंह को लगातार दूसरे वर्ष सर्वसम्मति से महामंत्री नियुक्त किया गया।

प्रदेश से आए पर्यवेक्षक मनोज खंडूजा, रितेश मोहन गुप्ता और चुनाव अधिकारी संजय गुप्ता की देखरेख में कार्यकारणी सदस्यों के मध्य आम सहमति से इकाई के पुनर्गठन पर विचार किया गया। अध्यक्ष पद ने विकास गुप्ता के नाम का प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके उपरांत महामंत्री पद के लिए एक बार फिर सुधीर कुमार सिंह के नाम पर मोहर लगाई गई। वहीं, अच्युत प्रकाश शुक्ला को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। दोनों पर्यवेक्षकों और चुनाव अधिकारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देकर पहले से अधिक निष्ठा और ईमानदारी से संगठनहित में कार्य करने का संदेश दिया।

दवा व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गोविंद मोहन वर्मा, मोहम्मद कलीम, राहुल कुमार सिंह, अंशुल अग्रवाल, अतुल दीक्षित, आशल्य मिश्रा, अनिल सेठी, नवीन गुप्ता, सुशील गुप्ता, संजय गुप्ता, कुलदीप दीक्षित, मोहम्मद नबी, संजय गुप्ता, विशाल गुप्ता, अनूप मल्होत्रा, मनीष धवन, प्रशांत वर्मा, संजीव कुमार, प्रेम सेठी, मनीष खन्ना, सोहेल खां आदि दवा व्यापारी मौजूद रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते दवा व्यापारी।

### जिला इकाई को नया आयाम दिलाने का किया जाएगा प्रयास

अध्यक्ष विकास गुप्ता और महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में दवा व्यापारियों के सहयोग से केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई को एक नया आयाम दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## शहीदों की प्रतिमाओं पर चलाया गया सफाई अभियान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बाल कल्याण समिति के सदस्य के नेतृत्व में रविवार को टाउन हॉल में स्थापित शहीदों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। नेहरू युवा केंद्र माय भारत एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू युवा मंडल समिति मोहम्मदपुर आजमाबाद के द्वारा आयोजित सफाई अभियान में बाल कल्याण समिति के सदस्य अरविंद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गांधी भवन, नगर निगम कार्यालय परिसर एवं शहीद प्रतिमा स्थल आदि पर सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता के प्रति हस्ताक्षर अभियान एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान विषय के तहत गोष्ठी हुई। इस दौरान शिवनंदन सागर, अभिनव कश्यप, अवधेश दीक्षित, राजेश कश्यप, विनय सक्सेना, हिमांशु, युवा मंडल पदाधिकारी सुमित कुमार, अनुभव मिश्रा, सचिन मिश्रा, पुनीत कुमार मिश्रा ,प्रशांत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अग्रसेन महोत्सव:बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित महोत्सव में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में मना महाराजा अग्रसेन स्मृति महोत्सव

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन स्मृति महोत्सव की श्रृंखला में रविवार को द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

जय भारत संस्था के बैनर तले हुए आयोजन में गुरु नानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल की टीम ने बेटी बचाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन पर प्रथम स्थान पाया। श्रद्धा नहीं सम्मान चाहिए थीम पर शानदार प्रस्तुति देकर आकांक्षा स्कूल ने द्वितीय स्थान पाया। जबकि आर्य महिला इंटर कॉलेज एवं वीडीएफ कांवेंट ने संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मसूरी इंटरनेशनल स्कूल, आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज, डॉ. एम लाल मेमोरियल स्कूल एवं कृष्णा एकेडमी को सांत्वना पुरस्कार मिला। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने फेस पर अशोक की लाट, तिरंगा, भारत का नक्शा, कमल, मोर, शेर आदि अंकित कर वाहवाही लूटी।

महिला शाखा अध्यक्ष ललिता यादव ने आभार व्यक्त किया। संस्थाध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में चले कार्यक्रम में सोहेल सन्यासी, डॉ. मयंक भूषण पांडेय, शोभित अग्रवाल, अर्चना, रहमान, आयुष अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, हरिहर पांडेय, राहुल श्रीवास्तव, अनुज मिश्रा, शिवा वैश्य, एकता सक्सेना, ममता सेठ, दिग्विजय सिंह, अभिनव दयाल आदि मौजूद रहे।

## वित्त मंत्री ने किया टीवीएस शोरूम का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ पर नैनीताल ढाबे के पास महानगर टीवीएस शो रूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को फीता काटकर किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि महानगर में इस तरह के शो रूम की आवश्यकता बहुत पहले से थी। अब यह शो रूम खुलने से लोग आसानी से पसंदीदा वाहन उचित दाम पर खरीद सकते हैं। उन्होंने शो रूम के स्वामी सूर्यांश कुशवाहा और नरेंद्र कुशवाहा को बधाई दी। मेयर अर्चना वर्मा, तिलहर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, जोतपुर प्रधान पुत्र अनुरोध यादव सहित मौजूद सभी ने शो रूम स्वामियों को बधाई दी। समारोह की विशिष्ट अतिथि तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, डॉ. राम सिंह कुशवाहा, प्रोपराइटर सूर्यांश कुशवाहा, प्रोपराइटर नरेंद्र सिंह कुशवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख निगोही भानु सिंह, डॉ. आलोक अग्रवाल, हरिमोहन गुप्ता, सौरभ गुप्ता रवि, कमलेश कुमार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, आशुतोष कुमार सिंह आशु, हाजी आरिफ हुसैन पप्पू, प्रदीप गुप्ता, दलसिंह कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा, एडवोकेट सर्वेश कुशवाहा आदि रहे। अंत में डॉक्टर राम सिंह कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



फीता काटकर उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और सांसद व विधायक।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील-मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नशा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# 34 ढहे मकानों व फसल का 71.70 लाख मुआवजा बांटा

## 26 व 27 को बारिश के आसार सितंबर में औसत से अधिक हुई वर्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** सितंबर माह में अब तक औसत से अधिक वर्षा हुई है। पिछले दो दिनो में हुई बारिश के दौरान देहात क्षेत्र में 34 लोगों के मकान ढह गए थे। करीब 52 हेक्टेयर फसल खराब हो गई थी। बारिश की वजह से जिन लोगों के मकान ढह गए और फसलों को नुकसान पहुंचा था। इन आपदा पीड़ितों को प्रशासन की ओर से 71.70 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। इधर कृषि विभाग द्वारा 26 और 27 सितंबर को बारिश होने की संभावना जताई है।

सितंबर माह में 148 मिमी औसत वर्षा होना माना जाता है। परंतु इस माह में 288 मिमी बारिश हो चुकी है। जो कि औसत वर्षा से 140 मिमी अधिक है। पिछले दिनों हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। ग्रामीण सहित नगरीय क्षेत्रों में 34 लोगों के मकान ढह गए थे। करीब 52 हेक्टेयर में खड़ी फसलें भी खराब हो गई थी। जिसका सर्वे कराने के बाद प्रशासन ने आपदा पीड़ित किसानों में करीब 19 लाख रुपये का मुआवजा बांटा है। इसके अलावा बारिश के दौरान मकान ढह जाने से पीड़ित 34 लोगों में 52.70 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। जिसमें एक पीड़ित को मकान बनाने के लिए 1.55 रुपये दिए गए हैं।

**बाढ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को भी मिलेगा मुआवजा**

हाल के दिनों में हुई बारिश से दातागंज तहसील क्षेत्र के करीब 60 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो गई है। साथ ही कई मकान बाढ़ के पानी में समा गए हैं। ऐसे बाढ़ पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा।

> पीड़ित लोगों को 71.70 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। जिसमें 34 लोगों को मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी गई है। जिन किसानों की फसलें खराब हुई हैं। उन्हें भी करीब 19 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पानी कम होने पर सर्वे कराया जाएगा। चिन्हित किए जाने वाले लोगों को मुआवजा राशि दी जाएगी। **-डॉ वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## समायोजित शिक्षकों को सूची का इंतजार

**बदायूं ,अमृत विचारः** समायोजित शिक्षक शासन से आने वाली सूची का इंतजार कर रहे हैं। जिले स्तर पर चिन्हित 193 सर प्लस शिक्षकों की सूची आपत्तियों का निस्तारण कर भेजी जा चुकी है। शासन से सूची आने के बाद स्कूलों का आवंटन किया जाएगा।

जिले में 193 सरप्लस शिक्षकों को जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम और शिक्षक ज्यादा हैं उन्हें वहां से हटाकर ऐसे स्कूलों में भेजा जाएगा जहां पर बच्चे ज्यादा होंगे। शिक्षक व छात्र संख्या का अनुपात देखने के बाद शिक्षकों को समायोजित किया जाएगा। पिछले दिनों शासन से 15 ब्लॉकों से सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी हुई तो इसमें 193 सहायक अध्यापकों को सरप्लस शिक्षकों की श्रेणी में रखा गया था। अब शासन से ही अंतिम सूची जारी होगी। अभी वहीं पर ही आपत्तियों का विश्लेषण किया जा रहा है। उसके बाद अंतिम सूची जारी कर शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सरप्लस शिक्षकों की अंतिम सूची और स्कूल आवंटन स्तर से ही होगा।

## आवारा गोवंश और जंगली सुअर फसलों को कर रहे नष्ट



जंगली सुअर द्वारा नष्ट धान की फसल। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**● क्षेत्र में जंगली सुअर से लोगों में बन गई है दहशत, मंडराने लगा है जान का खतरा**

**अमृत विचारः** आवारा गोवंशों के बाद अब जंगली सुअर आतंक फैला रहे हैं। उनके द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के गांव बन बेहटा, सिरासौल, हरगनपुर, सिद्धपुर चित्रसेन सहित आसपास के गांवों में खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल नष्ट की जा रही है।

पिछले एक पखवाड़े से क्षेत्र में जंगली सुअर खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शाम होते ही सूअरों का झुंड खेतों में आ जाता है। ग्राम बनबेहटा के किसान सत्यवीर शाक्य, श्याम लाल, धनुष पाल, आदि ने बताया कि बाजरा, धान में जंगली सूअर छिपे रहते हैं, जो रात में खेतों में आकर उत्पात मचाते हैं। सुबह होते ही झाड़ियों की तरफ चले जाते हैं। इससे किसान काफी परेशान हैं। सुअर के द्वारा फसल को रौंदने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान रात व शाम को खेतों की सिंचाई करने जाते हैं, जहां उन्हें जंगली सूअर से जान का खतरा बना रहता है। सुअर धान के पौधों से पके हुए दानों को खा जाते हैं। ग्रामीणों ने डीएम से जंगली सुअर को पकड़वाने की मांग की है।

## खेत बेचने का दवाब, मारपीट

**बदायूं,अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ैया शहबाजपुर निवासी रविंद्र बाबू ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विज्ञानानंद स्कूल के पास कृषि योग्य जमीन है। जिसपर वह खेती करते हैं। उनके भाई चिम्मन का खेत शहर के पटियाली सराय निवासी सुमित रस्तोगी ने 10 साल पहले खरीद लिया था। आरोप है कि खेत खरीदने के बाद से सुमित उन्हें बात-बात पर परेशान करते हैं। उनपर खेत बेचने का दवाब बनाते हैं। कई बार फसल को नुकसान पहुंचाया। सुमित अपने साथ परमेश्वरी, प्रदीप को रखते हैं। उन लोगों ने रविंद्र बाबू के खेत पर जाने का रास्ता घेर लिया है। वह मेड़ काट देते हैं। 14 जुलाई मेड़ तोड़ने का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई। एसएसपी को डाक से शिकायत पत्र भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## हेमेंद्र सिंह बने अधिवक्ता एकता संघ के जिलाध्यक्ष

**बिल्सी ,अमृत विचार :** राष्ट्रीय अधिवक्ता एकता संघ के प्रदेशाध्यक्ष उपदेश कुमार ने तहसील क्षेत्र के गांव सिरासौल जसा पट्टी निवासी एवं तहसील बार



एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र कुमार सिंह को संघ का जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। साथ ही जिले में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य को लेकर शीघ्र संगठन का विस्तार करेंगे।

# बाढ़ पीड़ितों के पास नाव से मिलने पहुंचे आंवला सांसद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/उसहैत

**अमृत विचार :** पिछले कुछ दिनों से बारिश न होने की वजह से गंगा का जलस्तर भी कम हो रहा है। जिससे गांवों में भरा पानी कम होने लगा है लेकिन दातागंज और उसहैत क्षेत्र के कुछ गांवों में समस्या बरकरार है। जहां कोई वाहन नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते ग्रामीण नावों से ही इधर-उधर जा रहे हैं। रविवार को आंवला सांसद नीरज मौर्य ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। जहां गाड़ी नहीं पहुंची वहां वह नाव से गए और ग्रामीणों को राहत सामग्री बांटी। शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने उसहैत क्षेत्र के गांवों में जाकर ग्रामीणों का हाल जाना।



बाढ़ प्रभावित गांवों में नाव से जाते आंवला सांसद नीरज मौर्य।

**● शेखूपुर विधायक ने बेघर हुए लोगों को दिया जमीन दिलाने का आश्वासन**

रविवार को आंवला सांसद नीरज मौर्य गाड़ी से सबसे पहले विधानसभा दातागंज क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव लालपुर खादर पहुंचे। जहां ग्रामीणों से बात की। अपने स्तर से राहत सामग्री बांटी। जिसके बाद गांव कुंडरा मझरा, जलेवी नगला, शेरपुर, हर्रामपुर में जाने में परेशानी हुई। इस पर वह नाव पर बैठकर ग्रामीणों तक पहुंचे। ग्रामीणों का हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शेखूपुर विधायक ने गांव बेहटी, भकरी घसनगला, असमया रफतपुर, कमलू नगला, अहमदनगर बछौरा, कोनिका नगला, चेतराम नगला का भ्रमण किया। फसल नष्ट होने से परेशान ग्रामीणों से बात की। चिंह्नित कराकर बेघर हुए लोगों को जमीन दिलाने का आश्वासन दिया। उनके साथ सहदेव यादव, प्रधान बीपी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, प्रधान मुनीश, गिरजपाल, अभिषेक यादव, श्याम सिंह, कल्लू, पंकज यादव, ऋतिक यादव, ताहर सिंह यादव, जय सिंह, श्यामवीर, विपिन यादव आदि साथ रहे।

## सार -संक्षेप

### जमीन को लेकर दो पक्ष में मारपीट, वीडियो वायरल

**ओरछी ,अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सुरेनी पपड़ी जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष में लाठी-डंडे चले। एक पक्ष के युवक को मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गिराकर पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। किसी ने मारपीट का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया है। गांव सुरेनी पापड़ी में 18 सितंबर रात भुल्लन, छिद्दन छत पर सो रहे थे। गांव निवासी दरयाम सिंह प्रमोद, तेजवीर, रविंद्र आए और घर के बाहर आए और जमीन के पुराने विवाद के चलते कहासुनी करने लगे। दोनों पक्ष में विवाद शुरू हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। राजमार्ग पर दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हुआ। जिसमें छिद्दन घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। किसी ने रविवार को मारपीट का वीडियो वायरल किया। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक व्यक्ति का शांतिभंग में चालान किया है।

### व्यापारी से मारपीट के आरोपियों को जेल भेजा

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में बिल्सी मार्ग पर खाद व बीज के व्यापारी विपिन कुमार ने पांच लोगों पर मारपीट और चार लाख रुपये लूट का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच और आरोपियों की तलाश की। दोपहर में बोलेरो सवार पांच आरोपियों को पकड़ लिया। व्यापारी को भी बुलाया। लूट का मामला फर्जी निकला। मामला प्रेम प्रसंग का होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने पांचों आरोपी जिला संभल निवासी राहुल, अखलेश, नीरेश, भूपेंद्र ओर गिरिराज को जेल भेज दिया। झूठी खबर देने वाले व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

### नौ घंटों में पुलिस ने पकड़े 73 वारंटी

**बदायूं, अमृत विचार :** वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार रात 8 बजे से रविवार सुबह 5 बजे तक पुलिस ने अभियान चलाया। तकरीबन नौ घंटों के अभियान में 73 वारंटियों को पकड़ा है। थाना हजरतपुर, उसहैत और उझानी पुलिस ने सात-सात वारंटियों को पकड़ा है जबकि जरीफनगर, मुजरिया और सदर कोतवाली पुलिस एक-एक वारंटी को ही गिरफ्तार कर सकी। वारंटियों को कोर्ट में पेश करने से पहले रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव के पास ले जाया गया।

### शराब के नशे में युवक ने अपनी चाची को पीटा

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव पनौटा में रविवार देर शाम राकेश ने शराब के नशे में लिक्को पत्नी वीरेंद्र को लात घूसों व डंडों से पीटकर घायल कर दिया। महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिला रिश्ते में युवक की चाची लगती है। वीरेंद्र ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वीरेंद्र की ओर से तहरीर दी गई है। आरोपी युवक फरार है। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। मामला दिखवाकर कार्रवाई की जाएगी

### चार कछुआ के साथ पकड़े गए दो लोग, रिपोर्ट दर्ज

**उसहैत, अमृत विचार :** बजरंग दल के पदाधिकारियों ने वन विभाग के अधिकारियों को दो लोगों के पास चार कछुआ होने की जानकारी दी। वन दारोगा हुकुम सिंह और उसहैत थानाध्यक्ष विवेक कुमार मौके पर पहुंचे। सोत नदी के रपटा पुलिस से दो आरोपियों को चार कछुआ के साथ पकड़ा। जिसके पास से बरामद कछुआ को नदी में छोड़ा। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम उसहैत निवासी राजा और रवि कुमार बताया। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो लोगों से कछुआ बरामद हुए थे। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हत्यारोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस, धरना

## गांव करलावाला निवासी आशीष की 16 अप्रैल को हत्या करके रेलवे लाइन पर फेंका था शव

संवाददाता, बिसौली

- पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो कोर्ट के आदेश के बाद पांच लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** लगभग चार महीने पहले कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव कलरावारा निवासी युवक की हत्या करके शव रेलवे लाइन पर फेंका गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें वजनदार चीज से वार करके हत्या करने की पुष्टि हुई थी। मृतक के परिजनों के तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज की लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। जिससे परेशान परिजनों ने भारतीय किसान यूनियन से सहयोग मांगा। भाकियू के साथ रविवार को कोतवाली बिसौली गेट पर लगभग चार घंटों तक धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाकर मामला शांत कराया। लोग वापस लौट गए।



धरना को संबोधित करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

मूलरूप से गांव पनौड़ी निवासी अजब सिंह परिवार के साथ गांव कारावाला में रहने लगे थे। उनकी मौत हो गई। उनका बेटा आशीष उर्फ नन्हें यादव अपनी मां नेमवती, बहन मौसमी के साथ गांव में रहते रहे। 16 अप्रैल 2024 को खेत पर गेहूं की फसल की कटाई व निकासी के समय नेमवती बेटे आशीष को छोड़कर घर चली गई थीं। जिसके बाद अगले दिन रेलवे लाइन पर आशीष का शव मिला था। नेमवती ने फसल के साझेदार पर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि आरोपियों से सांठगांठ कर ली। जिसके चलते आशीष के परिजनों ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर हत्या के एक महीने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिससे नाराज परिजनों ने भाकियू के पदाधिकारियों को अवगत कराया। भाकियू ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार सुबह से धरना-प्रदर्शन किया। समझाने पहुंची पुलिस से बहस हुई। भाकियू के युवा मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, वह धरने से नहीं हटेंगे। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने 15 दिन में कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया। वहीं पुलिस को चार सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिसमें छेड़छाड़ के मामले को मारपीट में दर्ज करने पर नाराजगी जताई। भाकियू के पप्पू प्रधान, धर्मपाल, बलवंत सिंह, प्रेमपाल सिंह, सत्यवीर, अमरपाल, मुकेश प्रधान, रामकुंवर शर्मा, मुकेश भदौरिया आदि उपस्थित रहे। सीओ बिसौली सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। मेडिकोलीगल राय के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अभियोजन अधिकारी की पत्नी को ले गए ससुर, घर में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रुपये, जेवर और घर का अन्य सामान ले गई पत्नी, ससुर व साला
- पीड़ित का आरोप कि मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न कर रही पत्नी

**अमृत विचार :** सहायक अभियोजन अधिकारी के ससुर व साला उनकी पत्नी को अपने साथ ले गए। साथ में रुपये, सामान और जेवर थे। घर का सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। सहायक अभियोजन अधिकारी ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार सहायक अभियोजन अधिकारी हैं और किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। परिवार में एक मौत होने पर वह 13 सितंबर की शाम अपने गृह जनपद मुजफ्फरनगर गए थे। अगले दिन उनकी अनुउपस्थिति में दोपहर को ससुर रमेश बंसल, साला उदित बंसल कार से घर पर आ गए।

उनकी पत्नी दीपाली और 11 साल की बेटी अनवी को सामान सहित अपने साथ ले गए। मकान मालिक ने उन्हें फोन करके सूचना दी तो उन्होंने अपनी पत्नी को फोन किया लेकिन पत्नी ने जवाब नहीं दिया। उन्हें लगा कि पत्नी मायके चली गई होगी। वह 17 सितंबर की शाम कमरे पर पहुंचे। देखा कि घर के जरूरी सामान एसी, कपड़े, एलसीडी, पूरी ज्वैलरी, सोने की अंगूठी, चेन, 25 हजार रुपये और घर का अन्य सामान ले गए हैं। कूलर और वॉशिंग मशीन क्षतिग्रस्त कर गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड है। आरोप लगाया कि पत्नी, ससुर और साले ने षड्यंत्र करके घटना को अंजाम दिया है। पत्नी अपने माता-पिता और भाई के कहने में आकर काफी लंबे समय से उनका मानसिक, शारीरिक और आर्थिक उत्पीड़न कर रही है। उन्हें और उनके परिवार को दहेज मांगने व लूट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है।

### परिसर में खड़े पेड़ काटे, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** थानासदर तहसील के लेखपाल संजीव कुमार ने बताया कि गांव लौड़ा बहेड़ी के प्रधान पुलेंद्र सिंह को गार्ड ने बताया कि बरेली के थाना बहेड़ी के गांव जोगनपुर निवासी जुबैर आलम ने पेड़ कटवाए हैं। जो एक कंपनी में एई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बाजार में बिक रहे 20 ब्रांड के देशी घी, कौन कितना शुद्ध यह पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- देसी घी शुद्धता मापने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग चलाएगा अभियान
- गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी आगे की कार्रवाई

**अमृत विचार:** तिरुपति मंदिर में बनने वाले प्रसाद में इस्तेमाल किए जाने वाले देशी घी में मिलावट को लेकर देश भर में राजनीतिक माहौल गर्म है। प्रसाद में मिलावट की जानकारी होने पर लोग भी असमंजस की स्थिति में हैं। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग भी सतर्क हो गया है। मिलावटी देशी घी की रोकथाम करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग द्वारा जिले भर में अभियान चलाएगा। घी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट आने के बाद न सिर्फ बिक्री करने वाले बल्कि उत्पादन करने वाली कंपनियों पर भी नकेल कसी जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार बाजार में करीब 20 से अधिक ब्रांड का देशी घी बिक रहा है। इनके मूल्यों में भी अंतर है। देशी घी का मूल्य बाजार में दो सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक है। मूल्यों में अंतर होने की वजह से किस ब्रांड का देशी घी शुद्धता की कसौटी पर खरा है और कौन सा नहीं यही भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने सभी कंपनियां अपने घी को शुद्ध बता रहीं हैं। जबकि लोग कम मूल्य वाले घी को शुद्ध नहीं मान रहे हैं। बताया कि यह मुद्दा तब से और गर्म हो गया है। जब से तिरुपति बालाजी मंदिर में देशी घी में मिलावट किए जाने का मामला सामने आया है। बाजार में बिक रहे देशी घी की शुद्धता मापने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। बाजार में बिक रहे देशी घी की सैंपल लिए जाएंगे। जांच को भेजने के बाद गुणवत्ता की रिपोर्ट आने पर विक्रेता तथा कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के दौरान झोलाछाप ने काटी मूत्र नली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीड़ित के बेटे ने आइजी से की शिकायत, थाना कादरचौक पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक बुजुर्ग को लघुशंका करने में परेशान हुई तो उनका बेटा रमजानपुर में एक झोलाछाप के पास इलाज को ले गया। जहां उसने बुजुर्ग की लघुशंका की नली काट दी। जिससे खून का रिसाव होने लगा। बुजुर्ग को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने लघुशंका की नली काटे जाने की पुष्टि की। बुजुर्ग के बेटे ने आइजी से शिकायत की। आइजी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कुंडेली निवासी रिहान ने आइजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक जून 2023 को उनके पिता निहाल को लघुशंका नहीं हो पा रही थी। जिसके चलते वह पिता को लेकर गांव रमजानपुर स्थित डॉ. मुबाहिद के क्लीनिक पर गए। डॉ. मुबाहिद ने कहा कि वह इलाज करेंगे और पूरी तरह से स्वस्थ्य कर देंगे। डॉ. मुबाहिद ने उनके पिता के प्राइवेट पार्ट में नली डाल दी, जिससे पिता के खून निकलने लगा। जो नहीं रुका। परिजन ने मुबाहिद से इलाज के प्रति असंतोष जताया तो वह क्लिनिक छोड़कर भाग गया। इसके बाद रिहान ने अपने पिता को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने कहा कि किसी ने उनके पिता की गलत नली काट दी है। वहां से इलाज कराने के बाद भी उनके पिता के प्राइवेट पार्ट से आज भी खून आ रहा है। आरोप है कि डॉ. मुबाहिद झोलाछाप है। उसके पास किसी भी प्रकार की डिग्री नहीं है। वह क्षेत्र के लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करता है। आइजी के आदेश पर थाना कादरचौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

### पति समेत चार लोगों पर लगाया गोली मारने का आरोप

**विजय नगला, अमृत विचार :** एक महिला ने अपने पति समेत चार लोगों पर अपने साथ मारपीट करने और गोली मारने का आरोप लगाया है। महिला जिला अस्पताल में भर्ती है। जहां चिकित्सक ने गोली लगने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के अंबियापुर गौटिया निवासी कृष्णा देवी ने बताया कि उनके पति ओमपाल की पहली पत्नी से कोई बच्चा नहीं हुआ था। जिसके चलते ओमपला ने कृष्णा देवी से एक साल पहले अपनी दूसरी शादी कर ली थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करता है। वह कृष्णा देवी को भी साथ नहीं रखना चाहता। शनिवार रात लगभग एक बजे पति समेत चार लोगों ने उनके साथ मारपीट की और गोली मार दी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार ने बताया कि महिला को भर्ती कराया गया है। जहां महिला को गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### शराब पिलाकर बेल्ट से पीटने का आरोप

**मुजरिया, अमृत विचार :** रिश्तेदार पर शराब पिलाकर घर छोड़ने के बहाने बाइक से रास्ते में उतारकर बेल्ट से पीटने और जेब से रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कटैया भगवंती निवासी घनश्याम पुत्र हरवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके रिश्तेदार गांव सिरकी खेड़ा निवासी रतिराम पुत्र राजा ने शनिवार रात लगभग 9 बजे फोन करके बुलाया और मुजरिया चौराहे पर साथ बैठकर शराब पिलाई। शराब के नशे में होने पर घर छोड़ने के बहाने बाइक से गांव अलीगंज के पास उतार दिया और पीछे से बेल्ट मारी। जिससे गिर पड़ा और जेब से रुपए निकाल लिए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार देर रात वजीरगंज थाना क्षेत्र में जेजे पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र में रोडवेज बस और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत ही गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जबकि घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

कस्बा वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला होली चौक निवासी ओमपाल पुत्र इंद्रपाल, महावीर पुत्र रामपाल और राहुल पुत्र रामपाल किसी काम से कस्बा से बाहर आए थे। काम निपटाने के बाद बाइक से वापस लौट रहे थे। जेजे पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों लोग मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। ओमपाल और महावीर की मौके पर मौत हो गई जबकि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। तीनों युवकों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने ओमपाल और महावीर की मौत की पुष्टि कर दी। राहुल की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया। रोडवेज बस मय चालक पकड़ लिया गया है। मौत के बाद परिवारों में कोहराम मचा है। एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई थी। बस चालक को मय बस पकड़ लिया गया है। सोमवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

### जिले की चार नदियों का कराएगी कायाकल्प

**ककराला, अमृत विचार :** विश्व नदी दिवस पर सोत नदी बचाओ आंदोलन की टीम ने नदी के घाट पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही वहां पर संकल्प लिया कि जिले की मृत प्राय पड़ी चार नदियों का कायाकल्प किया जाएगा। टीम के सदस्य सोहराब ककरालावी ने कहा की नदियां देश की धरोहर हैं। इस मौके पर मुस्लिम खान, जावेद खान, साजिद खान, खालिद महमूद, इमरान खान, ज़ीशान अंसारी, मखलूस खान, सुमित अग्रवाल, वारिश पठान, मुजाहिद खान आदि शामिल रहे।

राहत | गंभीर बीमार होने पर मरीज को जिला अस्पताल से बाहर किया जाता है रेफर

# अब जिला अस्पताल में होगा गंभीर मरीजों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोई रास्ते में तोड़ देता है दम तो किसी के पास एंबुलेंस से जाने के लिए नहीं होते रुपये

**अमृत विचार :** जिले के लोगों को अब जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। जिला अस्पताल का विस्तारीकरण होगा। 42 शैया का तैयार किया गया नया वार्ड आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। गंभीर मरीजों को यहां पर आईसीयू की व्यवस्था होगी। जिससे मरीजों को अब बाहर रेफर नहीं करना पड़ेगा।

जिला अस्पताल में 22 वार्ड और 238 बेड हैं। गंभीर मरीजों को बाहर के अस्पताल में रेफर किया जाता है। कोविड काल में जिला अस्पताल सैकड़ों मरीज बेड न मिलने पर फर्श पर लेटे रहते थे। वार्ड और बेड कम पड़ गए थे। वर्तमान में भी गंभीर मरीजों को रेफर किया जाता है। मरीज एंबुलेंस के नाम पर लुटते हैं तो किसी की दूर के अस्पताल जाने से मौत हो जाती है। इस समस्या को दूर करने को जिला अस्पताल प्रशासन ने एक करोड़ 13 लाख 88 हजार की लागत से 42 शैया के वार्ड का निर्माण कार्य कराया जो अब पूरा हो गया है। निर्माणदायी संस्था ने यह वार्ड अस्पताल प्रशासन के हैंडओवर कर दिया है। इस वार्ड में आधुनिक मशीनें लगाने की तैयारी है। इसमें गंभीर मरीजों के लिए 30 बेड और 12 वार्ड का आईसीयू तैयार किया गया है। वार्ड को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई, फायर सिस्टम, एसी आदि लगाने की व्यवस्था की जा रही है।




जिला अस्पताल में तैयार 42 शैया का वार्ड।

### नई पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण

जिला अस्पताल में डायलिसिस सिस्टम, सीटी स्कैन सेंटर खोला गया है। जहां पर मरीजों का निशुल्क सीटी स्कैन किया जाता है। एक साल पहले चार बेड का आईसीयू वार्ड बनाया, अब नई पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण जारी है।



अब मरीजों को भर्ती करने को जगह कम नही पड़ेगी। नए वार्ड में आईसीयू भी होगा। उसमें गंभीर मरीजों को रखा जाएगा। यदि मरीज किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त है तो ही उसे बाहर को रेफर किया जाएगा। अन्यथा यहां पर सभी तरह का इलाज किया जाएगा। नया वार्ड स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। – डॉ. कप्तान सिंह – सीएमएस

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है कि एक मकान स्थित मोहल्ला माली कस्बा फहेहगंज (प.) परगना व तहसील मीरगंज जिला बरेली रकबा 61.44 वर्गगज जिसकी चौहद्दी पूरब-मकान प्रेम अग्रवाल, पश्चिम-मकान मुकेश गुप्ता व रास्ता 4 फिट चौड़ा, उत्तर-मकान सत्य प्रकाश अग्रवाल, दक्षिण-मकान संदीप भारद्वाज है जोकि नगर पंचायत में मेरे पिता रामबहादुर पुत्र श्री राम लाल के नाम रजिस्टर्ड है। दिनांक 6.09.2024 को रजिस्टर्ड दान पत्र द्वारा यह मकान रामबहादुर पुत्र श्री राम लाल ने अनिल गुप्ता व उनकी पत्नी संध्या गुप्त को दान कर दिया है जिसे अब नगर पंचायत में रजिस्टर्ड किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। **अनिल गुप्ता पुत्र श्री रामबहादुर निवासी मोहल्ला माली कस्बा फतेहगंज (प.) जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2017 में देहली पब्लिक स्कूल बरेली से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसकी टीसी वास्तव में गुम हो गई है। जिसका अनुक्रमांक संख्या 5046957 है। **मजहर बेग पुत्र लईक बेग निवासी मोहल्ला शेखूपुर कब्रिस्तान रोड बहेड़ी जिला बरेली।**

D.EL.ED. (BTC)
उ.प्र. बेसिक शिक्षा विभाग/सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज/एन.सी.टी.ई. के नवीनतम शासनादेश/दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अल्पसंख्यक कोटे में डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2024 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।
NISA GIRLS INTER COLLEGE
Bisalpur, Pilibhit
Mob.: 9634030554
www.nisacollege.com
College Code : 110002

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### कोटेदार पर लगाया घटतौली का आरोप

**बिनावर, अमृत विचार :** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर के ग्रामीणों ने कोटेदार पर कम राशन दिए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। ग्रामीण सतीश यादव, हरपाल, बिजनेस सिंह, जयपाल, वेदपाल ने डीएम को बताया कि राशन डीलर अजयपाल और कुंवरपाल के नाम दुकान आवंटित है। दोनों दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं। इनके द्वारा लोगों को कम राशन दिया जा रहा है। आरोप है कि कोटेदार कार्ड धारक से ई-पाश मशीन पर अंगूठा लगाने के बाद कांटे पर बांट रखकर पर्ची निकाल ली जाती है। इसके बाद दूसरे कांटे से राशन को तौल कर दिया जाता है। पूर्ति निरीक्षक से शिकायत के बाद भी कुछ नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ जांच की मांग की है।

### बाइक से घर लौट रहा युवक हादसे में घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** बाइक से अपने घर लौट रहा युवक हादसे में घायल हो गया। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ततारपुर निवासी वीरेश पुत्र थान सिंह रविवार को किसी काम से गांव परसिया में काम निपटाने के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे गांव परसिया में प्रेमपाल वर्मा की दुकान के सामने किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# साक्षर बनने के लिए 15734 निरक्षरों ने दी परीक्षा

## 989 परिषदीय विद्यालयों में हुई नव भारत साक्षरता परीक्षा, 15 ब्लाकों में चिन्हित सभी निरक्षर परीक्षा में बैठे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** साक्षर बनने के लिए जिले के 989 परीक्षा केंद्रों पर निरक्षरों की परीक्षा कराई गई। परीक्षा के लिए जिले भर में पंजीकृत ऑफलाइन और ऑनलाइन 15734 ने परीक्षा दी। सुबह से शाम पांच बजे तक 989 केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा के दौरान बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद परीक्षा में बैठने वाले निरक्षरों को साक्षर होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जिले के निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष नव साक्षर परीक्षा कराई जाती है। रविवार को संपन्न हुई नवसाक्षर परीक्षा के लिए बेसिक विभाग द्वारा जिले के 15 ब्लॉकों में ऑनलाइन 15575, और 159 ऑफलाइन सहित कुल 15734 निरक्षरों को नव साक्षर बनाने के लिए चिन्हित किया गया था। परीक्षा में सभी चिन्हित निरक्षर शामिल हुए। परीक्षा जिले के 989 परिषदीय स्कूलों में बने केंद्र पर परीक्षा कराई गई। परीक्षा के दौरान बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी सहित एआरपी तथा जिला समन्वयक द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा पांच बजे तक चली। अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा।, में शामिल कराने के लिए चिन्हित किया था, मगर इसके सापेक्ष केंद्रों पर 2,492 परीक्षा में शामिल हुए थे।



परीक्षा देते निरक्षर ग्रामीण। ● अमृत विचार

> नव साक्षर परीक्षा शांतिपूर्वक शासन की गाइड लाइन के तहत संपन्न कराई गई है। 989 केंद्रों पर परीक्षा हुई। परीक्षा में 15734 निरक्षर शामिल हुए हैं। –वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

- सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक हुई परीक्षा, किसी ने नहीं छोड़ी परीक्षा

### 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग परीक्षा में बैठे



**म्याऊं, अमृत विचार :** दातागंज क्षेत्र के डहरपुर कलां प्राथमिक विद्यालय प्रथम में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षा कराई गई। इसमें 18 साल से ऊपर के ग्रामीणों ने परीक्षा दी। परीक्षा में कुल 22 महिला पुरुष सम्मिलित में हुए। प्रधानाध्यापक सीमा राजन के दिशा निर्देशन में सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा देने के बाद साक्षर बनने की अनुभूति से ओत प्रोत लोग खुश नजर आए। कहा कि ये अनुभव बहुत ही प्रेरणा देने वाला है। शिक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अनु कुमार गुप्ता और आंगनवाड़ी कार्यकत्री शशी व पूनम आदि का विशेष योगदान रहा।

### 50 से अधिक केंद्रों पर हुई नव साक्षर परीक्षा

**मुजरिया, अमृत विचार :** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता परीक्षा संपन्न कराई गई। परिषदीय विद्यालयों पर हुई साक्षरता परीक्षा में पंजीकृत निरक्षर ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सहसवान ब्लॉक क्षेत्र के 50 से अधिक परिषदीय स्कूलों में परीक्षा केंद्र पर सुबह 10 से 4 बजे तक परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा में 600 से अधिक निरक्षर ग्रामीणों ने परीक्षा ने हिस्सा लिया।



## सार-संक्षेप

### राजा बने गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**बदायूं, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रवीण दुबे के अनुमोदन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष पुलेंद्र सिंह यादव व बरेली मंडल प्रभारी नीरज सैनी की संस्तुति पर छह प्रभारियों को मनोनीत किया है। शहर निवासी राजा सक्सेना को संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### आर्य समाज विद्यापीठ गुरुकुल में हुआ यज्ञ



**दातागंज, अमृत विचार :** कस्बा स्थित आर्य समाज विद्यापीठ गुरुकुल रविवार को यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुकुल के सभी सदस्यों ने यज्ञ में आहुतियां डाली। उनके द्वारा वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। हवन यज्ञ में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि यज्ञ से नकारात्मक विचारों का अंत होता है। यज्ञ जीवन को कल्याणकारी बनाने में सहायक है। इस मौके पर राकेश वर्मा, कृष्णपाल सिंह, हरिओम आर्य, सौरभ आर्य, स्वतंत्र आर्य, हरिशंकर आर्य, ओम प्रकाश आर्य, सुरजीत आर्य, आशीष आर्य, कृष्ण आर्य, शोभित आर्य, एस आर्य, प्रशांत आर्य, सौरभ आर्य आदि लोग शामिल रहे।

### भारत को जानो प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग



**वजीरगंज, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद श्री मंगला माता शाखा के द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कस्बा स्थिति सेनानी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। भारत को जानो प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12 तक बच्चे शामिल हुए। परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों द्वारा निगरानी रखी गई। सेनानी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य यशपाल सिंह सोलंकी एवं प्रबंधक मयंक वार्ष्णेय तथा शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष नेमपाल सिंह, सुग्रीव वार्ष्णेय, गुरुदेव शर्मा, अरुण शेखर, हेमलता शर्मा, राम किशोर शर्मा, नरेश चंद्र वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में नौगवां की टीम बने विजेता



**उसावां, अमृत विचार :** कस्बा उसावां के वार्ड चार के यादवान मोहल्ला स्थित घंटोरी महाराज के मैदान पर रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांव नौगवां की टीम ने विजयश्री हासिल की जबकि कलान की टीम दूसरे स्थान पर रही। इससे पहले मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पति अनिल सिंह चौहान ने फीता काटा। उन्होंने विजेता टीम को 2100 रुपये और उपविजेता टीम को 1100 रुपये नगद पुरस्कार दिया। कहा कि खेलों का नियमित अभ्यास करते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में अनिल यादव, यादराम यादव, जयनंदन यादव, जितेंद्र, भोले यादव, आकाश शाक्य, अमित यादव व सुमित यादव का सहयोग रहा।

### अर्पित और कमल बाबू निर्विरोध बने अध्यक्ष



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2024- 25 के लिए प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुए चुनाव में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्र अर्पित कुमार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वहीं संयुक्त मंत्री पद पर अंकित यादव और अंशिका सागर निर्वाचित हुए। रसायन विज्ञान परिषद के अध्यक्ष पद पर बीएससी पंचम सेमेस्टर के कमल बाबू निर्विरोध निर्वाचित हुए। तनुष्का चौहान और आदित्य मौर्य उपाध्यक्ष बने। सिया तोमर ने सचिव पद हासिल किया। संयुक्त सचिव पद पर राजवंश एवं ऋतिक कुमार ने विजय प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ सारिका शर्मा ने कार्यकारिणी सदस्यों को नामित किया। सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ श्रद्धा गुप्ता ने पद एवम कर्तव्य की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ नीरज कुमार, डॉ ज्योति बिश्नोई, डॉक्टर सरिता यादव, डॉ हुकुम सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ सचिन कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### पदमांचल जैन मंदिर में किया पौधारोपण



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र गांव दिधौनी स्थित पदमांचल जैन मंदिर में रविवार को अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में छात्रों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। समिति के संरक्षक मृगांक जैन उर्फ टीटू ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं। इस मौके पर विक्की जैन, कीर्ति जैन, कनिष्का वार्ष्णेय, परी वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण बांटी दवाएं



**इस्लामनगर, अमृत विचार :** सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कार्यालय और विकास खंड पर आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। रुदायन में शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने किया। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण दवाइयों का वितरण किया। नगर पंचायत कार्यालय पर लगे शिविर में सीएचसी के डाक्टर फिरासत, अशोक शर्मा, गौरव शर्मा, सोनिका आदि ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी। इस्लामनगर विकास खंड पर बीडीओ मुनव्वर खान की देख रेख में स्वास्थ्य शिविर लगाया।

### आधार संशोधन वसूली का वीडियो वायरल

**कादरचौक, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव गरोलिया मे मेन चौराहे पर स्थित एक दुकान में आधार कार्ड संशोधन किया जा रहा है। आधार संशोधन कराने आने वाले लोगों से संचालक द्वारा तीन से 350 तक रुपये वसूले जा रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने पर लोगों ने संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

खबरे पेज 12 भी देखे

# जिले में बाढ़ से बंद मार्गों पर आवागमन शुरू होने से राहत

संवाददाता, दातागंज

- तेजी से घट रहा बाढ़ का पानी कृषि योग्य भूमि का हो रहा कटान
- बाढ़ की वजह से 70 हेक्टेयर फसलें हो गई खराब

**अमृत विचारः** रामगंगा में आई बाढ़ का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है। बंद मार्गों पर रविवार से आवागमन शुरु हो गया है। बाढ़ की स्थिति अब सामान्य हो रही है। लेकिन गंदगी के चलते संक्रामक रोग एवं बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रामगंगा का कटान जारी है। प्रशासन द्वारा कराये जा रहे सर्वे में 70 हेक्टेयर फसल खराब हो गई है। लेखपालों के द्वारा अभी सर्वे का काम जारी है। खराब फसलों का आंकड़ा अभी और बढ़ेगा। जिन किसानों को चिन्हित किया गया है। उन्हें तहसील प्रशासन मुआवजा दिए जाने की तैयारी कर रहा है।

एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य हो रही है। दातागंज - शाहजहॉपुर वाया जैतीपुर - बेलाड़ाड़ी मार्ग पर बरेली जनपद में गावं मानुपर की रपटा पुलिया व सड़क कट जाने से वाहनों का आवागमन बंद था। लोकनिर्माण विभाग ने पुलिया पर डम्परों से मिट्टी डालकर दुरुस्त कर दिया है। मार्ग को भारी वाहनों के लिए यातायात खोल दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि सड़क की जल्द मरम्मत कराई जायेगी।

एसडीएम ने बताया कि संक्रामक रोग - बुखार एवं जानवरों में फैले रोगो की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य व पशु विभाग की टीम भेजकर उपचार कराया जायेगा। बाढ़ पीड़तों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। साथ ही बताया कि जैसे जैसे फीडिग होती जायेगी पीड़ित किसानें को मुआवजा एक दो दिन बाद मिलना शुरु हो जायेगा। कटान की रोकथाम के लिए बाढ़ खण्ड को लिखा गया है।

# आजादी ने महिलाओं को बनाया मानसिक गुलाम




संगोष्ठी को संबोधित करतीं संचालक शीबा खान और मंचासीन पदाधिकारी।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं को सुनती महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मैरिज लॉन में हुआ जमात ए इस्लामी हिंद संस्था का कार्यक्रम

**अमृत विचार :** जब तक लोग पैगंबरों की शिक्षाओं पर चलते रहे, तब तक यह दुनिया शांति का स्थल बनी रही। आजादी के वर्तमान नारे ने महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से गुलाम बना दिया है। यह बात जमात ए इस्लामी हिंद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सचिव डॉ. संजीदा आलम ने रविवार को कही। वह रविवार को नैतिकता, स्वतंत्रता का आधार विषय पर अंतरधार्मिक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रही थीं।

शहर के एक मैरिज लॉन में जमात ए इस्लामी हिंद संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आयशा खान ने कुरान की तिलावत के साथ की। डॉ. राबिया शकील ने संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि पश्चिमी सभ्यता के चलते बहुत समस्याएं आ रही है। समाज में नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर अपने को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। शोभा फ्रांसिस ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी ने नैतिक गुणों को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रध्या सदावती बोध ने कहा कि महिलाओं को संविधान द्वारा महिलाओं को दिए गए अधिकारों को समझने का प्रयास करना चाहिए। वीके किरन ने कहा कि जमात ए हिंद संस्था 140 देशों में काम कर रही है कि लोगों में नैतिक गुण कैसे पैदा हों। पादरी अभिषेक ने कहा कि आजादी का मतलब जो मन में आए वह करना नहीं है, बल्कि उस जीवन के तरीके का पालन करना है जो प्रभु ने जीने के लिए बताया है। ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्र उनीब हाशमी ने आजादी के नाम पर समाज में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के सिद्धांत के बारे में बताया। डॉ. सोनता सक्सेना ने कहा कि मनुष्य को स्वतंत्रता होनी चाहिए लेकिन बेलगाम नहीं। संस्था की केंद्रीय सलाहाकार परिषद की सदस्य असमा इम्तियाज ने कहा कि जब इंसान नैतिक गुणों को त्याग देता है तो वह सबसे निचले स्तर पर चला जाता है। कार्यक्रम में महिला विंग की उप्र सचिव आरिफा खातून, शाजिया कय्यूम, अजीजा फरीहा, आलम और जेबा अमीर ने ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन शीबा खान ने डॉ. एत्तेहाद आलम लोगों का आभार जताया।

# भागवत कथा का श्रवण करने से पार हो जाता है भवसागर

**बिल्सी, अमृत विचारः** ज्वाला प्रसाद जैन स्कूल में सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके तीसरे दिन जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामचन्दाचार्य महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व है। सभी लोगों को अपने जीवन में भागवत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। जो भी मनुष्य इस कथा को सुनता है वह भवसागर से मुक्त होकर के मोक्ष को प्राप्त करता है।

कहा कि पृथ्वी पर बढ़े अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण भी धर्म की स्थापना के लिए अवतरित हुए थे। उन्होंने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से जनमानस को संदेश भी दिया।

# नहीं रुक रहा मिट्टी-बालू का अवैध खनन

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** जिले में खनन का खेल रुक नहीं रहा है। पुलिस और स्थानीय सफेदपोश की मिलीभगत से बालू और मिट्टी का खनन जारी है। पुलिस भी मूकदर्शक बनी है। सूचना देने वाले ग्रामीणों की पहुंच जानकर पुलिस जब सक्रिय होती है तो ट्रैक्टर ट्रालिया सीज की जाती हैं। कादरचौक में गंगा से बालू, मुजरिया और उझानी में किसानों के खेत से रात में जेसीबी से मिट्टी का खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। खेतों से मिट्टी खोद ली जा रही और किसानों को इसकी भनक नहीं लग रही है।

कादरचौक में कासगंज और बदायूं की जिले की सीमा में कादरचौक से गंगा से बालू का खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। हालत यह है कि कासगंज से बदायूं और बदायूं से कासगंज बालू बड़े पैमाने पर खनन करके ले जाई जा रही है। रोकटोक नहीं होने से यह काम बेधड़क चल रहा है। पिछले दिनों खनन अधिकारी बृज बिहारी प्रसाद ने बालू भरे चार ट्रैक्टर पकड़ कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।



मुजरिया पुलिस द्वारा सीज ट्रैक्टर-ट्रॉलियां थाना परिसर में खड़ी।

### मुजरिया पुलिस ने सीज किए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली

मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव नैथुआ, रामपुरा एनुद्दीन, लहरा असदुल्लापुर, रसूला, सिलारपुर में मिट्टी खनन का अवैध धंधा लंबे समय से चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को रफीनगर में खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचकर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज किया गया। उझानी क्षेत्र में भी दिन रात सड़क पर अवैध खनन करके लाई जा रही मिट्टी के ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर दौड़ रहे हैं लेकिन पुलिस इसे अनदेखी कर रही है। किसान परेशान है कि रात में उनकी फसल भी बर्बाद करके मिट्टी खोद ली जा रही है। उन्हें पता नहीं चलता कि कौन यह काम कर रहा है। बरेली मथुरा हाईवे पर रोजाना करीब दो सौ से अधिक ट्रेक्टर ट्रॉलियां मिट्टी से भरी निकलती हैं।

# अभाविप कार्यकर्ताओं से संगठन हित में काम करने का आह्वान



बैठक में मौजूद संगठन कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक बदायूं क्लब में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय प्रवास पर आए महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, प्रांत संगठन मंत्री ब्रज प्रान्त अंशुल श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए संगठन हित में कार्य करने का आवाहन किया। दो सत्र में हुई बैठक में संगठनात्मक और कार्यात्मक, आगामी कार्यक्रम, इकाई गठन, परिसर चलो अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में अंकित पटेल, विवेक जादौन, हरिमोहन सिंह पटेल, सत्यम मिश्रा, पायल गिहार, मोहित शर्मा, धर्मेंद्र बाहुबली आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 550 मरीजों को दी दवाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राम नाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उझानी स्थित शिखर नर्सिंग होम के सहयोग से गांव ककोड़ा में स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 550 मरीजों का चिकित्सा परामर्श के बाद दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र सिंह ने सभी चिकित्सक और प्रधान अनेकपाल सिंह को स्मृति चिंह्न देकर सम्मानित किया।

शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. जया भारती, अस्थि रोग विभाग के डॉ. टी सिंह, फिजिशियन डॉ. आरके वर्मा ने संबंधित मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। शिविर में बुखार, खांसी, खून की कमी, छाती रोग, दमा, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेट संबंधित रोग, कमरदर्द, स्लिप डिस्क, गठिया, जोड़ रोग, अनियमित माहवारी के मरीजों और गर्भवती महिलाओं का परीक्षण हुआ। मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांचें भी निशुल्क हुईं। शिविर के संयोजक और राम नाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. आर के वर्मा ने शिविर स्थल स्वामी अनेकपाल सिंह, चिकित्सकों और उमेश यादव, फार्मासिस्ट रिंकू राजपूत, गुलशन, अर्पित, नर्सिंग स्टाफ नेहा श्रीवास्तव, रीनू राठौर, हरिओम को धन्यवाद दिया। ट्रस्टी विक्रांत मेंदीरत्ता, और करन थरेजा ने कहा कि वह और उनकी संस्था जनकल्याण और मानवसेवा के लिए समर्पित हैं और आगे भी रहेंगे।



गांव ककोड़ा में लगे शिविर में मरीजों का परामर्श करते डॉ. राजेश वर्मा।

## यूपी बोर्ड | परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए जिले स्तर में शुरू हो चुकी है तैयारी

# छात्राएं 7, छात्र 12 किमी की परिधि में देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्वकेंद्र की सुविधा न मिलने वाली छात्राओं और दिव्यांग छात्रों को आवंटित किए जाएंगे परीक्षा केंद्र

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को लेकर तेजी के साथ तैयारियां शुरू हुई है। केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई है। स्वकेंद्र की सुविधा न मिलने वाली छात्राएं और दिव्यांग छात्रों के लिए सात किलोमीटर की परिधि में बने केंद्र पर परीक्षा देंगे। छात्रों के लिए 12 किलोमीटर की परिधि का केंद्र आवंटित किया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण के लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई है।इसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की स्वकेंद्र की सुविधा न पाने वाली हाई स्कूल इंटरमीडिएट की छात्राओं को सात किलोमीटर की परिधि में परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा। साथ ही दिव्यांग बच्चे भी इसी परिधि में आने वाले केंद्रों पर परीक्षा देंगे। छात्रों के लिए 12 किलोमीटर की परिधि में आने वाले विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। विषम परिस्थितियों में छात्रों के लिए 15 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

> हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी शुरु कर दी गई है। परीक्षा केंद्र निर्धारण के नियमों में बदलाव किया गया है। नियम के तहत ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा भी नकलविहीन संपन्न कराई जाएगी। –डॉ प्रवेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

### परीक्षा केंद्रों पर बढ़ेगी छात्र संख्या

इस बार हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में कम परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। जिससे आसानी से उनकी निगरानी हो सके। इस बार एक केंद्र पर करीब दो हजार के आस पास परीक्षार्थी आवंटित किए जाएंगे। इससे पहले यह नियम 12 सौ परीक्षार्थी आवंटित करने का नियम था। जिसमें बदलाव कर दिया गया है।

## एक नजर

### सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 30 को

**कासगंज, अमृत विचार :** बजरंग दल कार्यकर्ता 30 सितंबर को सनातन संस्कृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगे। इसमें जिले के 23 विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 11 हजार दूसरे स्थान पाने वाले को 51 सौ, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 21 सौ रुपए की धनराशि देकर उत्साहवर्धन किया जाएगा। साथ ही 50 विद्यार्थियों को सनातन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### महिला को पिता-पुत्र ने पीटा, पीड़ित ने तहरीर दी

**कासगंज :** सोरों कोतवाली क्षेत्र में दलित महिला के साथ पिता–पुत्र ने मारपीट की। सोरों कस्बे के मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी मुनीरू पत्नी देवेश कुमार अपने मकान से सामान निकालने गई थी। वहां मौजूद विकास तिवारी उर्फ मिंटू पुत्र मुन्नालाल निवासी मोहल्ला रामसिंहपुरा सोरों निखिल और अतुल पुत्र विकास तिवारी ने मारपीट की और जाति सूचक गालियां देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में जांच शुरू कर दी है।

### कासगंज में सीढ़ियों से गिरकर बालक घायल

**कासगंज।** शहर के मोहल्ला नवाब निवासी हशीम का 13 वर्षीय पुत्र छत पर गया था। तभी नीचे आने के दौरान उसका पैर सीढ़ियों से अनियंत्रित हो गया, जिससे वह नीचे जा गिरा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहा उसे भर्ती कर लिया गया। वहां उपचार चल रहा है।

# जिद पर अड़े सफाई कर्मचारी, नहीं मानी एसडीएम की बात

## बोले-मांगों का निस्तारण होने तक जारी रहेगी हड़ताल, सफाई व्यवस्था चौपट, शहर में हर तरफ लगे गंदगी के ढेर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर गांधी मूर्ति चौराहे पर बैठे रहे। एसडीएम के समझाने के बावजूद सफाई कर्मी अपनी जिद पर अड़े रहे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने सफाई कर्मियों की हड़ताल को अपना समर्थन दिया है। उधर, पिछले चार दिनों से सफाई न होने से शहर का बुरा हाल है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, जिनसे बदबू निकल रही है। कीचड़ भरी होने से नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं।

अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर नगर पालिका के साफ सफाई कर्मी पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई कर्मी अपनी जिद पर अडे.हैं।

एसडीएम सदर संजीव ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता करने का प्रयास किया। मगर सफाई कर्मी एसडीएम की बात मनाने को तैयार नहीं हुए। इधर, शहर से कूड़ा न उठने से चारों ओर गंदगी ही गंदगी नजर आ रही। हर गली, मोहल्ला और सड़क पर गंदगी का अंबार है। गंदगी के बीच से निकल रहे लोगों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है, जो नगर पालिका प्रशासन को कोसते रहे हैं। शहर में जगह-जगह पसरी गंदगी से लोग खासे परेशान नजर आए। गंदगी और बदबू की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया। बदबू की वजह से लोग मुंह पर कपड़ा रखकर निकलते दिखे। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगी।



सफाई कर्मियों से बातचीत करते जिलाध्य अदनान मियां व कांग्रेस के अन्य नेता। ● अमृत विचार



शहर के मालगोदाम रोड पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

### सफाई कर्मियों से मिले कांग्रेस व सपा के नेता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अदनान मियां रविवार को गांधी मूर्ति जाकर हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों से मिले और अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मांगे जायज हैं। नगर पालिका द्वारा उनकी मांगो को हरसंभव पूरा किया जाना चाहिए। घरों की गंदगी को दूर करने वाले सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। जब वह अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं तो उनके साथ चेयरमैन के पति व पुत्र गाली–गलौज करते हैं।

### लोग खुद कर रहे घरों के सामने सफाई

पिछले चार दिन से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बाद जगह–जगह गंदगी के अंबार लग गए। कूड़े के ढेरों से बदबू निकल रही है। लोग मजबूर होकर अपने घरों के सामने खुद साफ सफाई कर रहे हैं।

- कूड़े से उठ रही बदबू से लोगों का राह चलना दूभर
- नगर पालिका के सफाई कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी



गांधी मूर्ति चौराहे पर पंडाल लगाकर हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग

शहर में जगह–जगह पड़ी गंदगी को लेकर हर कोई परेशान है। व्यापारियों की दुकानों के आगे गंदगी पड़ी होने से प्रतिष्ठानों को खोलना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों ने नगर पालिका से शहर की बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।



शहर में फैली गंदगी से बीमारियों का खतरा बढ़ा। नगर पालिका और सफाई कर्मियों की आपस की लड़ाई का दंश पूरा शहर झेल रहा है। प्रशासन को बीच का रास्ता निकाल कर सुलझाना चाहिए।

**–अखिलेश अग्रवाल,** व्यापारी नेता



चार दिनों से शहर का कूड़ा नहीं उठ रहा है। चारों ओर गंदगी फैली है, जिसकी वजह से शहर में निकलना दूभर हो गया। इस कारण बीमारी का डर बना हुआ है। संक्रामक रोग फैल रहे हैं। जल्द ही सफाई कराई जाए।

**–जितेंद्र वाष्णेय,** व्यापारी नेता

### कासगंज पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज।** वारंटियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कासगंज पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस दने राहुल निवासी ग्राम अगसौली थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया है। थाना ढोलना पुलिस ने बिल्लू निवासी इखौना थाना ढोलना को पकड़ा है। थाना अमांपुर पुलिस ने कप्तान सिंह निवासी गांव अल्लीपुर को गिरफ्तार किया है। ये तीनों वारंटी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। तीनों को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**अमांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ अमांपुर के द्वारा सोमवार को सुबह 10 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा। शिविर कॉलेज रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में लगेगा। सह संयोजक डॉ. रावेन्द्र ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा रहेगे। उन्होंने कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से शिविर में पहुंचने की अपील की हैं।

### सोरों में सर्पदंश से महिल की हालत बिगड़ी

**कासगंज।** सोरों कोतवाली के गांव इस्माइलपुर निवासी 50 वर्षीय गीता पत्नी सोमेंद्र घर के बाहर पशुओं को चारा डाल रही थी। तभी उनके बाएं पैर में सर्प ने डस लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां यहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। देर शाम उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

# दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों का सामान जला



मोबाइल की दुकान में आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, मोहनपुरा

- शनिवार देर रात हुआ हादसा ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**अमृत विचारः** कस्बा मोहनपुरा में शनिवार देर शाम मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

हाथरस जनपद के गांव विरावर निवासी पवन कुमार पुंढीर की कस्बा मोहनपुरा में सिकंदराराऊ रोड पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। रोजाना की भांति शनिवार शाम करीब सात बजे वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया। कुछ देर बाद दुकान के अंदर से धुआं निकलता आसपास के लोगों ने देखा। तत्काल इसकी सूचना पवन कुमार को दी। उस वक्त तक पवन घर नहीं पहुंचा था, जिससे रास्ते से लौटकर दुकान पर पहुंचा। उसने दुकान का ताला खोलकर देखा तो अंदर आग की लपटें निकल रही थीं। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार दुष्यंत कुमार, रवि कुशवाह, मनीष कुशवाह, सौशल्य साहू, सत्यवीर आदि जमा हो गए। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद काउंटर आदि सामान दुकान से बाहर निकाला। इसके बाद पानी डालकर आग बुझाई। मगर तब तक काफी सामान जल चुका था। पवन ने बताया कि 25-30 मोबाइल फोल्डर एवं रिपेयरिंग को आए करीब 20 मोबाइल आग में जल गए। इसके अतिरिक्त हॉट एयरगन, वायरिंग, पंखा व अन्य कई महंगे उपकरण के साथ लकड़ी से बने दुकान के काउंटर जल गए।

### किराए के कमरे में मृत मिले बैंक कैशियर, जांच शुरू

**एटा,अमृत विचार :** एक बैंक के कैशियर का शव किराए के कमरे में मिले। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कैशियर के परिवार वालों को सूचना दे दी है। कानपुर के लाल बंगला चकेरी के रहने वाले रामचन्द्र अग्निहोत्री (40) एटा शहर की यूको बैंक में पिछले 22 वर्षों से कैशियर के पद पर तैनात थे। वह नगर के मोहल्ला अरुणा नगर में किराए के मकान में रहते थे। रोज की तरफ रविवार को खाना देने वाला रामचन्द्र के कमरे पर पहुंचा। उसके आवाज देने पर रामचंद कमरे से बाहर नहीं निकले। इस पर उसने मकान मालिक को बुलाया। मकान मालिक ने जाकर देखा तो रामचन्द्र बैड पर मृत अवस्था में पड़े थे। इसका पता लगने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर जा पहुंची। थाना प्रभारी राजेश कुमार चौहान ने बताया कि रामचन्द्र अग्निहोत्री हार्ट के मरीज थे, जिनका इलाज चल रहा था। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा।

# हत्यारोपी की साली सुपारी की रकम लेकर फरार

**मोहनी हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस आरोपी सीमा व मुख्य हत्यारोपी की तलाश में जुटी जल्द होगी गिरफ्तारी
- मोहिनी की हत्या के लिए किसने सुपारी दी, गुत्थी सुलझाने में जुटी कासगंज पुलिस

**अमृत विचारः** अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड में एक और मोड़ आया है। सुपारी किलर गैंग में हत्यारोपी सुनील फौजी की साली सीमा भी शामिल है। हालांकि अभी मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। इधर, पुलिस ने सीमा के पति को पूना से हिरासत में ले लिया है। सीमा व सुनील की गिरफ्तारी होते ही मोहिनी हत्याकांड से पर्दा उठ जाएगा। तब हत्या की वजह भी स्पष्ट हो सकती है। मोहिनी की हत्या के लिए किसने सुपारी दी। यह गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है।

अधिवक्ता मोहिनी की हत्या को 20 दिन बीत चुके हैं। पुलिस छह नामजद समेत आठ आरोपियों को जेल भेज चुकी है। मगर हत्या की असल वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है। अब पुलिस के सामने कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

पुलिस के मुताबिक फरार आरोपी फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। मोहिनी की हत्या का मास्टरमाइंड सुनील फौजी है। उसने इस हत्याकांड को अपने छोटे साले सचिन, साली सीमा और रजत नाम के व्यक्ति के साथ अंजाम दिया था। मोहिनी की हत्या के बदले मिली सुपारी की रकम सीमा के पास रखी गई थी।

### सीमा के पति से पूछताछ कर रही एसओजी

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने माना है कि सुनील फौजी 18 साल की उम्र में शातिर बन गया था। पिता का कत्ल करने के बाद उसने जुर्म की दुनिया में कदम रखा। वह हत्या सहित कई वारदात को अंजाम दे चुका है। उसने तांत्रिक बनने के लिए एक बच्चे को अगवा कर उसकी भेंट चढ़ा दी। इसी बीच उसके अपनी साली से अवैध संबंध हो गए। उसका साढ़ू ट्रक ड्राइवर है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है, जिससे सीमा के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### सुनील की पैरवी करने वाली बहन ने नहीं की शादी

हत्यारोपी सुनील फौजी का साथ उसकी बहन मधु देती है। जेल जाने के बाद मधु ही उसकी पैरवी करती । जानकारी के मुताबिक भाई की पैरवी करने के लिए उसने अपनी शादी नहीं की। सुनील फौजी का विश्वास भी बहन पर सबसे ज्यादा है। पुलिस ने बहन को भी उठाया था। इसके बावजूद पुलिस सुनील तक नहीं पहुंच सकी।

### एक आरोपी के पकड़े जाने पर खुलेगा हत्या का राज

मोहिनी हत्याकांड के चारों आरोपियों में किसी एक के पुलिस के हत्थे चढ़ते ही कपड़ा, मोबाइल आदि सामान बरामद हो सकता है। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक साधनों का भी इस्तेमाल कर रही है। इसके बावजूद भी चारों शातिर पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए हैं।

मोहिनी हत्याकांड का मुख्य आरोपी सुनील फौजी है। पुलिस हत्यारों के काफी करीब पहुंच गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

**–राजेश भारती,** एएसपी कासगंज

# चेकिंग अभियान के दौरान सौ वाहनों के चालान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बिना सीट बेल्ट कार चला रहे चालक को चेतावनी देते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

- 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दी वाहन न चलाने की चेतावनी

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस ने शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर 100 वाहनों के चालान किए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने शहर के अमांपुर रोड तिराहा, मालगोदाम चौराहा, बिलराम गेट चौराहा, छर्रा अड्डा, मंडी रोड सहित शहर के कई स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने और ट्रिपल राइडर्स के चालान किए गए। चार पहिया और दो पहिया वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखे वाहनों के मामले में भी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह का कहना है कि कार्रवाई से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें। अभिभावक 18 वर्ष के कम वर्ष के बच्चों को दो पहिया वाहन न दें। अन्यथा अभिभावकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में चयनित रियाजुल समद को सलमान खुर्शीद ने दी बधाई



पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के साथ शहरी डिजाइनर रियाजुल समद बिन मोहम्मद।

**पटियाली।** कस्बे के होनहार युवा आर्किटेक्ट व शहरी डिजाइनर रियाजुल समद बिन मोहम्मद को इंग्लैंड की प्रतिष्ठित चिवनिंग स्कॉलरशिप-2024 के लिए चयनित किया गया है। वह इस वर्ष कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के लिए चुने गए भारत के एकमात्र आर्किटेक्ट चिवनिंग स्कॉलर हैं। यह छात्रवृत्ति विश्व की सबसे प्रतिष्ठित जानी मानी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में एम फिल की पढ़ाई व शोध के लिए की गई है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, उनकी पत्नी लुईस खुर्शीद और बेटा बैरिस्टर जफर खुर्शीद ने नई दिल्ली के जिमखाना क्लब में अभिनंदन कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने पटियाली और देश को गौरवान्वित किया है।

# छात्राओं को अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी

**अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जागरुकता पोस्टर दिखातीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

- बेटियों को सशक्तिकरण का महत्व समझाया
- कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर जिले में जागरूकता कार्यक्रम हुए। जिला प्रोबेशन विभाग एवं महिला कल्याण विभाग ने कासगंज विकास खंड क्षेत्र के गांव कल्यानपुर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बेटियों को उनके अधिकार एवं सशक्तिकरण के बारे में समझाया।

कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं एसडीएम प्रदीप कुमार विमल व महिला कल्याण अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रियंका यादव ने छात्राओं को महिला कल्याण विभाग एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया और ''गुड टच-बेड टच'' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौरव यादव ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के महत्व और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह और बाल श्रम के खतरों को उजागर करते हुए ऐसे मामलों में तुरंत सूचना देने की आवश्यकता पर जोर दिया। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी रुकैया जहां ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा की और बताया कि शिक्षा न केवल बच्चों के जीवन को समृद्ध करती है, बल्कि उनके सशक्तिकरण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छात्राओं को जागरूकता संबंधित पोस्टर भी वितरित किए गए। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। घरेलू हिंसा को रोकने, दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने , बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी ललितेश चौहान के अलावा विद्यालय के छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# इनामदार ने सहकारिता को बढ़ावा दिया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



गोष्ठी में लक्ष्मण राव इनामदार व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

**अमृत विचारः** सहकार भारती के प्रांतीय पदाधिकारीयों का जिले में प्रथम बार आने पर शहर के बिलराम गेट स्थित माया देवी पब्लिक स्कूल में गोष्ठी हुई। इसमें प्रांतीय पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

संगोष्ठी सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मण राव इनामदार तथा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरंभ की गई। इसके बाद सहकार भारती जिलाध्यक्ष हृदेश कुमार पुंडीर ने सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र स्वरूप वर्मा, प्रदेश सह संपर्क प्रमुख राणा प्रताप, अलीगढ़ विभाग संयोजक विकास यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद चौहान ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र स्वरूप वर्मा ने कहा कि लक्ष्मण राव इनामदार ने अपने व्यापक दृष्टिकोण से सहकारिता क्षेत्र में समृद्धि के नए द्वारा खोले। उन्होंने सहकार भारती की नींव रखकर निर्धन एवं निर्बल को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि सहकार भारती सहकारिता के क्षेत्र में बट वृक्ष की तरह मजबूती से खड़ा है। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश सिंह राठौड़ ने किया। गोष्ठी में वैभव उपाध्याय, सचिन सिसौदिया, निर्भ सिसौदिया, धर्मपाल पुंढीर, विनोद कुमार भारद्वाज, अंकित राजपूत, राजवीर सिंह, बबलू यादव, जसवीर यादव, सुशील यादव, राजीव पुंढीर आदि मौजूद रहे।

# सौर ऊर्जा प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, पटियाली



थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचारः** सिकंद्रपुर वैश्य थाना पुलिस ने सौर ऊर्जा प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की सौर ऊर्जा प्लेट व एक बिना नंबर का टेंपो बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

थाना सिकंद्रपुर वैश्य क्षेत्र के नरदौली निवासी सोरन सिंह के मकान की छत से सौर ऊर्जा प्लेट चोरी हो गई थी। पुलिस ने सुरागरसी के बाद रविवार को सनौडी चौराहे से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने वालों में अवधेश पुत्र राजेन्द्र सिंह, सचिन पुत्र ग्रीश सिंह, पुष्पेन्द्र पुत्र सतीश निवासी ग्राम नरदौली हैं। उनके पास बिना नंबर का टेंपो, चोरी की गई सौर ऊर्जा प्लेट बरामद हुए। इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि चोरों ने 18 सितंबर की रात्रि में सौर ऊर्जा प्लेट चोरी की थी। पीड़ित सोरन सिंह ने ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



अमांपुर बस स्टैंड पर राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

- भाजपाइयों ने पहले जुलूस निकाला फिर पुतला दहन किया
- बोले- कांग्रेस कभी नही चाहती कि ओबीसी आगे बढ़ें

**अमृत विचारः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद राहुल गांधी का पुतला फूंका।

शहर के सहावर गेट फाटक पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. खूब सिंह लोधी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बयान के विरोध नारेबाजी की। इसके बाद जुलूस निकालकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए भाषण का विरोध किया। जिलाध्यक्ष खूब सिंह लोधी ने कहा की कांग्रेस पार्टी हमेशा से ओबीसी आरक्षण की विरोधी रही है। कांग्रेस कभी नही चाहती कि ओबीसी आगे बड़े। कांग्रेस के नेता ओबीसी विरोधी राजनीति करते हैं। इस दौरान उदयवीर, स्वराज लोधी, डॉ. कामेंदर , रिंकू लोधी, गजेंद्र सिंह, नायक गौरव पाल, अशोक मौर्य, नाथूराम मौर्य, राजीव यादव, वीरेश, मनपाल मौर्य, गिर्राज किशोर, आकाश लोधी, शशिकांत गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥

एक विद्वान और राजा की कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है वही एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# भारत के लिए क्वाड

वर्तमान में भारत वैश्विक राजनीति में प्रतीत होने वाले विरोधाभासों को संतुलित करने और विविध देशों के साथ साझेदारी बनाए रखने की क्षमता के साथ एक अच्छी स्थिति में है। भारत इस बात से अवगत है कि कोई भी अकेला देश क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से नहीं निपट सकता है और यह महसूस करता है कि चुनौतियों का समाधान करने के लिए संसाधनों और क्षमताओं को एक साथ लाना अनिवार्य होगा। इसलिए भारत ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं अमेरिका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के लिए है। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं।

छठवीं क्वाड शिखर बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बैठक ऐसे समय हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, क्वाड का मिलकर साथ चलना, पूरी मानवता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के नेताओं की बैठक के बाद संयुक्त रूप से जारी एक घोषणा पत्र में कहा गया कि चार देशों का यह समूह अच्छे मकसद से बनाया गया है और रणनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक एकजुट है। क्वाड में शामिल देश एक नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मसलों के शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। 2007 में क्वाड की स्थापना और 2017 में इसके पुनरुत्थान के बाद से , क्वाड के भीतर भारत की भूमिका पर लगातार बहस चल रही है। यह स्वाभाविक है क्योंकि चीन के प्रति भी भारत का दृष्टिकोण सीमित संतुलन वाला है। क्वाड भारत को जरूरत पड़ने पर चीन पर दबाव बनाने में सक्षम बनाता है, साथ ही अपने उत्तरी पड़ोसी को एक परिकलित जोखिम से परे दुश्मनी करने से भी बचाता है। शिखर सम्मेलन भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चीन के बढ़ते आर्थिक और सैन्य प्रभाव का सामूहिक उत्तर है।

# आयुष्मान भारत : देश की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में क्रांति : आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार

> हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदान किए गए हैं, जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है। इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं, जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम : एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं और योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है, जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल्याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

समग्र स्वास्थ्य सेवा : आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक एएएम स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना : आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्वस्थ भारत का सपना : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

## प्रसंगवश

# जब ढेबर बने कांग्रेस अध्यक्ष



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक कांग्रेस अध्यक्ष हुए थे, जिसने 49 वर्ष की आयु में जवाहरलाल नेहरु तथा इंदिरा गांधी के बीच आकर स्वतंत्र्योत्तर भारत की दशा बदल दी। गति तेज कर दी। राजकोट (गुजरात) के उच्छरंगराय नवलशंकर ढेबर का जन्म 21 सितंबर को हुआ। ढेबर जब कांग्रेस अध्यक्ष बने थे तो राजनीतिक परिस्थितियां माकूल नहीं थीं। बाबू पुरुषोत्तम दास टंडन को हटने पर विवश कर नेहरू स्वयं पार्टी अध्यक्ष बने थे। फिर चार साल बाद तय हुआ कि पुराना केवल दो-बार निर्वाचन वाला नियम पुनः लागू हो, पर नेहरू को पता था कि पार्टी पर नियंत्रण न रहे तो प्रधानमंत्री पद पर संकट आ सकता है।

विकल्प था कि पुत्री इंदिरा फिरोज गांधी ही अध्यक्ष बने। हुकुम बरदार ढेबर ने पद तजकर इंदिरा प्रियदर्शिनी का नाम प्रस्तावित किया। तब प्रयागराज के गांव खागा में वे दौरे पर थीं। ढेबर द्वारा बेटी के नामांकन को तत्काल पिता ने स्वीकारा। तब लखनऊ के एक दैनिक का कार्टून था कि पहली पर वयोवृद्ध कांग्रेस पार्टी ने बजाय पति के “देवर” (ढेबर) के गले वरमाला डाली। उसके बाद से ढेबर ही अंतिम विधिवत निर्वाचित अध्यक्ष रहे। इंदिरा गांधी लगातार अध्यक्ष पद पर हावी रहीं अथवा नामित करतीं रहीं। हालांकि इंदिरा गांधी के विरुद्ध मैसूर राज्य के कांग्रेस नेता प्रत्याशी बने थे, पर अध्यक्ष बन नहीं पाए थे। यहीं एस. निजलिंगप्पा थे, जिनकी अध्यक्षता में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस विरोधी अनुशासनहीनता हेतु (12 नवंबर 1969 निष्कासित कर दिया गया था। पार्टी टूट गई थी। ढेबर इस विभाजन के मूक साक्षी थे। ढेबर का राजनीतिक जीवन घटनाओं से भरा था। वे सौराष्ट्र प्रदेश के (1948-1954) मुख्यमंत्री रहे। बाद में उसका वृहत गुजरात राज्य में विलय हो गया था।

योजना आयोग की अवधारणा, भूमि सुधार का अभियान, सीमा शुल्क, रियासती रेलवे, आयकर और सशस्त्र सुरक्षा बल के सुधार तथा विकास में ढेबर का अपार योगदान था, लेकिन सौराष्ट्र में छोटी-छोटी जमीनदारी तथा रजवाड़ों को एक सूत्र में पिरोकर ढेबर ने सरदार पटेल को पेश किया और प्रशंसा पाई। ढेबर कांग्रेस इतिहास में नेहरू और इंदिरा गांधी के बीच में निर्वाचित हुए अध्यक्ष थे।

# तिरुपति के लड्डू



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> बात लड्डू की पवित्रता की ही नहीं है, देश के सभी खाद्य पदार्थों, दूध, सब्जियों, फलों, दवाइयों की शुद्धता की है, जिसका सेवन हम सभी कर रहे हैं।

हिंदुओं की आस्था का केंद्र तथा देश में सबसे धनी मंदिर का रुतबा रखने वाले तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता को लेकर आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान ने तहलका मचा दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री वाई यस जगन मोहन रेड्डी के काल में इन लड्डुओं के बनाने में जिस देशी घी का प्रयोग होता था, उसमें परीक्षण से जानवरों की चर्बी पाई गई है। यह परीक्षण गुजरात के आणंद स्थित राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के पशुओं के भोजन के विश्लेषण तथा सीखने के केंद्र (काफ) में किया गया था।

तिरुपति बालाजी में भक्तों को प्रसाद के रूप में बड़ा लड्डू भुगतान पर मिलता है, जो खाने में स्वादिष्ट भी होता है। इस लड्डू की वर्ष भर की बिक्री से मंदिर के ट्रस्ट को 500 करोड़ रुपए का लाभ होता है। इस लड्डू को बनाने के लिए घी तमिलनाडु के डिंडीगुल की एआर डेयरी से आता है, जो अन्य कई फर्मों को भी घी बेचती है। डेयरी ने अपने घी को शुद्ध बताते हुए मिलावट से इंकार किया है।

तिरुपति ट्रस्ट के पास घी की शुद्धता परीक्षण की कोई प्रयोगशाला नहीं है। काफ ने लड्डू में प्रयुक्त घी में मछली का तेल, गोवंश की चर्बी, सुअर के पेट की चर्बी लार्ड पाई। इन सबको मिलाकर विदेशी चर्बी कहा गया है। इसके अतिरिक्त घी में सोयाबीन, जैतून, सूरजमुखी, रेपसीड, लिनसीड, गेहूं, मक्का, कपास के बीज, नारियल और ताड़ की गिरी भी पाई गई है, जो उन्हें दिए जाने वाले चारे से मिली होगी। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रिपोर्ट अन्य आठ कारणों से गलत भी हो सकती है, जिसमें गाय को कम खिलाना, गाय को अधिक वनस्पति घी खिलाना भी सम्मिलित है। तिरुपति मंदिर एक स्वायत्तशासी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट द्वारा संचालित होता है, इस पर राज्य सरकार का सीधा नियंत्रण है। तिरुपति के लड्डू ही क्यों, देश के बहुत से मंदिरों में प्रसाद की बिक्री हो रही है, उनकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। देश में प्रचलित अन्य कंपनियों के शुद्ध गाय घी व शुद्ध शहद का हाल सब जानते ही हैं। किसी भी क्षेत्र में जितना दूध नहीं होता, उससे अधिक का खोया और पनीर बाजार में बिक रहे हैं।

वर्ष 2009 में मैं एसएसपी आगरा नियुक्त हुआ। उसी समय आगरा शहर के बाहर, यमुना नदी के किनारे की झाड़ियों के पास जानवरों की चर्बी एकत्र कर बड़े कड़ाहों में पिघलाकर कुछ अन्य सामग्री डालकर घी बनाने की घटना का भंडाफोड़ हुआ था। इस कार्य में लिप्त कुछ गिरफ्तार हुए, मुख्य अभियुक्त स्थानीय बसपा विधायक की शरण में चला गया, जो बड़े जूता निर्यातक भी थे। उस समय बसपा की सरकार थी। विधायक जी ने मुझसे उसकी सिफारिश की। अनुकूल उत्तर न पाकर वह मेरी शिकायत लेकर लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिले। तीसरे दिन मैं व जिलाधिकारी मृत्यंजय नारायण कैबिनेट सचिव के दरबार में तलब हुए। वहां कैबिनेट सचिव व डीजीपी के समक्ष विधायक ने मेरे ऊपर उनसे अशिष्ट व्यवहार करने की शिकायत की। प्रति उत्तर में मैंने उनके मुख्य अभियुक्त की सिफारिश का उल्लेखकर इस कांड में उन्हें भी शरणदाता बताकर उनके विरुद्ध भी कार्यवाही करने की बात कही। डीजीपी विक्रम सिंह ने दबंगई से कहा कि जो भी इस कांड में अपराधी हो, जनता के सामने जूता मारकर मैं बंद कर दूं। इतना सुनते ही माननीय विधायक जोर-जोर से रोने लगे। हम सभी स्तब्ध रह गए। फिर डीजीपी व कैबिनेट सचिव ने उन्हें सांत्वना दी कि उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, वह शीघ्र मुख्य अभियुक्त को पुलिस को दे दें, तब वह रोना बंद किए और अगले दिन ही अभियुक्त को थाने भेज दिए।

बात लड्डू की पवित्रता की ही नहीं है, देश के सभी खाद्य पदार्थों, दूध, मसालों, सब्जियों, फलों, दवाइयों की शुद्धता की है, जिसका सेवन हम सभी कर रहे हैं। हमारी सोच ऐसी हो गई है कि हम अपने फायदे के लिए किसी भी पदार्थ में कुछ भी मिला सकते हैं, उससे उपभोक्ता मरे या बीमार हो, इसकी चिंता हम नहीं करते। शहर या देहात में यदि हमें किसी कीमत पर शुद्ध दूध, घी मिल जाए तो हमारा सौभाग्य। सब्जियों पर इतना कीटनाशक का छिड़काव हो रहा है कि वह खाने योग्य नहीं रह गई हैं। गेहूं, चावल की फसलों में रासायनिक खादों तथा कीटनाशकों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। यही हाल दवाओं की गुणवत्ता का भी है। नई-नई दवाइयों में कौन सा साल्ट नुकसान दायक है, पता ही नहीं रहता। विदेशों में कितनी प्रतिबंधित दवाएं हमारे यहां रोगियों को खिलाई जा रही हैं। इन सबका प्रभाव स्पष्ट है, डायबिटीज, कैंसर व अन्य रोगों की अप्रत्याशित वृद्धि। केंद्र व सभी प्रदेश सरकारों को इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर इसका स्थायी समाधान करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# अंतरिक्ष अनुसंधानों पर खर्च



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

कैबिनेट ने सन 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाने के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-4 को मंजूरी दे दी है। इसका उत्तरदायित्व 'इसरो' का होगा। इस मिशन के लिए अभी का बजट 2104 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त 'गगनयान फॉलो-ऑन' और सन 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और पृथ्वी के सबसे करीबी ग्रह शुक्र के अध्ययन के लिए 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

अंतरिक्ष अनुसंधान के ये सारे मिशन हजारों करोड़ रुपये के हैं। ताकतवर रॉकेटों द्वारा की जाने वाली अंतरिक्ष यात्राएं बहुत महंगी पड़ती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान पर इतना खर्च करना कितना उचित है? ठीक है, ये अनुसंधान महंगे पड़ते हैं। इस खर्च में अनेक अस्पताल, अनेक स्कूल, अनेक सड़कें अनेक विद्युत गृह और अन्य साधन बनाए जा सकते हैं, लेकिन ये अनुसंधान आवश्यक होते हैं, जहां ये मानव की ज्ञान-प्राप्ति की ललक को संतुष्ट करते हैं, वहीं ये उसके अनेक काम आ सकते हैं, जो तकनीक रॉकेट को ऊपर फेंकने में काम आती है, वही युद्धों में मिसाइल्स को फेंकने में काम आती है। हमें अपनी रक्षा तो करनी ही पड़ेगी। उसके लिए हम लाखों-करोड़ रुपये प्रतिवर्ष खर्च करते ही हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान भी रक्षा कार्यों का एक भाग हैं।

हमारे कृत्रिम उपग्रह जहां संचार और मौसम संबंधी अनेक सूचनाएं देते हैं, वहीं ये रक्षा-संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी देते हैं। फिर ज्ञान-प्राप्ति ही हमारे जीवित रहने का माध्यम है। यदि मनुष्य गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक पहुंचा है तो यह उसकी ज्ञान प्राप्ति की ललक के कारण ही संभव हुआ है। वास्तव में हमें अनेक दिशाओं में एक साथ आगे बढ़ना होता है। हम अपनी पृथ्वी और अपने देश की समस्याओं को भी सुलझाएं और साथ में ऐसे अनेक अनुसंधान भी करें। लेकिन मेरे अनुसार यह सही तरीका नहीं है। सही तरीका यह है कि हम अपनी मूल व्यवस्था को भी सुधारें और साथ में आगे की तकनीक को भी लाएं।

-फेसबुक वॉल से

# लड्डू यानी खुशियां परमानंद



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> हिंदुस्तानियों ने लड्डू बनाने के क्षेत्र में इतने प्रयोग किए हैं, इतने तरह के लड्डुओं का अविष्कार कर चुके हम कि यदि उनका ही कॉपी राइट मिल जाए तो देश मालामाल हो सकता है। यह फास्ट फूड है हमारे देश का।

लड्डुओं को कम मत गिनिए। लड्डू यानी खुशियां परमानंद। ये सफलता के प्रतीक हैं। लड्डू वही खाता-खिलाता है, जिसे कुछ मनचाहा मिल गया हो। ये खाने और खिलाने वाले दोनों को अंदर से मीठा करने में समर्थ होते हैं। ये आपको खुशमिजाज, आत्मीय और मिलनसार शख्स में बदल सकते हैं। ऐसा स्वभाव ही आपको ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। मुंह मीठा करवाया क्यों जाता है आदमी का। केवल इसलिए कि बंदा मीठा-मीठा बोले।

लड्डुओं का काम ही यही है, उसे मुंह में रखते ही दिमाग पर आनंद के बादल छा जाते हैं। जीभ से लेकर गला और जिगर तक ऐसी अलौकिक कृपा बरसने लगती है कि शैतान भी साधु में बदल जाए। लड्डू खाता है आदमी और खिलाने वाले के बारे में अच्छा-अच्छा सोचने लगता है। यदि ऐसा न होता तो लड्डू खिलाने वाले क्यों अपनी अंटी ढीली करते और क्यों किसी को लड्डू खिलाने, किसी के यहां लड्डू भेजने की जहमत उठाते। एक बार बना लें लड्डू, फिर हफ्तों खाते रहें। ज्यादा भागदौड़ और माथा पच्ची की जरूरत नहीं। ये स्वाद भरे हैं, गरिष्ठ हैं , विविधता हैं इनमें। लड्डू इतने तरह के आते हैं, इतनी तरह से बनाए जाते हैं कि आप गिनते-गिनते हैरान हो जाएं और फिर जमाने भर की बेहतरीन चीजें डाली जाती हैं। तरह-तरह के मावे, ड्राई फ्रूट्स इसे अलौकिक बना देते हैं।

हिंदुस्तानियों ने लड्डू बनाने के क्षेत्र में इतने प्रयोग किए हैं, इतने तरह के लड्डुओं का अविष्कार कर चुके हम कि यदि उनका ही कॉपी राइट मिल जाए तो देश मालामाल हो सकता है। यह फास्ट फूड है हमारे देश का। वो तो अमेरिका अमीर है ,पैसों के दम पर, जो चाहे कर सकता है। इसलिए फास्ट फूड के नाम पर उसके जंक फूड्स की चैन है पूरी दुनिया में। यदि हमारी जेबें भी उसकी तरह भरी होती तो पूरी दुनिया के मुंह में केवल लड्डू भरे होते। सुना है ,स्पेस में जाने वाले अपने साथ नीरस सी चीजें कैप्सूल में भरकर ले जाते हैं। मन मारकर खाते होंगे वो सब। अब जब आदमी को कायदे से, मन भरकर, खाने को न मिले तो सौंपे गए काम में मन नहीं लगता उनका। ऐसे में सरकारी बाबुओं जैसी फाइलें निपटाकर लौट आते होंगे वो। एक बार लड्डू का डब्बा साथ रख कर देखें उनके। हो सकता है वो फिर टॉरगेट से ज्यादा अचीव कर लें। ब्रह्मांड के बाहर का भी चक्कर लगा आएं। कोई नई पृथ्वी ही तलाश लें। यदि ऐसा हो सके तो यहां की आधी आबादी को वहां शिफ्ट कर इस दुनिया को रहने लायक बनाया जा सकता है। दुनिया में जो इतनी बड़ी-बड़ी लड़ाइयां हुईं। थोक में दो-दो विश्व युद्ध हो चुके। फुटकर लड़ाइयां तो रोज ही जारी रहती हैं। सारी ही लड़ाइयां छोटी-मोटी तू-तू मैं-मैं से ही शुरू होती हैं और फिर बड़ी हो जाती हैं। कुछ मांगने और न देने पर भी लड़ाइयां होती ही हैं। मुझे हैरानी इस बात की है इन सभी झंझटों से निपटने के लिए लड्डुओं से मदद क्यों नहीं मांगी जाती? लड्डू से बड़ा शांति दूत न पहले कभी हुआ है न मुझे आगे होने की उम्मीद है। जब भी किसी से मनमुटाव हो, लड्डूओं का डब्बा भेजिए और उसका जादू देखिए। लड्डू की साईज और संख्या पर आईए अब। लड्डू जितना बड़ा होगा आपको उतना उदार बनाएगा। संख्या मे जब भी ज्यादा होंगे ये, आपको उसे दूसरों से मिल बांटकर खाने की प्रेरणा देगा, जो मिल बांटकर खाते हैं उनकी कीर्ति पूरे संसार में फैलती है। लोग पसंद करते हैं, उन्हें उनकी न्याय बुद्धि ,उदारता और सज्जनता के पुल बांधे जाते हैं। आदमी को संसार में पैसे के अलावा तारीफ ही तो चाहिए! लड्डू इसमें आपकी मदद करते हैं और फिर लड्डू खाते-खिलाते ही आदमी खाया-पिया लगने लगता है। जैसा कि आप जानते ही हैं हमारे यहां पढ़े-लिखों से ज्यादा खाए-पियो को इज्जत देने का रिवाज है, ऐसे में लड्डू आपको इज्जतदार बनाने में भी मदद करता है।

किसी नन्हें-मुन्ने लड्डू से इससे ज्यादा और क्या उम्मीद की जा सकती है। यही सब वजहें हैं कि बच्चा पैदा हो, बड़ा हो, कुछ करने धरने लग जाए, ब्याह हो उसका, उसके अपने बच्चे हो, जमीन जायदाद खरीदने लायक हो जाए आदमी, लड्डू ही है, जो इन सभी की तस्दीक करते हैं। यदि ऐसे मौकों पर भी आपने लड्डू नहीं बांटे तो आपसे बड़ा मक्खीचूस और कोई नहीं। आपकी इज्जत एकदम गरीबी रेखा के नीचे चली जाती है और सारे मिलने वाले यह मान लेते हैं कि आपसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती, जिससे उम्मीद नहीं की जा सकती उसे इज्जत देना और वक्त बर्बाद करना एक ही चीज है। धरती गोल केवल इसलिए है, क्योंकि लड्डू गोल होता है। पृथ्वी गोल न हो तो घूमना बंद कर दे, पर लड्डू टेढ़ा हो तब भी दुनिया को घुमा सकता है। कैसे? वो आप आजकल देख ही रहे हैं। लड्डू भगवान को भी पसंद आते हैं और भक्तों को भी। इसीलिए लड्डू ही वो हैसियत रखते हैं, जो आपके लोक और परलोक दोनों को बेहतर बना सकते हैं।

# लोकतंत्र में अध्यात्मवाद के दायरे



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म और ईश्वर एक नहीं हैं। इन दोनों को लेकर घालमेल नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज में इन दोनों को लेकर काफी घालमेल है। धर्म आमतौर पर समाज के संस्कारों, आदतों, जीवनशैली आदि में रमा होता है। धर्म को हम धारण करते हैं, ईश्वर पर विश्वास करते हैं। धर्म में परिवर्तन सामाजिक विकास के परिवर्तनों के साथ तेज गति से होते हैं, लेकिन ईश्वर संबंधी धारणाओं-अवधारणाओं में विश्वास बहुत धीमी गति से होते हैं। धर्म में विचरण करते हुए हम वैसे ही जीते हैं जैसे फेसबुक में जीते हैं। कोई चीज पसंद आई तो लाइक कर दिया, पसंद नहीं भी आई तो वैसे ही लाइक कर दिया। धर्म क्या है और वह जीवन में क्यों है?

इससे जुड़े सवालों पर फिर कभी विस्तार से बातें होंगी, यहां पर पहले ईश्वरवाद और अनीश्वरवाद संबंधी भारततीय दार्शनिक परंपरा पर बातें करें। ईश्वरवाद-अनीश्वरवाद पर बहस करके ही व्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया जा सकता है। लोकतंत्र की पहली शिक्षा यही है कि कठिन से कठिन सवाल मुक्तभाव से उठाओ। निडर बनो। जिन लोगों ने भारत में दर्शन का विकास किया, उनमें से हरेक ने ईश्वर के सवाल पर विचार किया। ईश्वर के सवालों से भागकर सम-सामयिक माहौल को न तो बदल सकते हैं और नहीं नए माहौल की सृष्टि ही कर सकते हैं। ईश्वर-अनीश्वर की बहस को आप श्रद्धा-आस्था-विश्वासों के आधार पर नहीं चला सकते। भारतीय दर्शन परंपरा में विभिन्न मत-मतांतरों के दार्शनिकों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हुए इस विषय पर जमकर बहस की है। लोकतंत्र की यह पहली जरूरत है कि विचारों में भिडंत हो, लेकिन सम्मान और आदर बनाए रखकर, ज्ञान के विकास के लक्ष्य को बनाए रखकर। इन दिनों नए किस्म का कठमुल्ला समाज जन्म ले रहा है, इसमें विचारों की भिडंत के लिए कोई जगह नहीं है, विचारों में लोकतंत्र की परंपरा कैसे बनाएं इस पर हमें अपने दार्शनिक विचारकों से सीखना चाहिए।

विचारों में भिडंत का मतलब दार्शनिक-विचारक पर शारीरिक हमले करना नहीं था। लंबे समय तक बहुत ही शांतिप्रिय माहौल में ईश्वर-अनीश्वर पर बहस हुई है। समग्रता में देखें तो भारत में अधिकांश दर्शनशास्त्री अनीश्वरवादी थे, लेकिन यह मिथ है कि अधिकांश दार्शनिक ईश्वरवादी थे। दर्शन में ईश्वर-अनीश्वर की बहस को हमने अध्यात्मवाद में डुबो दिया है। ज्ञान की बहसों को अध्यात्मवाद के घटाटोप अंधकार से बाहर निकालने की जरूरत है। हर चीज में अध्यात्मवाद को आरोपित करने का अर्थ है समाज को अविवेक और हिंसा के नरक में डुबो देना। जितनी बार हम विचारों को अध्यात्मवाद के आवरण में रखकर देखेंगे हमें विचार और ज्ञान से परहेज होने लगेगा, नए परिवर्तनों से नफरत होने लगेगी। देश में लोकतंत्र रहे और उसका विकास हो इसके लिए जरूरी है कि अध्यात्मवाद को लोकतंत्र से दूर रखें। लोकतांत्रिक विचारों के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती यदि कहीं से आ रही है तो वह है अध्यात्मवाद।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षकों का धरना 26 को

एटा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन कुमार फौजी और प्रांतीय जिला मंत्री वीरपाल सिंह जाटव के अनुसार पुरानी पेंशन बहाली के लिए 26 सितंबर को दोपहर ढाई बजे नगर के जीटी रोड स्थित शहीद पार्क में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। दोनों पदाधिकारियों ने संघ के पदाधिकारियों से अपील की है कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

### कामरेड लल्ला बाबू के निधन पर शोक

**कासगंज :** सीपीआईएम के नेता कामरेड लल्ला बाबू का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। साथियों ने मौके पर पहुंच कर अंतिम यात्रा में सहभागिता कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। कामरेड सालिगराम ने बताया कामरेड लल्ला बाबू संगठन की एक मजबूत कड़ी थे। वह हर समय मजबूती के साथ खड़े रहते थे। उनके निधन से सीपीआईएम को बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने पार्टी के लिए हमेशा प्राथमिकता दी। लल्ला बाबू हमेशा सबकी यादों में रहेंगे। इस दौके पर कामरेड ईश्वरी प्रसाद, कामरेड राजकुमार कुशवाहा, भूप सिंह, विजय प्रताप, राकेश बाबू, संजय कुमार आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अरिंद नहर ओवरफ्लो होने से खेतों में भरा पानी, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

## गुस्साए किसानों ने रोड जाम कर किया धरना-प्रदर्शन, पुलिस ने समझाकर किया शांत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** विकास खंड मारहरा के निधौलीकलां क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। गंग नहर के बाद अरिंद नहर ओवरफ्लो हो गई। जिससे पानी सड़क के ऊपर से निकलकर खेतों में जा पहुंचा। इससे सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। इससे गुस्साए किसानों ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की।

तेज बहाव के के कारण पानी छोटे मोटे बांध को काटता हुआ खेतों में जा घुसा। इससे कई गांवों की सैकड़ा बीघा फसल जलमग्न हो गई। जिससे धान, बाजरा, उड़द आदि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, अन्य फसलों के लिए तैयार खेतों में पानी भरने से बुवाई का संकट पैदा हो गया। खेतों में पानी भरने से किसान आक्रोशित हो उठे। गुस्साए ग्रामीणों ने निधौलीकलां-जलेसर मार्ग स्थित सोरखा गांव की मोड़ पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इसका पता लगने पर जिला पंचायत सदस्य अनिल चौधरी और नेता मातादीन भैया मौके पर पहुंचे। इसका पता लगने पर निधौली कलां पुलिस मौके पर जा पहुंची और किसानों को समझाकर शांत किया। किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूबने से बर्बाद हो गईं। इससे तत्काल मुआवजा दिलाया जाए। खेतों में भरा पानी निकालने को प्रबंध किया जाए। नहर व प्रशासनिक अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं।



नहर के पानी की समस्या को लेकर रोड पर धरना देते किसान। ● अमृत विचार

● सरकार से तत्काल मुआवजा देने की उठाई मांग



खेतों में खड़ीं फसलें जलमग्न और सड़क के ऊपर से गुजरता पानी। ● अमृत विचार

# फसल डूबने से सदमे में आए किसान की मौत

संवाददाता, एटा

● बारिश में मकान ढह गया, पानी भरने से खेत में खड़ी फसल बर्बाद हो गई

● शनिवार को खेत पर फसल देखने गए थे बलवीर सिंह फिर घर नहीं लौटे

**अमृत विचार:** बारिश में मकान गिरने और खेत में खड़ी फसल पानी में डूबने से सदमे में आए किसान की अचानक मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मकान गिरने और फसलों में नुकसान होने से किसान परेशान थे। इसका पता लगने पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया।

जलेसर क्षेत्र के ग्राम गहला निवासी बलवीर सिंह (70) खेती करते थे। 18 सितंबर को हुई बारिश के दौरान उनका मकान गिर गया था। इससे बलवीर सिंह काफी परेशान थे। बेटे रोहित ने बताया कि उनके खेत में मिर्च, धान व अन्य फसलें खड़ी हैं। शनिवार को उसके पिता बलवीर सिंह खेत देखने गए। खेत में पानी भरने से फसलें डूबी हुई थीं, जिससे भारी नुकसान हुआ। फसलों को डूबा देख बलवीर सिंह सदमे में आए गए और वहीं बेहोश होकर गिर गए। आसपास खेतों पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दी तो परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। मगर तब तक बलवीर सिंह की मौत हो चुकी थी। इसका पता लगने पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। बेटे रोहित ने बताया कि मकान गिरने के समय भी अधिकारी आए थे। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने का वायदा किया था।

एसडीएम जलेसर ने बताया कि किसान का घर बरसात में गिर गया था। उसका सर्वे हो चुका है। पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। फसलों में हुए नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। जिससे मौत की सही वजह सामने नहीं आ सकी।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी समेत 17 गिरफ्तार

**एटा।** एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर विभिन्न थानों की पुलिस ने अपहरण के बाद नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारहरा थाना पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें गांव नगला निवासी शेखपाल, जाहिदपुर निवासी बृजेश, कस्बा के मोहल्ला कायस्थान निवासी शिवकुमार, जाहिदपुर निवासी बनवारीलाल, कायस्थान निवासी अशोक कुमार शामिल हैं। उनके कब्जे से 1315 रुपए बरामद हुए। वहीं मारहरा पुलिस ने अपहरण के बाद नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी व इनामी आशू पुत्र एजाद निवासी मोहल्ला काजी मारहरा को गिरफ्तार किया है। चैकिंग के दौरान अवागढ़ पुलिस ने अवैध असलाह हरदेव निवासी विन्नायक थाना अवागढ़ को बंदी बनाया है। जलेसर पुलिस ने वारंटी जफरुददीन निवासी हसनगढ़, सुराजुददीन, धर्मवीर निवासी मोहल्ला शेरगंज, गफ्फार निवासी मोहल्ला गढीमान बंटी निवासी अल्लैपुर, छिग्गा निवासी पवरा, सईउददीन निवासी महकी खुर्द, रामबाबू निवासी पिलखुन और पिलुआ पुलिस ने विजयपाल निवासी पिलुआ, देवेन्द्र निवासी पिलुआ को गिरफ्तार किया है।

# सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक ठंडी सड़क स्थित कश्यप धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र सौंपे गए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला महासचिव भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूले पर अमल करते हुए सामाजिक भाईचारा स्थापित करें, जिससे आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बन सके।

बैठक को जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह शाक्य, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फईमुद्दीन वारसी, श्रवण कुमार कश्यप, अवधेश यादव, अरविंद यादव, जितेंद्र सिंह यादव आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार कश्यप ने की। संचालन जिला महासचिव अवधेश यादव ने किया। बैठक में दयाशंकर, अर्जित कुमार यादव, मनोज भारद्वाज, अनुज शर्मा, शेर सिंह कश्यप, राजकुमार पाल, श्याम सुंदर, अनुज कश्यप, राज सिंह यादव, प्रदीप यादव, अखिलेश यादव, प्रधान कुंवरपाल, दिनेश चंद्र, राजकुमार शाक्य, योगेश कुमार, सुदेश यादव, ओमेंद्र सिंह, प्रधान पंकज सिंह, सुनील यादव, सुभाष चंद्र, ओमवीर सिंह यादव, सचिन यादव, गौरव यादव, अखिलेश शाक्य, विमल किशोर शाक्य, राजू यादव आदि मौजूद रहे।



सपा की बैठक में मनोनयन पत्र के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गंगा घाट पर श्रद्धालु का बैग चोरी

**सोरों जी।** मध्यप्रदेश के धार से अपने माता-पिता कh अस्थि विसर्जन करने आये श्रद्धालु का हरि की पौड़ी के घाट से बैग चोरी हो गया। उसके बैग में कपड़े व दो स्मार्ट फोन थे। पंकज यादव अपनी पत्नी अनु यादव व पुत्र संदीप के साथ अपने तीर्थ पुरोहित सोहन मिश्र के यहां आए थे। सुबह 11.30 बजे वह हरि की पौड़ी के तेलीय घाट पर तीर्थ पुरोहित अस्थि विसर्जन व पिंड दान कार्यक्रम करा रहे थे। तभी किसी ने अनु यादव के पास रखा बैग चुरा लिया। बैग चोरी होने की तहरीर कोतवाली में दी गई है। गंगा घाट पर भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के खास इंतजाल किए गए हैं। बावजूद इसके चोर-उचक्के अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही हैं।

# नम आंखों से जवान को दी अंतिम विदाई

संवाददाता, एटा

● जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने के बाद लौटते समय ट्रक खाई में गिरने से हो गई थी मौत

● पैतृक गांव में सैनिक सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दौरान दुखद हादसे में बीएसएफ के जवान सुखवासी लाल (49) की शहादत हो गई। मलावन थाना क्षेत्र के अयार गांव निवासी सुखवासी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लाया गया तो मातम छा गया। लोगों ने नम आंखों से सुखवासी को अंतिम विराई दी।

जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने के बाद शुक्रवार को वहां से लौट रहे जवानों से भरा ट्रक बड़गाम इलाके में गहरी खाई में गिर गया था। इसमें एटा जिले के अयार गांव निवासी जवान सुखवासी लाल की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार सुबह सुखवासी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव अयार लाया गया। इसका पता लगने पर हजारों की संख्या में लोग सुखवासी के अंतिम दर्शन को पहुंच गए। इस मौके पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। दोपहर को राजकीय सम्मान के साथ जवान सुखवासी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनको अंतिम विदाई देते वक्त वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। सुखवासी लाल ने 1999 में पंजाब के फिरोजपुर से बीएसएफ में भर्ती होकर देश सेवा शुरू की थी। उनकी तैनाती 124 बटालियन बीकानेर में थी। उनके एक बेटी और दो बेटे हैं।

**परिवार में मचा कोहराम:** बड़े भाई रक्षपाल सिंह ने सुखवासी के परिवार के लिए सरकार से मदद की मांग की है। उनकी शहादत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। सुखवासी लाल ने देश के लिए जो बलिदान दिया है, उसे गांव वाले कभी भुला नहीं पाएंगे।



जवान सुखवासी का पार्थिव शरीर घर लाए जाने पर विलाप करतीं परिवार की महिलाएं।

# तमंचा लहराते समय चली गोली लगने से बच्ची घायल

संवाददाता, सहावर

● घटना के बाद आरोपी फरार बच्ची के परिजनों ने पुलिस को दी नामजद तहरीर

**अमृत विचार:** बाइक पर तमंचा लहराते समय चली गोली लगने से दरवाजे पर खड़ी छह वर्षीय बच्ची घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बाइक सवार युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

यह घटना रविवार शाम की है। सहावर थाना क्षेत्र के गांव गुडगुडी निवासी राजेंद्र की छह वर्षीय पुत्री रिया अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। उसी दौरान गांव का अजय कुमार पुत्र सन्नाम सिंह हाथ में तमंचा लहराते हुए बाइक दौड़ा रहा था। गांव के कुछ लोगों ने तेज बाइक चलाने और तमंचा लहराने को मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा। इसी बीच तमंचे से गोली चल गई। गोली दरवाजे पर खड़ी रिया के हाथ में लगी, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। बच्ची की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए। मगर तब तक आरोपी अजय बाइक लेकर भाग गया। परिजन घायल बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

घायल बच्ची को सहावर सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा दिया गया। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि गुडगुडी गांव में बाइक से स्टंट करते समय तमंचे से फायर हो गया। गोली जाकर बच्ची के हाथ में लगी है। उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं। परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार :** मलावन थाने में रामकिशोर पुत्र नेत्रपाल सिंह ने क्षेत्र के गांव नगला अमर निवासी पिंकी पुत्री स्व. ओमकार समेत दो लोगों पर मामला दर्ज कराया हैं बताया है कि 13 मई को पिंकी आदि ने पीड़ित को खेत पर घेरकर मारपीट की। वहीं, कोतवाली देहात में वीरेश पुत्र अतर सिंह निवासी नगला कन्हीं ने मामला दर्ज कराया है। बताया है कि गांव के बॉबी पुत्र शिशुपाल ने मारहरा तिराहा पर घेर कर मारपीट की गाली गलौज करते हुए धमकी दी गई। इसके अलावा कोतवाली नगर में दीपक तिवारी पुत्र रामप्रकाश तिवारी निवासी वनगांव रोड 414 चन्द्रगुप्त कालोनी निवासी ने गौरव वर्मा पुत्र डोरीलाल वर्मा निवासी गली नं. 4 निधौलकलां रोड अशोक नगर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दीपक ने बताया कि 13 अगस्त को उसके घर में घुसकर मारपीट की।

# जलेसर में धूमधाम से निकाली गई महावीर स्वामी की शोभायात्रा



जलेसर में निकली शोभायात्रा में शामिल जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** श्री दिगंबर जैन समाज की ओर से महावीर स्वामी की दो दिवसीय यात्रा के प्रथम दिन शोभायात्रा बड़े जैन मंदिर से आरंभ हुई, जो महावीर गंज स्थित पारसनाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की झांकी की जगह-जगह आरती उतारी गई और फूल बरसाए गए। शोभायात्रा शेरगंज से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर बड़ा बाजार, नाला बाजार, मंडी जवाहरगंज होती हुई महावीरगंज पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, नरेंद्र कुमार जैन, आदित्य कुमार मित्तल, प्रमोद कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, महेश कुमार जैन, सुरेंद्र कुमार जैन, धर्मेंद्र कुमार जैन, पदम चंद्र जैन, तिलक चंद्र जैन, प्रशांत जैन, विनीत जैन, चीकू जैन शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### सोरों में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली



**सोरोंजी, अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों में भागवत कथा आरंभ होने से पूर्व कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल महिलाएं सिर पर गंगाजल से भरे कलश रखकर हरि की पौड़ी की परिक्रमा के दौरान राधे राधे नाम जप रही थीं। कथा शास्त्री आचार्य पंडित उत्तम कृष्ण कटारा के साथ श्रद्धालु मोहन तिवारी एवं गिरिजा तिवारी सिर पर पवित्र ग्रंथ भागवत रख कर चल रहे थे। गाजे बाजे के साथ बज रहे भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते रहे थे। कलश यात्रा चक्रतीर्थ, बारु बाजार, मोहल्ला चौंसठ, कसरेट बाजार, मोहल्ला तिराया, कटरा बाजार होती हुई चंदन चौक स्थित कथा स्थल संपन्न। जहां आचार्य द्वारा विधि विधान पूर्वक कलश स्थापना कराई। पहले दिन की कथा में आचार्य पं. उत्तम कृष्ण कटारा ने श्रीमद भागवत महात्म्य कथा सुनाई। सोमांशू निर्भय, मुनींद्र चौधरी, द्वारिका तिवारी, मनोज भारद्वाज, अभिषेक शर्मा योगेश शर्मा, विपिन रामलोटा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भाजपा ने कैंप लगाकर बनाए चार दर्जन नए सदस्य



**कासगंज।** अटल सदस्यता पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल द्वारा मनकामेश्वर मंदिर नगरिया पर सदस्यता कैंप लगाकर चार दर्जन से अधिक लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की लोकप्रियता का ही परिणाम है कि प्रदेश में मात्र 18 दिन में एक करोड़ लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है। इस मौके पर दीपक सोलंकी, श्यामू सोलंकी, सूरज शर्मा, कुनाल, रामबाबू गुप्ता, रमेशचंद्र, दीपक, महाराज सिंह, पंकज कुमार, रनवीर शर्मा, विनेश, अर्चना, नेकसी देवी, भगवंत, हरवीर सिंह मौजूद रहे।

### नाला बन गई अकबराबाद की सड़क, हो रही दिक्कत



**सहसवान, अमृत विचार :** मोहल्ला अकबराबाद की मुख्य सड़क पर पानी भर जाने से आम लोगों के साथ साथ स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है। ऊपर से नगर पालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान से और परेशानी खड़ी हो गई है। नाली पर बनी स्लैब को तोड़कर डालने से मार्ग और उबड़ खाबड़ हो चुका है। इस रोड को ठीक कराने की मांग मोहल्ले के लोगों ने की है। अकबराबाद मोहल्ले की सड़क काफी नीची है। यहां के लोगों ने नाले पर पक्की स्लैब डाल कर पाट दिया है। जिससे पानी का निकास बंद हो गया है। नाले बंद होने से पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क पर वाहनों का आवागमन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। नागरिकों ने डीएम को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है।

### बसपा के मंडल प्रभारी बने कालीचरन का स्वागत

**एटा, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कालीचरन पुष्कर को अलीगढ़ का मंडल मंडल प्रभारी बनाया है, जो जिला एटा को भी देखेंगे। रविवार को पार्टी कार्यालय पर नवनियुक्त मंडल प्रभारी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में विजय बहादुर सिंह, राजू राम रतन, जिला उपाध्यक्ष योगेश शाक्य, राजा बच्चू सिंह, प्रेम बाबू आदित्य एडवोकेट, विशाल गौतम, राम चन्द्र, अवनीश कुमार, एकांत प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

## स्वास्थ्य

### गर्मी-बारिश के मौसम में आम हो जाती है फूड प्वाइजनिंग की समस्या, चिकित्सकों की सलाह-लक्षण दिखें तो तत्काल लें परामर्श

# खानपान का रखें ध्यान, सेहत के प्रति बरतें खास सावधानी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** गर्मी और बारिश के मौसम में फूड पॉइजनिंग होना एक आम समस्या है। हर साल तमाम लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं और कई लोगों की स्थिति बहुत गंभीर हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जिन लोगों में फूड पॉइजनिंग को शुरुआती स्तर पर पहचाना नहीं जाता है, उनके शरीर में पानी और मिनरल्स की कमी होने लगती है। इससे उनकी हालत गंभीर हो जाती है। जिले में अलग-अलग क्षेत्र में हुई फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं ने एक बार फिर से संकेत दिया है कि सेहत के प्रति सावधान रहना चाहिए। खानपान का विशेष ध्यान रखें।

फूड प्वाइजनिंग को लेकर हम सबको जागरूक होने की जरूरत है। हमारा खान-पान हमारी सेहत का खजाना है। यदि हम खानपान में सतर्कता बरतते हैं तो सेहत बेहतर होती है और यदि जरा सी भी असावधानी बरती तो सेहत के प्रति समस्या बढ़ सकती है। ऐसा ही दो बारातों में हुआ है। जहां खान-पान का ध्यान नहीं रखा गया और गर्मी में फूड प्वाइजनिंग की समस्या हो गई। आपको बताते हैं कि किस तरह हमें फूड प्वाइजनिंग से बचना चाहिए।



### फूड पॉइजनिंग व फ्लू के डायरिया में अंतर समझें

फूड पॉइजनिंग होने पर ज्यादातर लोग इसके और फ्लू के लक्षणों में कंफ्यूज हो जाते हैं, लेकिन इन दोनों के लक्षणों में मुख्य अंतर यह है कि इसमें शुरुआत में ही पसीना बहुत अधिक आता है। मरोड़ के साथ तेज पेट दर्द होना और टॉयलेट के चक्कर शुरू हो जाना, इसका दूसरा लक्षण है। इस दौरान पेट में बहुत अधिक गैस बनने की समस्या भी हो सकती है। लगातार मन खराब होना, पानी पीने की इच्छा भी ना करना और उल्टी आना इस बीमारी के मुख्य लक्षणों में है। उल्टी में पेट का अपच भोजन निकलता है। पेट खाली महसूस होने लगता है लेकिन टाइट या बहुत सॉफ्ट हो सकता है। फूड पॉइजनिंग और फ्लू दोनों के समय ही डायरिया की समस्या होती है। ऐसे में आप डायरिया के प्रकार के आधार पर पता कर सकते हैं कि आपको कौन-सी समस्या है। फ्लू में डायरिया होने पर मोशन पानी की तरह होता है, जबकि फूड पॉइजनिंग में डायरिया होने पर मोशन हैवी होता है और ब्लड आने की समस्या हो जाती है।

### कितने दिन में होती है फूड पॉइजनिंग

फूड पॉइजनिंग में ऐसा नहीं होता है कि आपने अभी कुछ गड़बड़ खाया और ये लक्षण दिखने शुरू हो जाएं। ये बीमारी आपको कितने दिन बाद घेरेगी यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपको कौन-सा भोजन खाने से यह समस्या हुई है, क्योंकि सभी फूड्स में अलग तरह के बैक्टीरिया पैदा होते हैं, जिनका असर 12 घंटे बाद से लेकर 70 दिन बाद तक हो सकता।

### फूड पॉइजनिंग के लक्षण

फूड पॉइजनिंग का पहला और मुख्य लक्षण है पेट दर्द, जी मिचलाना और माथे पर बहुत अधिक पसीना आना। ये तीनों लक्षण एक ही साथ नजर आते हैं। इसके बाद लूज मोशन और उल्टी की समस्या शुरू होती है।

### उलटी-दस्त से किशोरी की मौत

**कासगंज :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव कादरवाडी निवासी सत्यवीर सिंह 13 वर्षीय बेटी रौशनी की तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। किशोरी की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के भाई अर्जुन ने बताया कि उसकी बहन की रात को खाना के बाद तबियत खराब हो गई। उल्टी दस्त की शिकायत हुई। उसे जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार के दौरान रोशनी ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर घर चले गए हैं। जहां गमगमीन माहौल में अंतिम संस्कार किया है।

# दहेज की खातिर घर से निकाला

**एटा, अमृत विचार :** निधौलीकलां में रेनू पुत्र कोमल सिंह निवासी नगला विके ने रवीश पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी धोलेश्वर समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेनू ने बताया कि उसकी शादी रवीश के यहां की थी। दहेज में ससुरालीजनों द्वारा एक लाख रुपए और एक बाइक की मांग की। वहीं साड़ी का फंदा लगाकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली देहात में विशाखा पुत्री कुॅवरपाल निवासी जिरौली थाना बिछवा जिला मैनपुरी ने सोमेन्द्र कुमार निवासी नगला इमिलिया कोतवाली देहात समेत छह ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया कि दहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपए की मांग की, मांग पूरी न होने पर पीड़िता का उत्पीड़न किया और बाद में घर से निकाल दी।

## एक नजर

### 15 हजार हेक्टेयर में होगी गेंदा फूल की खेती

**बदायूं,अमृत विचार :** जिले में परंपरागत खेती को छोड़ अधिकांश किसान तकनीकी खेती की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे किसानों को उद्यान विभाग प्रोत्साहन भी करता रहा है। जिले में इस बार 15 हजार हेक्टेयर में गेंदा फूल की खेती होगी। पिछली बार गेंदा की खेती 10 हेक्टेयर में हुई थी। विभाग को लक्ष्य प्राप्त होने के बाद किसानों से आवेदन मांगे जा रहे हैं। गेंदा फूल की खेती करने वाले किसानों को लागत का 40 फीसदी अनुदान मिलेगा। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर किसानों का चयन किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस साल 15 हेक्टेयर में गेंदा फूल की खेती करने का लक्ष्य शासन से मिला है। बताया कि किसानों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गेंदा फूल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सत्यापन के बाद किसानों का चयन कर योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

### पत्रकार से बदसलूकी,आईरा ने सौंपा ज्ञापन

**बिल्सी,अमृत विचार :** पत्रकार रोहित शर्मा के साथ इंटरव्यू के दौरान हुई मारपीट और बदसलूकी को लेकर शनिवार को ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन ( आईरा ) ने दिल्ली प्रेस क्लब में पत्रकारों द्वारा किए गए प्रदर्शन का समर्थन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम रिपुदमन सिंह को सौंपा है। सभी पत्रकार ने समर्थन कर विरोध प्रदर्शन करते हुए इस घटना की घोर निंदा भी की है, और राष्ट्रपति द्वारा विदेश मंत्रालय द्वारा विश्व स्तर पर इस घटना को उठाए जाने की मांग की। जिन उपद्रवियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर पत्रकार संजीव राणा, सुनील कुमार, नईम आजाद, अखिलेश सिंह सोलंकी, आकाशदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### पानी में दौड़ा करंट युवक की मौत

**आगरा/बाह।** थाना पिनाहट क्षेत्र के गाँव हुसैनपुरा स्थित एक तालाब के पानी में करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार को तालाब के पास खड़े बिजली के खंभे में फॉल्ट के कारण पानी में करंट दौड़ाने लगा। तालाब के पास खरंजे पर भरे पानी में भी दौड़ रहे करंट की चपेट में एक 19 वर्षीय युवक आ गया। इससे युवक की मौत हो गई।

# मुमताज सकलैनी समेत 18 पर रिपोर्ट दर्ज

## जानलेवा हमले के आरोप में दूसरे पक्ष के लोगों पर भी रिपोर्ट, दो गिरफ्तार

बरेली कार्यालय

- **रजवियों और सकलैनियों के बीच शनिवार देर रात मारपीट के बाद हुआ था हंगामा**

**अमृत विचार :** प्रेमनगर इलाके में शनिवार देर रात हुए विवाद में पुलिस ने शेख मुमताज सकलैनी समेत 18 लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत कई और आरोपों में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी मुमताज और फरमान को गिरफ्तार भी कर लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। उधर, मुमताज ने भी दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें दो लोगों को नामजद किया है और पांच अज्ञात बताए हैं।

प्रेमनगर के छोटा पुल इलाके के निवासी शेख मुमताज सकलैनी का आरोप है कि शनिवार रात करीब 9 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी बीच चार-पांच साथियों के साथ पहुंचे मोहसिन रजा चाकू से हमला कर दिया। वह उनसे बचकर अपने घर में घुसा तो आरोपी भी घर में घुस आए। उसकी पत्नी बचाने आई तो उन्हें रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। भीड़ इकट्ठी होने के बाद हमलावर कोहाड़ापीर की तरफ भागे लेकिन पुलिस ने फरमान नाम के एक हमलावर को पकड़ लिया। इसके बाद थाना प्रेमनगर में उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया तो सैकड़ों लोगों ने वहां आकर उस पर हमला कर दिया। एक कमरे में बंद होकर उसने अपनी जान बचाई। मुमताज ने मोहसिन रजा, फरमान समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रजवी पक्ष से रिपोर्ट लिखाने वाले मोहल्ला सुर्खा निवासी राजू का कहना है कि उसका भाई बिम्मी रात करीब 10 बजे अपने साथी फरमान के साथ नात-ए-पाक पढ़ता हुआ जा रहा था। रास्ते में ए टू जेड दुकान पर खड़े मुमताज और उसके साथी आसिफ सकलैनी घोसी, आबिद घोसी व मुनीर ने छह और लोगों के साथ बिम्मी को नात पढ़ने पर टोका।

> मुमताज और दूसरे लोगों के बीच कल जो मारपीट हुई, वह निहायत अफसोसनाक है। हम इसकी निंदा करते हैं, आपस में फसाद नहीं होना चाहिए। किसी को अगर कोई आपत्ति हो तो वह पुलिस में शिकायत करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। किसी तरह की हिंसा और अशांति हम पसंद नहीं करते। इस घटना को हमारी खानकाह शरीफ से जोड़कर न देखा जाए।
> **– हमजा सकलैनी,** मीडिया प्रभारी दरगाह शाह शराफत मियां

> कल रात हुआ विवाद सकलैनी और रजवी का मामला नहीं है। मुमताज खुद को दरगाह शराफत मियां का जिम्मेदार बताकर लोगों को गुमराह करता है। उस पर कई केस दर्ज हो चुके हैं। जुलूस-ए-मोहम्मदी का रास्ता बदलवाकर भी उसने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। प्रशासन को सभी मुकदमों में जांच कराकर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।
> **– सलमान मियां,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जमात रजा ए मुस्तफा

> आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला मुमताज खुद को सकलैनी कहता है, जबकि उसका दरगाह शाह शराफत मियां से कोई लेना-देना नहीं है। अक्सर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रजवी-सकलैनी के बीच विवाद कराना चाहता है। यह सकलैनी और रजवी का विवाद नहीं है बल्कि मुमताज और बिम्मी का निजी मामला है। बुजुर्गों की शान में गुस्ताखी करने वाले के खिलाफ प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।
> **–नदीम कुरैशी,** प्रदेश संगठन प्रभारी आईएमसी

आला हजरत और हजरत अमीर माबिया की शान में गुस्ताखी भी की। बिम्मी के विरोध करने पर मुमताज ने चापड़ निकालकर हमला कर दिया। मुमताज के साथियों ने भी बिम्मी से मारपीट शुरू कर दी। राजू के मुताबिक पहले भी मुमताज के खिलाफ पैगंबर की शान में गुस्ताखी करने पर रिपोर्ट लिखाई जा चुकी है। राजू की ओर से मुमताज सकलैनी, आसिफ सकलैनी, आबिद घोसी मुनीर तलहा समेत छह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार रघुवंशी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## विजिलेंस टीम का सदस्य बताकर 30 हजार रुपये ठगे

**बरेली अमृत विचार :** बिजली विभाग की विजिलेंस टीम का सदस्य बताकर ठग ने बुजुर्ग से 30 हजार रुपये ठग लिए। ठग ने टीम की चेकिंग के कुछ दिनों बाद व्हाट्सएप पर मीटर खराब होने का मैसेज भेजकर बुजुर्ग को झांसे में लिया था। बुजुर्ग ने थाना बारादरी में मोबाइल नंबरों के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी निवासी बुजुर्ग सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर पर 6 अगस्त को बिजली मीटर की चेकिंग की गई थी, तब मीटर और लाइन में कोई कमी नहीं मिली थी। 19 अगस्त को उनके व्हाट्सएप नंबर पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम अमन सिंह बताते हुए कहा कि वह व्हाट्सएप पर कागज भेज रहा है, जिसमें कुछ अधिकारियों के नाम लिखे हैं। उसने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और रामपुर बाग कार्यालय पर आकर मिलने के लिए कहा। आपके खिलाफ कार्रवाई होगी, साथ ही रामपुर बाग कार्यालय पर आकर मिलने को कहा। हृदय रोगी होने की वजह से वह कार्यालय पर नहीं पहुंच सके।

## पुलिस ने नहीं सुनी तो कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **युवक ने 11 जनवरी 2024 को रेलवे स्टेशन के पास खंडहर में लगाया था फंदा**

**अमृत विचार :** पति के मेहनत की कमाई ठेकेदार ससुरालीजनों को देने और उत्पीड़न से त्रस्त युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में कुछ नहीं किया तो युवक की मां ने कोर्ट की शरण ली अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव परोता निवासी रामेश्री ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका बेटा प्रदीप कुमार जिला अमरोहा के थाना डिडौली क्षेत्र के कस्बा निवासी ठेकेदार मनोज कुमार के साथ करेंगी रेलवे स्टेशन पर केबिल बिछाने का काम करता था। बेटे की ससुराल मुरादाबाद में है। पत्नी से विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। ससुरालीजन निवासी मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव अकबरपुर खास निवासी उमेश, राकेश, प्रमोद से ठेकेदार की मिलीभगत थी। बेटा जब भी ठेकेदार मनोज कुमार से रुपये मांगता था तो ठेकेदार कहता था कि उसकी पत्नी ने मुरादाबाद कोर्ट में भरण पोषण का मुकदमा किया है, उसे रुपये देना है। वह लोग उनके बेटे को फोन करके बार-बार उत्पीड़न करते थे। जिससे परेशान होकर बेटे ने 11 जनवरी 2024 दोपहर रेलवे स्टेशन के खंडहर में फंदा लगाकर जान दे दी थी।

परिजन मौके पर पहुंचे। प्रदीप के भाई अमरीश कुमार ने ससुरालीजन को फोन किया तो उन्होंने गाली गलौज की और कहा कि हमने जो करना था वह हमने करवा दिया। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रामेश्री ने 16 जनवरी को पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर थाना वजीरगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धमकाने, आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## दीपक बता की दोस्ती, निकला फहाद हुसैन

**आगरा,अमृत विचारः** जिले में एक बार फिर लव जेहाद का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि उसने दीपक समझकर जिस युवक से दोस्ती की उसका असली नाम फहाद हुसैन है। मोहब्बत की खातिर उसने मजहब बदल लिया लेकिन मुसीबतें कम नहीं हुई। पति ने उससे देह व्यापार कराना शुरू कर दिया। पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट लिखी गी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवती मूल रूप से डौकी निवासी है। वर्तमान में सदर के शहीद नगर इलाके में रह रही है। इस बीच आरोपी ने दूसरी महिला से निकाह किया। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो विरोध किया, इस पर आरोपी ने उसकी जान लेने का प्रयास किया। उसे फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की साजिश रची। थाना सदर पुलिस ने बताया कि मुकदमे में फहाद हुसैन और आमिर को नामजद किया गया है।

# सपा नेत्री जूही प्रकाश का मामला थाने पहुंचा

आगरा कार्यालय

- **पार्टी से महापौर पद का चुनाव लड़ चुकी हैं जूही प्रकाश**

**अमृत विचारः** सपा नेत्री जूही प्रकाश का पारिवारिक मामला सुर्खियों में है। पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज कर ली है। दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे है। जूही पूर्व में महापौर पद के लिए सपा की प्रत्याशी रही है तो पति योगेंद्र सिंह एक कारोबारी है। उनका पेट्रोल पंप है। योगेंद्र सिंह ने पत्नी के खिलाफ जगदीशपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है तो अब जूही ने भी पुलिस ने निष्पक्ष न्याय की गुहार लगाई है।

जूही प्रकाश के पति योगेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय को प्रार्थना पत्र दिया था। योगेंद्र सिंह के आरोप थे कि जूही से उनकी जान पहचान सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। उसके बाद दोस्ती हो गई। उसने उन्हें बातों में फंसा लिया और फिर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी । रेप का मुकदमा दर्ज कराने की बात तक की। बाद में दोनों ने आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

योगेंद्र सिंह का कहना है कि जूही पेट्रोल पंप अपने नाम करने की मांग कर रही है। उसका यह काम नहीं हुआ तो उसने घर में अराजकता फैला दी। उनके सिर और पीठ पर कांच की बोतल मार दी। योगेंद्र सिंह को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया तो वहीं जूही प्रकाश भी खुलकर सामने आ गई है। उनका कहना है कि उन पर जो भी आरोप लगाए गए हैं वह निराधार है। योगेंद्र ने पहले उनका शारीरिक शोषण किया और फिर शादी करने को मना करने लगा। इस पर बखेड़ा खड़ा हुआ तो उसने आर्य समाज मंदिर में शादी की। उसके लैपटॉप में कई महिलाओं के साथ अश्लील वीडियो है। उसने उसकी भी वीडियो बनाई है। जिसके जरिए वह खुद ही ब्लैकमेल कर रहा था। उसने उसके साथ मारपीट की थी।

## कॉलेज प्रबंधक ने नौकरी देने के नाम पर लाखों हड़पे,रिपोर्ट

**आगरा, अमृत विचारः** सिकंदरा पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शशांक राय व प्रताप राय निवासी रामपुर, पोस्ट-दोहरीघाट, मऊ ने डीसीपी सिटी ने शिकायत की थी कि श्रीगणेशी लाल गुप्ता मेमोरियल महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. राकेश गुप्ता निवासी सिकन्दरा ने नौकरी के नाम पर वर्ष 2018 में आठ लाख रूपये लिए। उन्होंने 4,26,000 रुपये बैंक खाते में और 3,74,000 रुपये नगद लिए। नौकरी न लगने पर जब उनसे संपर्क किया तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिये। रुपये वापस मांगे तो उन्होंने कहा कि कुछ दिन में वापस कर देंगे लेकिन रुपये वापस नहीं हुए। फोन से संपर्क किया तो उन्होंने धमकी दी कि यहां आओगे तो जिंदा वापस नहीं जाओगे। डीसीपी ने इस मामले में जांच कराई और जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सिकंदरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने को कहा।

# युवक की नृशंस हत्या कर शव ठिकाने लगाया, अधजली लाश बरामद

मुरादाबाद कार्यालय

- **अगवानपुर चौकी क्षेत्र का है मामला, मृतक के शिनाख्त में जुटी पुलिस**

**अमृत विचारः** अगवानपुर की झाड़ियों में एक युवक की नृशंस हत्या कर उसका शव जलाने का प्रयास किया गया। बाद में अधजला शव खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया। खेत में काम करने पहुंचे किसान ने बदबू आने से संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी किसान नेत्रराम का खेत बाईपास रोड पर जंगलों के बीच हैं। रविवार को वह अपने खेतों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के बगल में स्थित बंजर भूमि की ओर से बदबू आने लगी। पास जाकर देखा तो एक गड्ढे में किसी का शव पड़ा था। उसके हाथ गड्ढे से बाहर आ रहे थे। थोड़ी देर में ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर और थाना प्रभारी सिविल लाइंस मनीष सक्सेना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया। बाद में पुलिस कर्मियों ने गड्ढे में प्लास्टिक की बोरी, मिट्टी और झाड़ियां हटाईं तो युवक का अधजला शव बरामद हुआ। आरोपियों ने युवक की पहचान मिटाने के लिए चेहरा जला दिया था। पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने पहचानने से इनकार कर दिया।

मृतक ने नीले रंग की जींस पहन रखी थी। पास में ही सफेद रंग की फटी हुई शर्ट पड़ी थी। उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच बताई जा रही है। उसके दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा और काले रंग का कलावा बंधा हुआ है। शव में कीड़े पड़ गए थे और दुर्गंध आ रही थी, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शव करीब चार से पांच दिन पुराना है। फिलहाल जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया है कि आसपास के थानों और जिलों को सूचना भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। युवक की शिनाख्त के बाद ही आगे की कार्रवाई हो सकेगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सेवानिवृत्त फौजी की हत्या की कोशिश करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

बरेली कार्यालय

- **तीनों आरोपी ने पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में तीनों गोली लगने से हुए घायल**

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त फौजी की हत्या की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों का पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आंवला के मोहल्ला ताड़गंज निवासी संजय यादव, उस्मान और मोहल्ला बजरिया निवासी राहुल यादव के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह 4:20 बजे आंवला-बिसौली रोड के मनौना कसूमुरा गांव के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग आए। पुलिस ने तीनों को रोकने के लिए कहा तो वह भागने लगे और उनकी बाइक गिर गई। तीनों ने पुलिस पर फायर किया तो पुलिस ने जवाबी फायर किया, जिसमें तीनों के पैर में गोली लगी। तीनों को गिरफ्तार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो कारतूस, तीन मोबाइल, एक बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। प्रगति नगर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त फौजी योगेश कुमार ने 11 सितंबर को कालोनी निवासी अनस सैफी, उस्मान सैफी, अरमान सैफी, फरमान सैफी और तीन अज्ञात लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दो दिन पहले गिरफ्तारी की मांग कर एसडीएम और सीओ को ज्ञापन सौंपा था। सीओ फरीदपुर नीलेश मिश्रा ने बताया कि सेवानिवृत्त फौजी पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। -

## अब पशुपालन विभाग कराएगा पशुओं का बीमा

**बदायूं,अमृत विचारः** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ समयदर्शी सरोज ने बताया कि 10341 सामान्य और 2,664 अनुसूचित जाति पशुपालकों के पशुओं का बीमा किया जाएगा। जिसमें अनुसूचित जाति और बीपीएल वर्ग के पशुपालक 156 रुपये में गाय तथा 187 रुपये की किस्त देकर भैंस का बीमा करा सकेंगे। बताया कि इस बीमा में अनुसूचित वर्ग के व्यक्तियों को 90 प्रतिशत और सामान्य वर्ग के पशुपालकों को 75 प्रतिशत की छूट सरकार की ओर से दी गई है। शेष रुपये का प्रीमियम पशुपालक को देना होगा। वहीं सामान्य वर्ग के पशुपालकों को गाय के लिए चार सौ और भैंस के लिए 465 रुपये प्रीमियम के तौर पर जमा करना होगा।

# मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर ड्रोन से लगेगी लगाम

बदायूं कार्यालय

- **पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला स्तर पर ड्रोन की खरीदारी करके मनरेगा कार्यों की होगी निगरानी, तैयार हो रहा प्रस्ताव**
- **मशीनों से कार्य कराए जाने और दूसरे के नाम पर फर्जी तरीके से मजदूरी निकालने की मिलती रहीं हैं शिकायतें**

**अमृत विचार :** मनरेगा योजना में अक्सर भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे हैं। कहीं मजदूरों के स्थान पर मशीनों से काम करा लिया जाता है तो कहीं दूसरे के नाम पर फर्जी तरीके से मजदूरी निकाल ली जाती है। योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए ड्रोन के माध्यम से मनरेगा के काम की निगरानी होगी।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले एक ब्लॉक में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। सफल रहने पर जिले के सभी ब्लॉकों में लागू कर दिया जाएगा। शासन से मिले आदेश पर जिले स्तर पर ड्रोन खरीदने की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसे शासन स्तर पर भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद ड्रोन की खरीदारी की जाएगी।

जिले की 1036 ग्राम पंचायतों में करीब दो लाख 49 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिक पंजीकृत हैं। मनरेगा में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें डीएम और सीडीओ के पास पहुंचती रही हैं। बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें शासन स्तर भी पहुंच रहीं हैं। किसी ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों में मशीनों का प्रयोग किए जाने तथा दूसरे के नाम पर फर्जी तरीके से मजदूरी निकाले जाने की शिकायतें होती हैं। साथ ही प्रधान द्वारा भी फर्जी तरीके से अपने परिवार के सदस्यों को मनरेगा मजदूर बनाकर मजदूरी निकाली जाती रही है। योजना में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके प्रयोग से ऐसे मामलों में ड्रोन सबूत जुटाने में मददगार होंगे। साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी करने से मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता आएगी। साथ ही काम की मॉनिटरिंग करने के साथ पूरे हो चुके काम की जांच व उसका आकलन करने में सहूलियत मिलेगी।

> मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतें शासन प्रशासन तक पहुंचती हैं। पिछले दिनों हुई वर्चुअल बैठक के दौरान पायलट प्रोजेक्ट के तहत शासन स्तर से ड्रोन से निगरानी करने के लिए कहा गया है। इसके लिए विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। शीघ्र ही ड्रोन की खरीदारी कर उसके कैमरे से मनरेगा कार्य की निगरानी का काम शुरू कराया जाएगा। पहले एक ब्लॉक में इसे लागू किया जाएगा।
> **– बलराम कुमार,** मनरेगा उपायुक्त

पायलॉट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से निगरानी की योजना जिले में शुरू की जा रही है। इसके लिए पहले जिले स्तर पर ड्रोन की खरीदारी कर एक ब्लॉक में मनरेगा के कार्यों की निगरानी की जाएगी। प्रयोग सफल रहने के बाद इसे सभी 15 ब्लॉकों में लागू कर दिया जाएगा। विभागीय अधिकारी ड्रोन की खरीदारी के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं।

# बिना फायर एनओसी व नक्शे के चल रहा था अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विजय शर्मा का शांति विहार में अस्पताल में विभागीय टीम को मिलीं कई अनियमितताएं**

**अमृत विचारः** डी फार्मा की फर्जी डिग्री देने के मामले में जेल गया विजय शर्मा राजनीतिक पैठ की वजह से बिना पंजीकरण और डॉक्टर के ही बेखौफ होकर सुभाष नगर के शांति विहार में पिछले काफी समय से अस्पताल चला रहा था। अस्पताल में फायर एनओसी भी नहीं थी और भवन का नक्शा भी बरेली विकास प्राधिकरण ( बीडीए ) से पास नहीं कराया गया था।

तीन दिन पहले डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी ने टीम के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया तो यहां ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी लैब समेत अन्य गतिविधियां संचालित होने के साक्ष्य मिले। लिहाजा, इस मामले डिप्टी सीएमओ की ओर से 25 सितंबर तक नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश विजय शर्मा को दिया गया है। अगर कोई दस्तावेज के साथ नहीं आता है तो अस्पताल को सील भी किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आया कि शांति विहार में विजय शर्मा का अस्पताल लंबे समय से चल रहा था। विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए विजय शर्मा ने जुलाई में पंजीकरण के लिए आवेदन किया था, लेकिन फाइल में न तो बीडीए स्वीकृत अस्पताल का नक्शा था और न ही फायर एनओसी के कोई दस्तावेज लगाए गए थे। इस पर अधिकारी ने पंजीकरण नहीं किया था।

**अच्छी पहल**

**कैनाइन क्लब ऑफ इंडिया की पहल पर रोहिलखंड कैनाइन क्लब ने लिया निर्णय**

# देसी कुत्तों की नस्लों को मिलेगा बेस्ट इंडियन डॉग का खिताब

शिवांग पांडेय, बरेली

- **13 अक्टूबर को आईवीआरआई परिसर में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय डॉग शो**

**अमृत विचार :** देसी कुत्तों की नस्लों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाने के लिए रोहिलखंड कैनाइन क्लब की ओर से अंतर्राष्ट्रीय डॉग शो में बेस्ट इंडियन डॉग का खिताब की शुरुआत की जा रही है।

क्लब के पदाधिकारियों के अनुसार कैनाइन क्लब ऑफ इंडिया ने देसी कुत्तों की प्रजातियों को संरक्षित करने का निर्णय लिया है। रोहिलखंड कैनाइन क्लब कैनाइन क्लब ऑफ इंडिया से संबद्ध है। वह ये खिताब देने वाला देश का पहला कैनाइन क्लब बनेगा। क्लब 13 अक्टूबर को आईवीआरआई परिसर में अंतर्राष्ट्रीय डॉग शो का आयोजन करेगा।

क्लब के सचिव सेवानिवृत्त कर्नल गुरुदीप सिंह ने बताया कि भारतीय प्रजाति के श्वान रामपुर हाउंड की विलुप्ति पर 1994 में रोहिलखंड कैनाइन क्लब की स्थापना की गई।

इस क्लब का मूल उद्देश्य विदेशी नस्लों के कुत्तों के प्रति बढ़ते रुझान को देसी कुत्तों की ओर से परिवर्तित करना है। देशी श्वानों की प्रजातियों में रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, मुधौल हाउंड, राजपलायम समेत 12 प्रजातियां पंजीकृत हैं, लेकिन अपनी आक्रमकता और बाहरी लुक के चलते विदेशी नस्लों के श्वान जैसे पिटबुल, रोटविलर को पसंद किया जाने लगा। क्लब के अध्यक्ष दिलीप टंडन ने बताया कि केसीआई के निर्देश पर पहली बार बेस्ट इंडियन डॉग का खिताब दिया जाएगा। इसका निर्णय बैठक में लिया गया है। डॉग शो के निर्णायक मंडल में अंतर्राष्ट्रीय कैनाइन जज मुकुल वैद्य और अंजलि वैद्य रहेंगी। डॉ. डीके सक्सेना, राकेश भंडारी, पवन भसीन आदि मौजूद रहे।

### तीसरी बार आयोजित होगा डॉग शो

आईवीआरआई परिसर में तीसरी बार डॉग शो का आयोजन होगा। क्लब के उपाध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि 1996 में आईवीआरआई में पहली बार डॉग शो का आयोजन हुआ था। इसमें तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के बेटे आशुतोष शर्मा ने श्वान की दो प्रजाति बॉक्सर और इंग्लिश बुलडॉग के साथ प्रतिभाग किया था। इंग्लैंड से आए उनके इंग्लिश बुलडॉग को बेस्ट इन ब्रीड का खिताब मिला था। दूसरी बार डॉग शो 2017 में हुआ था। इसमें जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला की पुत्रवधू पायल अब्दुला के बॉक्सर प्रजाति के श्वान ने प्रतिभाग किया था।

### प्रतिभागियों को नियंत्रित करने होंगे आक्रामक प्रजाति के श्वान

उपाध्यक्ष डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि डॉग शो में प्रतिबंधित प्रजातियों के श्वानों को भी प्रवेश दिया जा रहा है। इसमें पिटबुल, रॉटविलर, मास्टिफ समेत अन्य बैन प्रजातियों के कुत्तों के नियंत्रण की पूरी जिम्मेदारी प्रतिभागी की होगी। दर्शकों को भी इन कुत्तों से दूर रखा जाएगा। कोषाध्यक्ष डॉ. अभय तिलक ने बताया कि कोलकाता, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, हैदराबाद के प्रतिभागियों ने संपर्क करना शुरू कर दिया है।

# जमीन के विवाद में पूर्व विधायक समेत नौ पर रिपोर्ट

मुरादाबाद कार्यालय

- **सभी लोगों ने मिलकर फहीम के घर पर किया था हमला**

**अमृत विचारः** मुरादाबाद देहात के पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, उनके बेटे और अन्य लोगों पर जमीन विवाद के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद फहीम ने कोर्ट में दी अर्जी में बताया है कि पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, उनके बेटे उबैद इकराम, जुनैद और फुरकान, मुस्तकीम, गुफरान उर्फ राजू, फरहान, दानिश से पैतृक संपत्ति के बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि बीती 4 सितंबर को इशा की नमाज पढ़कर लौटा था। इसी दौरान पीछा करते हुए हथियारों से लैस पूर्व विधायक व बेटे समेत अन्य लोगों ने उसके घर पर धावा बोल दिया। सभी ने एकजुट होकर पीड़ित व उसके परिजनों से मारपीट की। विरोध करने पर संपत्ति छोड़कर यहां से चले जाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने मामले की शिकायत गलशहीद थाने में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जान की सुरक्षा को लेकर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, उनके बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरानंद ने क्षीरेश्वरनाथ में पूजन के बाद गो प्रतिष्ठा आंदोलन शुरू किया

# तिरुपति का लड्डू खाए भक्तों के लिए लगेगा पंचगव्य स्टाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को अयोध्या से गो प्रतिष्ठा आंदोलन की शुरुआत की। क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके बाद रामकोट की परिक्रमा करते हुए वह चारु शिला मंदिर में धर्म ध्वज स्थापित करने के लिए पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में साधु-संतों की टोलियां और श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमने प्रण लिया है कि जब तक राम मंदिर निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक मैं दर्शन नहीं करूंगा। मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद राष्ट्रमाता (गाय) के दूध से भरा कटोरा लेकर रामलला के दर्शन करने जाएंगे।



क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक करते जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद।

कहा कि तिरुपति लड्डू को प्रसाद के रूप में खा चुके हिन्दू समाज के लोग ग्लानि का अनुभव कर रहे हैं। उसे मिटाने के लिए पंचगव्य प्राशन की व्यवस्था की जा रही है। आगामी मंगलवार को पांच प्रमुख स्थानों पर पंचगव्य प्राशन के स्टाल लगाएंगे ताकि सहजता से अयोध्या के वे लोग पञ्चगव्य प्राशन कर अपने हृदय की ग्लानि को मिटा सकें। इसके बाद देश भर में स्टाल लगवाएंगे।

बद्रिकाश्रम व ज्योतिष पीठ उत्तरम्नाय के स्मृति शेष शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के उत्तराधिकारी शंकराचार्य व दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को सुबह एक होटल में धर्म सभा का आयोजन किया। पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारे देश में गाय को गौ माता के रूप में पूजा जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जिस देश में गाय की पूजा की जाती है वह दुनिया में गौ मांस का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। हम चाहेंगे की देश की सरकारें इन सब बातों पर गौर करें और गायों की हत्या पर रोक लगाए। हमारी यह यात्रा देश के अलग-अलग अंचलों से होकर गुजरेगी। जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में जिन लोगों ने अपना बलिदान दिया। गोलियां खाई उनको वो सम्मान नहीं मिला। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में बुलाया नहीं गया। आने वाले दिनों में हम रामनगरी में ही अयोध्या वीर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, जिसमें आंदोलन से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। शंकराचार्य ने कहा कि हमने कभी देश के किसी भी पार्टी का विरोध या समर्थन नहीं किया। फिर भी हमारी छवि भाजपा या अन्य पार्टी विरोधी बनाई जाती रही है। हम जब गोरक्षा/गोप्रतिष्ठा की बात को लेकर देश के सभी राज्यों के राजधानी की यात्रा कर रहे हैं तो नागालैंड में भाजपा लिखित रूप से न केवल उसका विरोध कर रही है।

#### राम मंदिर में बने गोशाला, उसी के घी-दूध से बने प्रसाद

मंदिरों की चढ़ोतरी से मंदिरों में विराजमान देवता की सेवा से बचे पैसों से लोक कल्याण के कार्य होने उचित हैं। उनमें सबसे पहले जैसे घर में पहली रोटी गाय की होती है वैसे ही पहली सेवा गाय की होनी चाहिए। हर मन्दिर की गोशाला होगी तो न केवल आस-पास के लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि शुद्ध दूध, घी आदि भी मिलेगा और उनके गोबर गोमूत्र आदि से उगाए गए शुद्ध अनाज से लोगों का स्वास्थ्य भी ठीक होगा। तिरुपति मन्दिर को इसकी पहल करनी चाहिए और आगे से अपनी गोशाला के घी से ही भगवान के नैवेद्य का लड्डू बनाना चाहिए। राम मंदिर में भी गोशाला की व्यवस्था होनी चाहिए। शंकराचार्य ने बताया कि सभी प्रदेशों की राजधानियों में गो प्रतिष्ठा ध्वज फहराते हुए 26 अक्टूबर को वृंदावन में श्रीबांके बिहारी जी का दर्शन कर वह इस यात्रा का समापन करेंगे।

# कुएं में उतरे तीन युवकों की जहरीली गैस से मौत

- चप्पल निकालने के लिए कुएं में उतरे अपने साथी को बचाने गए थे दो अन्य युवक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** बबेरू क्षेत्र के बड़ागांव में रविवार दोपहर सूखे कुएं में उतरे तीन युवकों की जहरीली गैस से मौत हो गई। पहले कुएं में गिरी चप्पल को निकालने के लिए एक युवक उतरा। वह बेहोश हो गया तो उसे बचाने के चक्कर में एक के बाद एक दो युवक और कुएं में उतर गए। तीनों वहीं बेहोश होकर गिर गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने तीनों को कुएं से बाहर निकाला। उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ागांव में लंबे समय से सूखे पड़े कुएं में गांव के अनिल पटेल (40) की चप्पल गिर गई। अनिल चप्पल निकालने के लिए कुएं में उतरा और उतरते ही वह बेहोश हो गया। अनिल को बचाने के लिए संदीप (19) व बाला प्रसाद (25) कुएं में उतरे और यह दोनों भी बेहोश हो गए। मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल व ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड के जवानों के सहयोग से तीनों युवकों को कुएं से बाहर निकाला और मेडिकल कालेज भिजवाया। जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने बताया कि प्रथम दृष्टया कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के चलते तीनों युवकों की मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# 7 राज्यों के फार्मेसी कॉलेज व विवि से जारी हुए थे जाली प्रमाण पत्र

### सबसे अधिक यूपी से 20 और राजस्थान से 18 फर्जी प्रमाण पत्र मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दवा की दुकान के लाइसेंस को पंजीयन के लिए उप्र फार्मेसी काउंसिल में लगाए जाली शैक्षिक प्रमाण पत्र सात राज्यों के फार्मेसी कॉलेज व विवि के नाम से जारी किए गए थे। इन प्रमाण पत्रों की फोरेंसिक जांच के लिए पुलिस ने पत्राचार शुरू कर दिया है।

हाल ही में दवा की दुकान खोलने के लाइसेंस के लिए मिले ऑनलाइन आवेदनों की जांच में 50 आवेदकों के शैक्षिक प्रमाणपत्र जाली मिले। ये सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र सात राज्यों के फार्मेसी विश्वविद्यालय और कॉलेज के नाम से जारी किए गए थे। सभी के प्रमाण पत्रों पर अधिकारी के दस्तखत और मुहर भी लगी थी। इनमें उत्तर प्रदेश के 20, राजस्थान 18, मध्य प्रदेश से 7, पंजाब से 2, कनार्टक, उत्तराखंड और हरियाणा से एक-एक प्रमाण पत्र लगा रखा था।

#### फार्मेसी पंजीयन में फर्जीवाड़ा

#### मुरादाबाद व मेरठ सहित इन विश्वविद्यालय और कॉलेजों से जारी हुए प्रमाण पत्र

आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद, सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, एजीएम कालेज आफ फार्मेसी, हुबली कनार्टक, एकेएस यूनिवसर्सिटी सतना, जर्नादन राय राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर राजस्थान, जेएचजी खालसा कालेज आफ फार्मेसी लुधियाना पंजाब, एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम हरियाणा, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जयपुर, , श्रीधर यूनिवर्सिटी राजस्थान, ओपीजेएस यूनिवर्सिटी राजस्थान, स्वामी विवेकानन्द यूनिवर्सिटी सागर मध्यप्रदेश, महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल यूनिवर्सिटी, उत्तराखण्ड आदि शामिल हैं।

## 69000 शिक्षक भर्ती मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच के 69000 शिक्षक भर्ती पर दिए गए फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को फिर सुनवाई होगी। 9 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी। साथ ही सभी पक्ष को नोटिस जारी करते हुए पक्ष रखने को कहा था। दरअसल, 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर काफी समय से युवा आंदोलन कर रहे हैं। साथ ही कोर्ट में भी इसकी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी क्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में पुरानी सभी सूची निरस्त करते हुए आरक्षण के नियमों के अनुसार नई सूची बनाने का निर्देश दिया था। बाद में आरक्षित और चयनित दोनों अभ्यर्थियों ने धरना, प्रदर्शन किया था।

# दो सप्ताह में दूर करें भर्ती प्रस्तावों की कमियां

### प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में भर्ती प्रस्तावों की कमियां विभागों को अब दो सप्ताह में दूर करते हुए उसे पुनः आयोगों को भेजनी होगी। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने इस बाबत सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा है कि सभी विभागों के समूह क, ख व ग के पदों पर भर्ती के लिए आयोगों को प्रस्ताव ई-अधियाचन पोर्टल के माध्यम से भेजने की व्यवस्था की गई है। सभी विभागाध्यक्षों को कड़ाई से पालन करते हुए कमियां तय समय में दूर करनी होगी, जिससे पदों को भरा जा सके।

शासन से विभागों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि ई-अधियाचन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप पर भर्ती संबंधी प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह ध्यान रखा जाए कि पोर्टल पर पहले भेजे गए प्रस्तावों को दोबारा न भेजा जाए। आयोगों द्वारा आपत्ति के साथ वापस किए जाने वाले प्रस्तावों की सभी आपत्तियां तुरंत निस्तारित करते हुए 15 दिनों में उसे आयोगों को पुनः भेजा जाएगा। अगर विभागीय स्तर पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन है तो उसका भी तत्काल परीक्षण कराते हुए आयोगों को भेजा जाएगा। ई-अधियाचन पोर्टल पर ऑनबोर्ड विभागों और विभाग के तहत स्थापित कार्यालयों की मैपिंग एनआईसी द्वारा कराई जाए, जिससे पूरी जानकारी ऑनलाइन हो सके। ई-अधियाचन पोर्टल पर सभी सूचना एनआईसी द्वारा कराई जाए, जिससे सही से परीक्षण कराने में किसी तरह की समस्या न आ सके।

#### क्या है ई-अधियाचन पोर्टल

ई-अधियाचन पोर्टल सभी सरकारी विभागों से कागज रहित वातावरण में तमाम पदों और उनकी रिक्तियों का विवरण एकत्र करने के लिए डिजिटल समाधान है। राज्य सरकार की भर्ती एजेंसियां जैसे राज्य लोक सेवा आयोग, चयन बोर्ड आदि अलग-अलग समूह स्तर की रिक्तियों के तहत समेकित पदवार रिपोर्ट प्राप्त करेंगे। ई-अधियाचन किसी भी भर्ती एजेंसी के प्रशासन को इन पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए विभिन्न नौकरी अधिसूचनाओं के तहत इन रिक्तियों को प्रकाशित करने में सक्षम बनाता है। ई-अधियाचन का निष्पादन और निगरानी डैशबोर्ड के माध्यम से की जा सकती है।

## नीट पीजी काउंसिलिंग में पंजीकरण आज से

**लखनऊ, अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेजों की परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए नीट पीजी की ऑन लाइन काउंसिलिंग के लिए सोमवार से पंजीकरण शुरू होगा। 28 सितंबर तक अभ्यर्थी पंजीकरण के साथ धरोहर राशि जमा कर सकेंगे। पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को नीट पीजी की हर काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी, प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण की काउंसिलिंग के साथ स्ट्रे वैकेन्सी राउंड तक की काउंसिलिंग में शामिल हो सकेंगे। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 30 हजार रुपये और निजी के लिए दो लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग व पैरामेडिकल डिप्लोमा छात्रों के प्रवेशपत्र 30 को मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर अपलोड होंगे

**लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों पर अक्टूबर माह में होने वाली मुख्य परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के प्रवेश पत्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर 30 सितंबर को अपलोड किए जाएंगे। जिन छात्रों के प्रवेश पत्र न अपलोड हो, उन्हें 07 अक्टूबर तक त्रुटियां संशोधित कराकर, प्रवेश पत्र प्राप्त करने का मौका दिया गया है। उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ .आलोक कुमार ने बताया कि लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं फार्मेसी आदि संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम व अंतिम वर्ष की मुख्य परीक्षाएं अक्टूबर में होनी हैं।

### नाबालिग लड़की के अपहरण में 6 के खिलाफ रिपोर्ट

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने पर नाबालिग लड़के और उसके परिजन समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग लड़का और लड़की दोनों लापता हैं। राया थाने के प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कटैला गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की और उसी गांव में रहने वाला आरोपी नाबालिग लड़का राया कस्बे के इण्टर कॉलेज एक साथ पढ़ते थे। उन्होंने बताया कि दोनों की आयु 17 वर्ष है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव में ही रहने वाला दूसरे समुदाय का 17 वर्षीय लड़का इस महीने 17 सितंबर को उनकी लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी लड़का उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है और निकाह करने के लिए ही उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है।

### 1 अक्टूबर से आरंभ होगी अयोध्या की रामलीला

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में अयोध्या की रामलीला का छठा संस्करण 1 से 12 अक्टूबर तक सहकारी प्रबंध प्रशिक्षण केंद्र तुलसी नगर अयोध्या में होगा। इस वर्ष भी फिल्मी कलाकार अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे और इसका सीधा दूरदर्शन और सोशल मीडिया पर किया जाएगा। यह जानकारी रामलीला के संस्थापक संयोजक सुभाष मलिक ने बताई। उन्होंने बताया इस वर्ष फिल्मी कलाकारों अधिक संख्या में बताया कि इस वर्ष की रामलीला में मां पार्वती और प्रभु श्री राम की जननी माता कौशल्या का रोल स्थानीय कलाकार अंजली शुक्ला निभाएंगी। उन्होंने बताया कि मेरा सौभाग्य है कि जी प्रभु श्री राम की जन्मस्थली मेरा जन्म हुआ। प्रभु श्री राम की कृपा है कि वह अपने भक्तों को भूलते नहीं हैं और उन्हीं के आशीर्वाद से मुझे रामलीला में काम करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

### तत्परता से करें समस्याओं का निस्तारण : योगी

**लखनऊ।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है। योगी ने जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर ने कहा कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।

## महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर संकीर्ण राजनीति दुःखद : माया

**अमृत विचार , लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर संकीर्ण राजनीति करना अतिदुखद है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पश्चिमी बंगाल, ओडिशा व कर्नाटक समेत देश भर में महिलाओं के साथ दिल दहला देने वाली घटनाओं पर आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्ण राजनीति की जा रही है। यह समय गंभीर चिंतन का है कि महिला सुरक्षा व सम्मान को लेकर सरकार की नीयत व नीति में खोट तो नहीं है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक हो रहे ऐसे जघन्य अपराधों में प्रथम दृष्टया सरकार की लापरवाही व पुलिस की संलिप्तता स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना रही है। इसे त्याग कर सभी को निष्पक्ष व गंभीर होना बहुत जरूरी है, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों से होने वाली बदनामी से प्रदेश व देश को बचाया जा सके।



# अपराधियों के लिए आफत बनी एसटीएफ

- योगी के नेतृत्व वाली सरकार के साढ़े सात साल में 7015 कुख्यात अपराधियों पर कार्रवाई, 49 मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति की राह पकड़ यूपी एसटीएफ अपराधियों पर कहर बन कर टूट रही है।

एसटीएफ ने बीते साढ़े सात साल में 7 हजार से अधिक कुख्यात और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं, बड़ी मात्रा में अवैध हथियार, नशीला पदार्थ, प्रतिबंधित जानवरों की खाल व हड्डियां भी बरामद की हैं। इसके अलावा, एसटीएफ ने अपनी सूझबूझ से 559 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पहले ही रोककर अपराधियों की योजना को नाकाम कर दिया। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसटीएफ की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

एसटीएफ ने परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसी धांधली को रोकने एवं जड़ से खत्म करने के लिए 193 गिरोहों के 926 सरगना और साल्वरों के खिलाफ कार्रवाई की।

## वर्ग पहेली-200

**बाएं से दाएं**

1. हक्का-बक्का, भौचक्का, घबराया हुआ।
4. नहर आदि से निकला हुआ छोटा नाला।
5. लिखने का काम करने वाला कर्मचारी, मुंशी, (क्लर्क)।
7. 1. बहुत छोटी जूं (कीड़ा) या उसका बच्चा 2. मटर
8. 1. पत्रवाहक 2. संदेशवाहक 3. एलची

**ऊपर से नीचे**

1. शपथ या सौगंध से युक्त, कसमी, शपथपूर्वक दिया गया, हलफ़िया।
2. दीर्घकालीन, लंबी अवधि में संपन्न होने वाला, सालों-साल का।
3. 1. अधीनस्थ 2. जो किसी के साथ हो।
4. जो कोप से युक्त हो, जो क्रोध से भरा हो, क्रुद्ध, खफ़ा, नाराज़, अप्रसन्न।
6. 1. वायु या पानी का भंवर 2. चक्रवात, बवंडर।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | | |

### वर्ग पहेली -199 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मे | ल | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 2 व | शी | 3 कृ | त |
| 4 रा | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 5 ज | न | से | 6 वि | का | ■ |
| म | ■ | ■ | 7 ग | र | मी |
| हि | ■ | ■ | त | ■ | ■ |
| षी | ■ | ■ | ■ | 8 गो | ड़ |

## सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | 7 |
| | 1 | | 9 | 8 | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | 6 | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 2 | | | | |
| 1 | | 6 | | | | 8 | | 3 |
| | | | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | 8 | 4 | 3 | | 6 | |
| | 4 | | | 7 | 5 | | 9 | |
| 2 | | 7 | 6 | | | | | |

### सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13 .50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 22 .07 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज घर में बिजली के उपकरणों को लेकर समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी भावुक रहेंगे। शेयर बाजार से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक निवेश करना चाहिए। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है।

**वृष:** आज युवा लोगों को नए प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी प्रतिभा और ज्ञान की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की सराहना होगी। संपत्ति के मामले सुलझ सकते हैं। परिवार वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मिथुन:** आज सभी कार्यों को योजना बनाकर करें। व्यवसाय में कुछ अच्छे मौके हाथ से निकल सकते हैं। विपरीत विचारधारा के लोगों से बहस न करें। झूठ बोलने से आपकी मानहानि हो सकती है। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर अपनी इम्यूनिटी पर ध्यान दें।

**कर्क:** आज परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने करियर को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। पैतृक व्यवसाय में आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पुरानी असफलताओं से आप सीख लेकर आगे बढ़ेंगे।

**सिंह:** आज आपकी आय और व्यय दोनों के बीच शानदार संतुलन रहेगा। बच्चों की समस्याओं को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलना हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। नेटवर्क मार्केटिंग वाले व्यवसाय से बड़ा लाभ मिलेगा।

**कन्या:** आज एक से अधिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। सेवानिवृत्त लोग सत्संग आदि में काफी रुचि लेंगे। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। आपकी प्रगति में आ रही बाधा दूर होगी। अप्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** आज किसी से ज्यादा अपेक्षा न रखें। मन में उदासी जैसे भाव उत्पन्न हो सकते हैं। करियर को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों को बेहतरीन लाभ हो सकता है। नए व्यावसायिक रिश्ते बन सकते हैं। भाग्य आपका काफी साथ देगा। आपकी प्रगति में आ रही बाधा दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**धनु:** आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत रहेगी। संतान के करियर को लेकर चिंता रहेगी। कुछ महत्वपूर्ण काम बाधित हो सकते हैं। आप हर बात को गहराई से समझने का प्रयास करेंगे। प्रियजनों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मकर:** आज व्यवसाय में आ रही गिरावट को लेकर परेशान हो सकते हैं। व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। तनाव के बाद रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ:** आज विचारों में अस्पष्टता हो सकती है। व्यापारिक अनुबंध जल्दबाजी में न करें। घर वालों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा। करियर को लेकर नए अवसर तलाश सकते हैं। सोशल मीडिया पर अपनी राय व्यक्त करने से पहले थोड़ा सोच-विचार कर लें।

**मीन:** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अनावश्यक खर्चों को घटाने का प्रयास करेंगे। युवा उद्यमी नए स्टार्टअप्स के लिए टीम बना सकते हैं। इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | कातिलों का कातिल | सुबह : 10 .51 |
| B4U Movies | सपूत | रात : 07 .00 |
| &pictures | खूंखार | सुबह : 11 .07 |
| &pictures | मिली | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | बैटमैन बिगिन्स | सुबह : 10 .45 |
| Sony Pix | गॉडजिला | शाम : 04 .34 |
| Zee Cinema | द रिटर्न ऑफ राजू | सुबह : 11 .00 |
| Zee Cinema | मंगलावरम | रात : 08 .00 |
| Zee Action | इंटरनेशनल खिलाड़ी | सुबह : 10 .54 |
| Zee Action | कुरुक्षेत्र | शाम : 05 .09 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर शाम : 04 .34 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## एक नजर

### ओडिशाः जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण पूरा

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण रविवार को पूरा कर लिया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी ने बताया कि रत्न भंडार के अंदर कोई गुप्त कक्ष या सुरंग है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण का दूसरा दौर तीन दिन (21 से 23 सितंबर) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन यह दो दिन में ही पूरा हो गया।

### एलओसी पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के तारीनोट गांव के निवासी हसम शहजाद को मेंढर उप-मंडल के कृष्णा घाटी सेक्टर में जवानों ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वह रविवार तड़के भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। क्षेत्रीय गश्त दल को शहजाद भारतीय सीमा में 100 मीटर अंदर ब्रावो चेक क्षेत्र के निकट नदी के पास छिपा मिला था।

### महाराष्ट्रः बीड में कार और ट्रक की भिडंत, 4 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बीती रात एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना रात करीब 1 बजे अंबेजोगाई-लातूर रोड पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग लातूर जिले के जगलपुर से छत्रपति संभाजीनगर जा रहे थे। अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश के बीच कार ने कंटेनर ट्रक को टक्कर मार दी।

# कांग्रेस वैसे ही जर्जर, जैसे था बाबरी ढांचा

**विस चुनाव** हरियाणा की तीन चुनावी सभाओं में कांग्रेस, बसपा, इनेलो और आप पर बरसे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/चंडीगढ़

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के करनाल, नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र की चुनावी सभाओं में कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी पर जमकर बरसे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा था। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। उहोंने हिंदुओं को फिर चेताया कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

योगी ने कहा कि कांग्रेस को बाबरी ढांचा से जोड़ते हुए कहा कि रामभक्त कहते थे कि एक धक्का और दो, बाबरी ढांचा तोड़ दो। इस नारे के साथ गुलामी का ढांचा भी ध्वस्त हुआ। बाबरी ढांचा ध्वस्त हुआ तो अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने चेताया कि यह लोग जाति की राजनीति करके विभाजन करना चाहते हैं। बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। कोई माई का लाल बाल बांका नहीं कर पाएगा। अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। लेकिन 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे, वे चाहते तो राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि भाजपा शासन के तहत पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश किस तरह से बदल गया है। उन्होंने कहा, '2017 से पहले उत्तर प्रदेश में क्या स्थिति थी? हर दूसरे दिन दंगे होते थे, अराजकता थी, बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, विकास बाधित था।' उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने दंगों से मुक्ति दिला दी है।



हरियाणा के करनाल में एक चुनावी सभा के दौरान मंच पर योगी।

### कांग्रेस और इनेलो को वोट बैंक की चिंता, हिंदुओं की नहींः योगी

योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदू मारे-काटे जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इनके मुख से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, उनमें 90 फीसदी से अधिक दलित हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता है, हिंदुओं की नहीं। कांग्रेस-इनेलो, आम आदमी पार्टी के एजेंडे में देश, आम नागरिक, गांव, नौजवान-किसान, महिलाएं नहीं हैं। इनका एजेंडा बांटो और राज करो का संकीर्ण एजेंडा है। इनेलो परिवारवाद और 'आप' जेल-बेल के चक्कर में पड़ी है। कांग्रेस के समय चीन-पाकिस्तान हमारी सीमा में घुसते थे। आज वे घुसेंगे तो पिटेंगे।

### विदेशों में सिखों को गाली देते हैं राहुल गांधी

योगी आदित्यनाथ ने जनसभाओं में कहा कि पाकिस्तान में ननकाना साहिब कॉरिडोर बनाने के लिए कांग्रेस ने रोड़ा अटकाया था, वहां आज भी गुरु गोविंद सिंह महराज के प्रकाश पर्व पर हरिकीर्तन नहीं करने दिया जाता है। कांग्रेस का इतिहास तो कत्लेआम का रहा है। 1984 में सिख बंधुओं के साथ क्या हुआ, किसी से छिपा नहीं है। राहुल गांधी विदेशों में सिखों को गाली देते हैं। देश के संकट के समय राहुल गांधी को नानी याद आती हैं, भारत की 140 करोड़ जनता नहीं।

# आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं: केंद्रीय गृहमंत्री

जम्मू, एजेंसी



**कश्मीर चुनाव**

- अमित शाह ने कांग्रेस-नेकां और पीडीपी पर लगाए घाटी में आतंकवाद के पोषण के आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के 25 सितंबर को होने वाले दूसरे चरण के लिए पार्टी उम्मीदवार रविंदर रैना के समर्थन में नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से बातचीत की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने सीमा पर सुरक्षा और शांति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, "सीमावर्ती क्षेत्रों में बंकरों की कोई जरूरत नहीं है और अगर पाकिस्तान ने एक भी गोली चलाने की हिम्मत की, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे।" शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने और क्षेत्र में अशांति पैदा करने के लिए पिछली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों की आलोचना की। गृहमंत्री ने कहा कि ये तीनों राजनीतिक दल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को वापस लाने के लिए नियंत्रण रेखा के पार से व्यापार बहाल करने की वकालत कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और प्रगति का एक नया युग शुरू हुआ है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से क्षेत्र में आतंकवाद समाप्त हो गया है।

### कांग्रेस की कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की गारंटी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो राज्य का दर्जा बहाल करने के साथ ही राज्य की लोगों की खुशहाली सुनिश्चित की जाएगी। खरगे ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के लिए कांग्रेस की गारंटी है जिनमें पूर्ण राज्य का हक दिलाएंगे, महिला सम्मान, हमारा हक, घर के मुखिया को हर महीने 3000 रुपये, स्वयं सहायता समूहों के लिए पांच लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज, अच्छी सेहत के हक के लिए हर परिवार को 25 लाख तक का हेल्थ बीमा और 30 मिनट में सस्ती हेल्थ सर्विस, हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक और हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खुलेगा।

## हाईकोर्ट के जज ने विवादित टिप्पणी पर खेद जताया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति वी. श्रीशानंद ने हाल में एक मामले में सुनवाई के दौरान की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए खेद जताया है। ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना पड़ा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने इस पर हाईकोर्ट के महापंजीयक से एक रिपोर्ट मांगी थी। इनमें से एक वीडियो में न्यायमूर्ति श्रीशानंद को बेंगलुरु में एक इलाके को पाकिस्तान कहते हुए सुना गया। शनिवार दोपहर को अदालत की कार्यवाही शुरू होने पर न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने टिप्पणियां जान-बूझकर नहीं की गईं। यदि ऐसी टिप्पणियों से किसी व्यक्ति या समाज या समुदाय के किसी वर्ग को ठेस पहुंचती है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं।

## स्वतंत्रता दिवस पर असम को दहलाने की थी साजिश, 15 दबोचे

गुवाहाटी, एजेंसी

- प्रतिबंधित संगठन उल्फा-आई से जुड़ी तीन महिलाएं भी शामिल

असम में प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर सिलसिलेवार विस्फोट करने के लिए 24 स्थानों पर विस्फोटक लगाने के संबंध में तीन महिलाओं सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणबज्योति गोस्वामी ने कहा कि पुलिस बल ने एनआईए के सहयोग से अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि असम पुलिस ने एनआईए के तकनीकी सहयोग से राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक साथ छापे मारे और शनिवार रात 15 लोगों (तीन महिलाओं सहित) को गिरफ्तार किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आईईडी जैसी सामग्री लगाने की जांच में इसे एक बड़ी सफलता बताते हुए पुलिस ने कहा कि एनआईए के साथ समन्वय में लंबे समय तक खुफिया जानकारी जुटाने के बाद छापेमारी की गई। गोस्वामी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद अपराध सिद्ध करने वाले तथ्य सामने आए हैं।

## नेहरू के निजी पत्र प्रधानमंत्री संग्रहालय को सौंपें सोनिया गांधी, पीएमएमएल ने की मांग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी के सदस्य रिजवान कादरी ने रविवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से संबंधित निजी दस्तावेज पत्र आदि तक प्रत्यक्ष या डिजिटल पहुंच की अनुमति देने का अनुरोध किया है। कादरी ने कहा कि वह पीएमएमएल सोसाइटी जिसे पहले नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) के नाम से जाना जाता था, की वार्षिक आम बैठकों में उन कागजातों को वापस लेने के लिए आवाज उठाते रहे हैं, जिन्हें गांधी परिवार ने कई साल पहले वापस ले लिया था। एनएमएमएल में पं. नेहरू के निजी पत्रों, पुस्तकों और दुर्लभ अभिलेखों का समृद्ध संग्रह था।

## केरल में प्रस्तावित सड़क के खिलाफ कोर्ट पहुंचे मेट्रो मैन

कोच्चि, एजेंसी

- कहा- स्वतंत्रता सेनानी केलप्पन का स्मारक नष्ट हो जाएगा

केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 2021 में चुनाव लड़ चुके मेट्रोमैन ई. श्रीधरन ने मलप्पुरम जिले के भरतपुझा में तिरुनावाया-तावनूर पुल के प्रस्तावित मार्ग के खिलाफ केरल हाईकोर्ट का रुख किया है।

श्रीधरन ने अपनी याचिका में दावा किया कि प्रस्तावित मार्ग के कारण महान स्वतंत्रता सेनानी के. केलप्पन (जिन्हें केरल के गांधी के नाम से जाना जाता है) का स्मारक नष्ट हो जाएगा और भरतपुझा नदी तट पर स्थित मंदिरों की पवित्रता से समझौता होगा। याचिका में पुल के निर्माण के लिए अवैज्ञानिक ढंग से आगे न बढ़ने व श्रीधरन द्वारा प्रस्तावित वैकल्पिक रूपरेखा के पालन संबंधी निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिवादी पवित्र मंदिरों और केलप्पन के स्मृति मंडपम की पवित्रता को नष्ट करके मनमाने ढंग से निर्माण कार्य जारी रखे हुए है।

# अनुसूचित जाति पर अत्याचार के 97% मामले 13 राज्यों से सामने आए : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूपी- राजस्थान और मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मामले

अनुसूचित जाति के खिलाफ 2022 में अत्याचार के सभी मामलों में से करीब 97.7 प्रतिशत मामले 13 राज्यों में दर्ज किए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे सबसे अधिक अपराध दर्ज किए गए।

एक नई सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अधिकांश अत्याचार भी इन 13 राज्यों में केंद्रित थे, जहां 2022 में सभी मामलों में से 98.91 प्रतिशत मामले सामने आए। अनुसूचित जाति के खिलाफ कानून के तहत 2022 में दर्ज किए गए 51,656 मामलों में से, उत्तर प्रदेश में 12,287 के साथ कुल मामलों का 23.78 प्रतिशत हिस्सा था, इसके बाद राजस्थान में 8,651 (16.75%) और मध्य प्रदेश में 7,732 (14.97%) थे। अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के मामलों की ज्यादा संख्या वाले अन्य राज्यों में बिहार 6,799 (13.16 %), ओडिशा 3,576 (6.93 %), और महाराष्ट्र 2,706 (5.24 %) थे। इन छह राज्यों में कुल मामलों का लगभग 81 प्रतिशत हिस्सा है।




### सिर्फ 60.38 प्रतिशत मामलों में ही चार्जशीट

अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60 .38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दायर किए गए, जबकि 14 .78 प्रतिशत झूठे दावों या सबूतों की कमी जैसे कारणों से अंतिम रिपोर्ट के साथ समाप्त हुए। 2022 के अंत तक 17,166 मामलों में जांच लंबित थी।

## छत्तीसगढ़ः 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर, सात पर था 31 लाख का इनाम

**दंतेवाड़ा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान नक्सली आंदोलन को गहरा झटका देते हुए चार महिला समेत सात इनामी माओवादियों के साथ कुल 12 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। दंतेवाड़ा में तीन महिला नक्सलियों और एक पुरुष नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम था। वहीं, बीजापुर में आठ सक्रिय माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें आठ लाख रुपये के इनामी प्लाटून कमांडर, दो लाख की इनामी पार्टी सदस्या, एक लाख के इनामी जनताना सरकार अध्यक्ष कुल 11.00 लाख के तीन इनामी माओवादी सहित कुल आठ ने आत्मसमर्पण किया।

# तिरुपति लड्डू : श्री श्री रविशंकर ने 1857 के विद्रोह से की तुलना

## आध्यात्मिक गुरु ने कहा-अपवित्र लड्डू के जरिए हिंदुओं की भावनाओं को छलनी किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने के दावे की तुलना आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने 1857 के विद्रोह से की है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि हमने इतिहास की किताबों में पढ़ा है कि कैसे 1857 में सिपाही विद्रोह हुआ था। अब हम देख रहे हैं कि कैसे इस लड्डू के जरिए हिंदुओं की भावनाओं को छलनी किया गया है। यह ऐसा काम है, जिसकी माफी नहीं हो सकती है।

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण है और इस प्रक्रिया में शामिल लोगों के लालच की पराकाष्ठा है। इस वजह से उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जो भी इसमें शामिल हैं, उनकी संपत्तियों को जब्त कर उन्हें जेल में डालना चाहिए। आध्यात्मिक गुरु ने कहा है कि सिर्फ लड्डू ही नहीं, बल्कि हर तरह के खाद्य पदार्थों की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो घी मार्केट में बिक रहा है, क्या किसी ने उसकी जांच की है। जो भी खाने के सामान में मिलावट करता है और शाकाहारी खानों में मांसाहार चीजें मिलाता है, उनके लिए सख्त सजा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन के लिए हमें यह देखने की जरूरत है कि यह संतों और आध्यात्मिक नेताओं की देखरेख में है या नहीं। इसके लिए आध्यात्मिक नेताओं की समिति बनाने की जरूरत है। श्री श्री रविशंकर ने कहा कि इस समिति में सरकार की तरफ से भी एक प्रतिनिधित्व होना चाहिए, लेकिन उसे यहां छोटी भूमिका निभानी होगी।



### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जांच कराने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर तिरुपति के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हिंदू सेना के अध्यक्ष एवं किसान सुरजीत सिंह यादव द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि टीटीडी ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को घी के बजाय पशुओं की चर्बी से तैयार लड्डू प्रसादम प्रदान कर हिंदू धर्म का उपहास किया है। याचिका में कहा गया है कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में लड्डू प्रसादम तैयार करने में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल के आरोप ने हिंदू समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।



## एक नजर

### जीएसटीः युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह की 25 को बैठक

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह (जीओएम) की बैठक 25 सितंबर को होगी। बैठक में कर स्लैब और दरों में बदलाव पर चर्चा हो सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि दर युक्तिकरण पर मंत्री समूह की बैठक 25 सितंबर को गोवा में होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्री समूह (जीओएम) की पिछली बैठक 22 अगस्त को हुई थी और उसने 9 सितंबर को जीएसटी परिषद को स्थिति रिपोर्ट सौंपी थी।

### जी और सोनी के विलय के खिलाफ याचिकाएं वापस

**नई दिल्ली।** एक्सिस फाइनेंस, आईडीबीआई बैंक और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज ने सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ जी एंटरटेनमेंट के विलय को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष दायर अपनी याचिकाएं वापस ले ली हैं। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि एनसीएलटी ने 10 अगस्त, 2023 के अपने पहले के आदेश को इस महीने वापस ले लिया था, जिसमें जी एंटरटेनमेंट के सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ विलय को मंजूरी दी गई थी।

# चालू वित्त वर्ष में 7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## डेलॉयट का अनुमान, कहा- निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत एक चमकता स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने कहा है कि भारत निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच एक चमकता स्थान बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देश विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है।

भारत में 'बिग फोर' अकाउंटिंग और परामर्श कंपनियों के सबसे युवा सीईओ शेट्टी ने कहा कि मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है। ग्रामीण मांग में वृद्धि हुई है और वाहनों की बिक्री में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि हम वृद्धि के मामले में (चालू वित्त वर्ष में) 7-7.1 प्रतिशत के दायरे में रहेंगे। आपके सामने कई प्रतिकूल परिस्थितियां हैं, कई अनुकूल परिस्थितियां हैं। लेकिन तथ्य यह है कि वैश्विक स्तर पर जो कुछ भी हो रहा है, उसके बावजूद भारत अब भी बेहतर स्थिति में है, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि हम दुनिया से अलग हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूक्रेन में भू-राजनीतिक संकट तथा पश्चिमी दुनिया में मंदी का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर असर पड़ेगा।

डेलॉयट के अनुमानों के अनुसार, अगले वित्त वर्ष (2025-26) में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। शेट्टी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 निजीकरण सहित आर्थिक सुधारों को उसी गति से जारी रखेगी और सरकारी विभागों के भीतर काम पूरा करने के लिए जबर्दस्त प्रयास किए जाएंगे।




**भारत बनेगा विश्व की सेवा राजधानीः** डेलाइट सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत इस दशक के भीतर पांच हजार अरब डॉलर तक विस्तारित होकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट कुछ मायनों में अच्छी बात है, क्योंकि भारत कई चीजों का शुद्ध आयातक है और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती भारत के लिए सकारात्मक होगी। शेट्टी ने कहा कि भारत विश्व की सेवा राजधानी बनेगा और इसे उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए गठित होगी उच्च स्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र के और विकास के लिए खाका तैयार करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का रविवार को निर्णय लिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के बीच यहां कृषि भवन में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया।

मत्स्य पालन के क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा किए गए अनुसंधान पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'मॉडल फार्म' विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## वोडाफोन-आइडिया जल्द 5जी लॉन्च करेगी, किया बड़ा सौदा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नोकिया-एरिक्सन और सैमसंग के साथ की 3.6 अरब डॉलर की डील

निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) जल्द ही 5जी सेवा लॉन्च करेगी।इसके लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ 3.6 अरब डॉलर का एक बड़ा सौदा किया है। ये कंपनियां अगले तीन वर्षों की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी।

कंपनी ने कहा कि यह डील कंपनी की 6.6 अरब डॉलर की तीन-वर्षीय पूंजीगत व्यय योजना को लागू करने की दिशा में पहला कदम है। इस पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 4जी कवरेज को 1.03 अरब यूजर से बढ़ाकर 1.2 अरब यूजर तक करना, प्रमुख बाजारों में 5जी लांच करना तथा डेटा वृद्धि के अनुरूप क्षमता विस्तार करना है। कंपनी ने अपने मौजूदा साझेदारों नोकिया और एरिक्सन के साथ काम जारी रखा है और सैमसंग को नए साझेदार के रूप में शामिल किया है। यह अनुबंध कंपनी को बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का तुरंत लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा।




### सर्राफा

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कानपुर** | | चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 | चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 | चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 | **बरेली** | |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,200 | सोना जेवरात पक्के | 75,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,800-57,000 | सोना जेवरात गिन्नी | 74,800 |
| **लखनऊ** | | चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 75,950 | **मुरादाबाद** | |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 75,800 | सोना 24 कैरेट | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 | चांदी आभूषण | 89,800। |

**मैंथा भाव**
**चन्दौसी :** शिवालिक- 960 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870 **रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-855 बोल्ड-1180

## हेल्पलाइन ने कोचिंग सेंटर से छात्रों को वापस दिलाए एक करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों और अभ्यर्थियों को कोचिंग नामांकन शुल्क के रूप में एक करोड़ रुपये की वापसी कराई है। सरकार ने बताया कि कोचिंग छात्रों की शिकायत के बाद उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के हस्तक्षेप से रिफंड की प्रक्रिया मुकदमे के बिना पूरी कर ली गई।

## शुल्क लगा तो यूपीआई का इस्तेमाल बंद कर देंगे 75% उपयोगकर्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीआई सेवा पर यदि किसी तरह का लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। 'लोकलसर्किल्स' के रविवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिये करते हैं।

सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्येक प्रत्येक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी।

यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह 1,39,100 अरब रुपये से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपये पर पहुंच गया है।



रविचंद्रन अश्विन

6 विकेट

88 रन

21 ओवर



# अश्विन के हरफनमौला खेल से बांग्लादेश फेल

## भारत ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रन से हराया, प्लेयर ऑफ द मैच बने रविचंद्रन

चेन्नई, एजेंसी



जीत के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को बांग्लादेश को 280 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने दो टेस्ट मैचों की शृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की टीम ने कल के चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरु किया।

आज भारत को जीत के लिए छह विकेट की दरकार थी, लेकिन बांग्लादेश के कप्तान नाजमुल हुसैन शान्तो ने शाकिब अल हसन के साथ पहले घंटे संघर्षपूर्ण पारी खेली और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस दौरान मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने दोनों बल्लेबाजों को कई बार बीट किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने आर अश्विन को गेंद थमाई। अश्विन ने दिन के अपने पहले ही ओवर में शाकिब अल हसन (25) को जयसवाल के हाथों कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस विकेट के साथ ही उन्होंने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श के 519 विकेट को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में आठवें पायदान पर पहुंच गये। उन्होंने 52वें ओवर में भारत को यह पांचवीं और आज के दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए लिटन कुमार दास (एक) को जडेजा ने पवेलियन भेज दिया। मेहदी (8) और तस्कीन (5) अश्विन का शिकार बने। उन्होंने मैच में अपना छठ विकेट हासिल किया।

इसी के साथ जडेजा ने कप्तान नजमुल शान्तो (82) रूपी दीवार को जडेजा ने ध्वस्त कर दिया। 63वें ओवर की पहली गेंद पर हसन महमूद (7) को बोल्ड कर बांग्लादेश की दूसरी पारी का चौथे दिन सुबह के सत्र में 234 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से आर अश्विन ने छह विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। अश्विन ने 37वीं बार पारी में पांच विकेट लेने के साथ दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न के रिकार्ड की बराबरी की। अब उनसे आगे 67 पर यह कारनामा करने वाले मुथैया मुरलीधरन हैं।

तीसरे दिन भारत ने भोजनावकाश के बाद अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बना कर घोषित कर मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे और भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश पहली पारी 149 रन पर ढेर कर दिया था। पहली पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर 514 रन बढ़त हासिल कर मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में आज चौथे दिन बांग्लादेश की टीम 234 के स्कोर पर सिमट गई। अश्विन ने भारत की पहली पारी में न केवल लड़खडाती पारी को संभाला और अपने टेस्ट करियर का छठा शतक (113) भी जड़ा। अश्विन को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 376 रन

बांग्लादेश पहली पारी : 149 रन

भारत दूसरी पारी : 287/4 (पारी घोषित)

बांग्लादेश दूसरी पारी : 234/10 — 62.1 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर हसन का जायसवाल बो बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| शादमान इस्लाम का गिल बो अश्विन | 35 | 62 | 3/0 |
| नजमुल शंटो का बुमराह बो जडेजा | 82 | 127 | 8/3 |
| मोमिनुल हक बो अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| मुशफिकुर रहीम का राहुल बो अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब का जायसवाल बो अश्विन | 25 | 56 | 3/0 |
| लिटन दास का रोहित बो जडेजा | 1 | 10 | 0/0 |
| मेहदी का जडेजा बो अश्विन | 8 | 10 | 1/0 |
| तस्कीन का सिराज बो अश्विन | 5 | 4 | 1/0 |
| हसन महमूद बो जडेजा | 7 | 14 | 1/0 |
| नाहिद राणा नबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12 रन, गेंदबाजी : बुमराह 10-2-24-1, सिराज 10-5-32-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 21-0-88-6, जडेजा 15.1-2-58-3

### 37वीं बार पांच विकेट लेकर अश्विन ने की शेन वॉर्न की बराबरी

**चेन्नई।** भारत बनाम बंगलादेश पहले टेस्ट मुकाबले में स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अपने बल्ले से (113) रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूती दी। इसके आलवा दूसरी पारी में बंगलादेश के छह विकेट चटकाते हुए 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने का कारनाम करते हुए ऑस्ट्रेलिया स्पिनर शेन वॉर्न के रिकार्ड की बराबरी कर ली। इसके अलावा आर अश्विन सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले भारतीय खिलाड़ी गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि अश्विन ने भारत में किसी ऐशियाई टीम के खिलाऊ पांच विकेट लिए हैं। शतक और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की बात की जाये तो इयन बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस, शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा और आर अश्विन का नाम भी इसमें जुड़ गया है।

### रोहित ने अश्विन और पंत के प्रदर्शन की सराहना की

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और ऋषभ पंत की सराहना की। मैच के बाद रोहित ने कहा भविष्य को देखते हुए यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण जीत है। पंत काफी मुश्किल समय से गुजरे हैं। उन्होंने जिस तरह से उन चीजों का सामना किया वह अदभुत है। यह प्रारुप उन्हें सबसे अधिक पसंद है। हमें हमेशा से पता था कि वह कितने काबिल हैं। यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था। हम किसी भी स्थिति में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाजी और स्पिन में विकल्पों की कमी न हो। यह पिच बेहद आसान थी। यहां पर तेज गेंदबाजो के लिए भी मदद थी और स्पिन गेंदबाजो के लिए भी काफी कुछ था। यह ऐसी पिच थी जहां आपको संयम दिखाना पड़ता। अश्विन हमेशा आपके साथ रहते हैं। वह आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं।

### कप्तान शंटो को शाकिब के लय में आने का भरोसा

**चेन्नई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने गेंदबाजी में संघर्ष कर रहे अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन का समर्थन करते हुए कहा कि वह लय हासिल करने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बांग्लादेश को दो मैचों की शृंखला में पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां 280 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस मैच में शाकिब ने 21 ओवर में 129 रन लुटाए और एक भी विकेट लेने में नाकाम रहे। यह उनके करियर में पांचवीं बार था जब वह किसी टेस्ट मैच में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने के बावजूद विकेट लेने से चूक गए। मैच के बाद शंटो से जब टीम में शाकिब की जगह के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा एक कप्तान के तौर पर ईमानदारी से कहूं तो मैं खिलाड़ी की मेहनत का आकलन करता हूं। वह (शाकिब) अपनी फॉर्म वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। मेरे लिए यह देखना अहम है कि क्या वह वापसी के लिए पर्याप्त संघर्ष कर रहे हैं।

### अहम होगी बुमराह और पंत की फिटनेस : इयान चैपल

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने कहा कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया में शृंखलाओं की जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक हासिल करनी है तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटों से मुक्त और शीर्ष फॉर्म में रहना होगा। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम के लिए इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय शृंखला से पहले आदर्श तैयारी है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट भी शामिल हैं। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो में अपने कॉलम में लिखा भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का फॉर्म में रहना और चोटों से मुक्त रहना होगा। पंत ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा। पंत 2020-21 में भारत को ऑस्ट्रेलिया में पिछली शृंखला में मिली जीत के नायक रहे थे।

## खेल डायरी



### हदाद ने कसातकिना को हराकर कोरिया ओपन जीता

**सोल (दक्षिण कोरिया)।** बीट्रीज हदाद माइया ने रविवार को यहां कोरिया ओपन के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को हराकर इस सत्र का अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। यह तीसरी वरीय खिलाड़ी के करियर का चौथा खिताब है। ब्राजील की इस खिलाड़ी ने कसातकिना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। वह शानदार फॉर्म में है जिन्होंने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 12 में जीत हासिल की है जिसमें क्लीवलैंड में फाइनल और अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना शामिल है।

### उमेश ने स्वर्ण पदक जीता सुकांत-मंदीप को रजत

**नई दिल्ली।** उमेश विक्रम ने रविवार को यहां इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सुकांत कदम, सिवाराजन सोलाईमलई और मंदीप कौर ने अपनी स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किए। सुकांत ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा में जबकि सिवाराजन ने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता। मंदीप को महिला एकल एसएल3 वर्ग में रजत पदक मिला। भारत ने इंडोनेशिया के सराकार्ता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 के टूर्नामेंट में 34 पदक जीते। पुरुष एकल एसएल3 में उमेश ने हमवतन और शीर्ष वरीय नेहाल गुप्ता पर फाइनल में 12-21 21-8 21-19 से जीत हासिल की। सुकांत पेरिस पैरालंपिक में प्लेऑफ में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से हारकर कांस्य पदक से चूक गये थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 68 रन से हराया

**लीड्स।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर पांच मैचों की शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। हेडिंग्ले मैदान पर खेले गए मुकाबले में 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 65 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिए थे। फिल सॉल्ट (12), विल जैक्स (शून्य) कप्तान हैरी ब्रूक (4), बेन डकेट (32) और लियम लिविंगस्टन (शून्य) पर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 40.2 ओवर में 202 रनों पर ही समेटते हुए 68 रनों से मुकाबला जीत लिया। यह एकदिवसीय मुकाबलो में ऑस्ट्रेलिया की लगातार 14वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है।

### कोठारी विश्व 6-रेड स्नूकर के प्री क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारत के सौरव कोठारी ने रविवार को यहां आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत अपने सभी ग्रुप मैचों में जीत से की और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मंगोलियाई के दिग्गज लखगवासुरेन तुमुरचुदुर से पहले मैच में कोठारी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और 2-3 से पिछड़ने के बाद उन्होंने 'बेस्ट-ऑफ-सेवन' मैच जीत लिया। कतर के अहमद सैफ के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में कोठारी ने 46, 48 और 49 के फ्रेम से 4-1 से जीत हासिल की। तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में कोठारी ने जापान के जुंजी मियाजावा को 4-0 से हराया।

## इतिहास रचा, पुरुष और महिला टीम ने जीते स्वर्ण

- शतरंज ओलंपियाड में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और प्रज्ञानानंदा ने दिलाया खिताब

बुडापेस्ट, एजेंसी





अपने-अपने मुकाबले खेलते प्रज्ञानानंदा और वंतिका अग्रवाल। ● एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम के बाद रविवार को हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी हंगरी में खेली जा रही 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 स्पर्धा का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने इस स्पर्धा का दोहरा खिताब अपने नाम कर लिया है।

हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव और अभिजीत कुंटे की भारतीय महिला टीम की जीत ओपन वर्ग में अमेरिका के कजाकिस्तान को हारने पर निर्भर थी। अमेरिका और कजाकिस्तान के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रोकने के बाद भारत को विजेता घोषित किया गया। इससे पहले भारतीय महिलाओं ने चीन को 2.5-1.5 से हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, दिव्या देशमुख शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम की नायिका बनीं। कजाकिस्तान ने जॉर्जिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। अंतिम दौरान में भारत ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराया। इसी के साथ फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। पुरुष टीम में डी गुकेश, आर प्रज्ञानंदधा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पेंटाला हरिकृष्णा ने ओपन वर्ग में जीत हासिल की, जबकि हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरिका द्रोणावल्ली ने गुने मम्मादजादा को हराया। आर वैशाली ने उलविया फतालियेवा को ड्रा कराया। वंतिका अग्रवाल ने खानिम बालाजायेवा को हराया। अमेरिकी खिलाड़ियों के खिलाफ भारत की जीत का श्रेय डी. गुकेश को जाता है, उन्होंने फैबियानो कारूआना को हराया।

### हैरतअंगेज खेल का नतीजा है यह जीत : विश्वनाथन आनंद

**नई दिल्ली।** दिग्गज खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पुरुष और महिला टीमों को बधाई देते हुए इसे हैरतअंगेज खेल का नतीजा बताया। आनंद ने एक्स पर पोस्ट किया भारतीय पुरुष टीम को ओलंपियाड में एक दौर शेष रहते हुए जीत दर्ज करने पर बधाई। ऐतिहासिक प्रदर्शन। निश्चित तौर पर हैरतअंगेज खेल। डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी को व्यक्तिगत सफलता के लिए बधाई। महिला टीम को बधाई। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भी कहा कि आनंद की विरासत सुरक्षित है।

## भारत ए ने जीती दलीप ट्रॉफी

- भारत ए ने बनाए तीन मैच में 12 अंक, सी को 132 रन से रौंदा

अनंतपुर, एजेंसी

तनुष कोटियान (47 रन देकर तीन विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (50 रन देकर तीन विकेट) के छह विकेट के सामने रविवार को यहां साई सुदर्शन की 111 रन की पारी भी भारत सी के काम नहीं आ सकी और भारत ए ने 132 रन से जीत दर्ज कर दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। दो मैच में छह अंक से अंतिम दौर में प्रवेश करने वाली भारत ए टीम ने चार दिवसीय मुकाबले में दबदबा बनाया।

इस जीत से भारत ए के तीन मैच में 12 अंक हो गए जिससे वह तीन मैच के बाद शीर्ष पर पहुंच गई और विजेता बनी। अंतिम दिन 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी 81.5 ओवर में 217 रन पर सिमट गई जिसमें कृष्णा ने अपने 13.5 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें मैच का अंतिम विकेट भी शामिल था। सुदर्शन और ईशान किशन क्रीज पर थे और उन्हें लगभग 30 ओवर के अंतिम सत्र में 182 रन की जरूरत थी, पर कोटियान ने किशन (17) को आउट किया और लगातार ओवरों में अभिषेक पोरेल (0) का विकेट भी झटक लिया।

इससे पहले आकिब खान ने रुतुराज गायकवाड़ को 44 रन पर आउट किया जबकि विजयकुमार वैशाख 17 रन बनाकर रन आउट हो गए। सुदर्शन ने 206 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 111 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला। कृष्णा ने आउट कर दिया जिससे भारत सी की चुनौती आखिरकार खत्म हो गई।

### अर्शदीप के छह विकेट से भारत डी को मिली जीत

**अनंतपुर।** अर्शदीप सिंह के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन पर छह विकेट) के दम पर भारत डी ने दलीप ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां चौथे और आखिरी दिन भारत बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। भारत डी ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 244 रन से आगे की लेकिन टीम 305 रन पर आउट हो गई। इसके बाद भारत बी को लगभग 70 ओवर में जीत के लिए 373 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला।

## बॉलीवुड हलचल



### 27 को फिर से रिलीज होगी ऐश्वर्या की ताल

**मुंबई।** पूर्व विश्व सुंदरी ऐश्वर्या राय और मिस्टर इंडिया अनिल कपूर की सुपरहिट फिल्म ताल सिनेमाघरों में 27 सितंबर को फिर से रिलीज होने जा रही है। फिल्म ताल के निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्टर साझा कर इस खबर की जानकारी दी। उन्होंने पोस्टर साझा कर लिखा लोगों की इच्छा को देखते हुये, मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड मुक्ता ए2 सिनेमा जी सिनेमा और पीवीआर ने सबसे पसंदीदा फिल्म ताल को दोबारा से सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया। पूरे भारत में 27 सितंबर से कई सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी फिल्म ताल। फिल्म की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए इसे फिर से बड़े परदे पर लाया जा रहा है। पिछले कुछ सालों में ताल प्रशंसकों की सबसे पसंदीदा फिल्म बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसका यादगार साउंडट्रैक और इसके कलाकारों का शानदार अभिनय है।

### स्त्री 2 की सफलता से तैयार हुआ एक नया मापक : ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन ने कहा है कि स्त्री 2 ने अपनी सफलता से हम सभी के लिए एक नया मापक तैयार किया है। बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने शाहरुख खान की फिल्म जवान के हिंदी भाषा में लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर सिनेमाई इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इस फिल्म ने अपनी अपार सफलता से हर किसी को सरप्राइज कर दिया है। स्त्री 2 की बंपर सक्सेस को लेकर ऋतिक रोशन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लेटेस्ट ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, ये हमारे सिनेमा के लिए बहुत खुशी का समय है। क्योंकि स्त्री 2 ने अपनी सक्सेस से हम सभी के लिए एक नया मापक तैयार किया है। स्त्री का पहला पार्ट काफी शानदार था और इस फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने के लिए पार्ट 2 का विचार काफी सराहनीय रहा है। इसको पेश करने के लिए फिल्म की पूरी टीम को मेरी तरफ से ढेर सारी बधाई, सच में आप लोग असली सितारे हैं। उम्मीद है कि आने वाले समय में भी फिल्मों के लिहाज से ऐसे ही खुशनुमा पल बिताते रहें।

### भारत में कॉन्सर्ट करेंगे एपी ढिल्लन



**मुंबई।** इंडो-कैनेडियन गायक एपी ढिल्लन जल्द ही भारत में कॉन्सर्ट करेंगे। एपि ढिल्लन ने अपने भारत दौरे की घोषणा की है। एपी ढिल्लन ने बताया कि जल्द ही वह एक कॉन्सर्ट के लिए भारत आ रहे हैं। ब्राउन मुंडे हिटमेकर एपी ढिल्लन ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपने भारत दौरे की घोषणा की है। उन्होंने लिखा जल्द ही भारत दौरा... मैं घर आ रहा हूं। उन्होंने तारीखों की घोषणा नहीं की, लेकिन उनके भारत दौरे की खबर उनके प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए पर्याप्त थी। कुछ ही समय में प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में अपनी खुशी व्यक्त की। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा आपके कॉन्सर्ट का इंतजार नहीं कर सकता। दिलजीत दोसांझ इस अक्टूबर में अपने दौरे के भारतीय चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस साल 26 अक्टूबर को दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इस टूर की शुरुआत होगी। दिल्ली के बाद यह टूर हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पुणे, कोलकाता, बैंगलोर, इंदौर, चंडीगढ़ और गुवाहाटी जाएगा। दिलजीत ने दिल-लुमिनाती टूर के भारतीय चरण की तारीखों की घोषणा की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी में अलबामा राज्य के बर्मिंघम में शनिवार रात सामूहिक गोलीबारी में चार लोग मारे गए और 12 से अधिक घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। बर्मिंघम पुलिस ने बताया कि गोलीबारी अलबामा विश्वविद्यालय के पास फाइव पॉइंट्स साउथ क्षेत्र में मैगनोलिया एवेन्यू के 2000 ब्लॉक पर एक व्यस्त इलाके में कल रात में हुई। गोलीबारी में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और एक घायल ने बाद में विश्वविद्यालय के अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलो में कई की हालत गंभीर है। अधिकारियों का मानना है कि गोलीबारी में कई बंदूकधारी शामिल थे। रविवार सुबह तक, किसी भी संदिग्ध को पकड़ा नहीं जा सका था।

### नई बैलिस्टिक मिसाइल जिहाद का किया अनावरण

**तेहरान।** इरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने स्वदेश निर्मित बैलिस्टिक मिसाइल जिहाद का अनावरण किया है जिसकी मारक क्षमता 1,000 किलोमीटर है । ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने आज यह जानकारी दी। वर्ष1980-1988 के ईरान-इराक युद्ध की वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को वार्षिक परेड आयोजित की गई जिसमें 'जिहाद' को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, आईआरजीसी ने 4,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाला एक नये ड्रोन को भी प्रदर्शित किया गया। इस परेड में इजराइल के साथ जारी तनाव के बीच कई बैलिस्टिक मिसाइलें भी प्रदर्शित की गईं। ईरान के राष्ट्रपति यन मसूद पेजेशकियान ने इस अवसर पर एकता पर जोर दिया जबकि आईआरजीसी ने इजराइल और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे वाले बैनर प्रदर्शित किए।

### अल जज़ीरा कार्यालय को 45 दिन के लिए बंद करने का आदेश

**रामल्लाह।** इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक के रामल्लाह में अल जजीरा प्रसारक के कर्मचारियों को इमारत छोड़ने और कार्यालय बंद करने का आदेश दिया है। अल जजीरा ने बताया कि इजरायली सैनिक हथियारों के साथ कार्यालय में घुसे और सभी कर्मचारियों को इमारत खाली करने का आदेश दिया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय 45 दिनों तक बंद रहेगा। चैनल ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि भारी हथियारों से लैस सैनिकों ने इमारत में प्रवेश किया था और कर्मचारियों को अपने उपकरण लेकर तुरंत कार्यालय छोड़ने का आदेश दिया। चैनल ने एक सैनिक के हवाले से बताया कि एक अदालत ने चैनल को 45 दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है।

### पाकिस्तान में विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्वात जिले में हुई जहां सड़क किनारे लगाए गए उपकरण से वाहन को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया गया, जहां एक उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है।

### एलुरु आश्रम मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र झरने में बहे

**काकीनाडा।** आन्ध्र प्रदेश में एलुरु मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र रविवार सुबह जलथरानगिनी झरने में नहाते समय बह गए। लापता तीन छात्रों को बचाने के लिए तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पांच छात्र पिकनिक मनाने के लिए मारेडुमिली आए थे। नहाने के दौरान तीन छात्र बह गये। सूत्रों ने बताया कि यह घटना इलाके में भारी बारिश के बाद झरने के जल स्तर में अचानक वृद्धि के कारण हुई। लापता छात्रों में चौधरी हरदीप, के. सौम्या और बी अमृता शामिल हैं। ये तीनों एलुरु आश्रम कॉलेज के मेडिसिन द्वितीय वर्ष के छात्र बताए गए हैं।

# भारत आज अवसरों की भूमि बना : मोदी

## क्वाड बैठक के बाद न्यूयॉर्क पहुंचे प्रधानमंत्री ने भारतीय को किया संबोधित, कहा- तीसरे कार्यकाल में बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है। मोदी ने न्यूयॉर्क में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कहा इस कठिन चुनाव प्रक्रिया, इस लंबी चुनाव व्यवस्था से गुजरने के बाद, भारत में (इस वर्ष) कुछ अभूतपूर्व हुआ। क्या हुआ... अबकी बार मोदी सरकार।

उन्होंने कहा 60 साल में पहली बार भारत के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया है जिसका बहुत महत्व है। अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान मुझे बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने हैं। हमें तीन गुना ताकत के साथ आगे बढ़ना है। मोदी ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन सुशासन और समृद्ध भारत के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि नियति उन्हें राजनीति में लेकर आई है। उन्होंने कभी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था। पिछले 10 सालों में लोगों ने शासन के इस मॉडल को देखा है और इसलिए उन्हें तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री 13,000 से ज्यादा भारतीय अमेरिकियों से भरे नासाउ वेटरन्स कोलिजियम को संबोधित कर रहे थे। आयोजकों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर लोग न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी क्षेत्र से थे, लेकिन भारतीय अमेरिकी 40 राज्यों से आए थे। उन्हे लाने के लिए 60 चार्टर बसों का इस्तेमाल किया गया था। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकियों की भूमिका की सराहना करते हुए मोदी ने उन्हें भारत का ब्रैंड एंबेसडर बताया। उन्होंने संस्कृत के एक श्लोक का उल्लेख किया और कहा कि भारतीय प्रवासी जहां कहीं भी रहते हैं, वे हर क्षेत्र में सामाजिक और राष्ट्र के विकास में योगदान देते हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विश्व भर में, खासकर भारत और अमेरिका में लोकतंत्र के उत्सव पर प्रकाश डाला।



न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम के दौरान हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदीं। एजेंसी

### क्वाड में कैंसर मूनशॉट, पोर्ट्स पार्टनरशिप की घोषणा

**अमेरिका।** क्वाड नेताओं के छठवीं शिखर बैठक में हिंद प्रशांत क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने, रोकथाम और उपचार के लिए क्वाड कैंसर मूनशॉट तथा क्वाड देशों के तट रक्षकों के बीच अंतरसंचालनीयता में सुधार के लिए कभी क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन की स्थापना सहित अनेक अहम घोषणाएं की गई हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले महीने की गई यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और उनके दिए शांति संदेश की सराहना की। बाइडन और मोदी ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यापक विषयों पर वार्ता की और इस दौरान युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका आए हैं।

### बाइडन दंपति को मोदी ने दिये अमूल्य उपहार

**अमेरिका।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन से जब उनके निजी निवास में मुलाकात के वक्त उन्हें भारत की ओर से अमूल्य उपहार भेंट किये तो वह एक व्यक्तिगत एवं भावुक क्षण बन गया। संभवत: मोदी की बाइडन से यह इस पद पर आखिरी द्विपक्षीय मुलाकात थी। बाइडन दंपति ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को हाथ से चांदी से उत्कीर्ण एक पुराना भाप इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया। इसी प्रकार से प्रथम महिला जिल बाइडन के लिए पेपर मैशी बॉक्स में पैक एक पश्मीना शॉल भेंट किया गया।

### जापान,ऑस्ट्रेलिया के समकक्षों से की मुलाकात

**विलमिंगटन (अमेरिका)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर जापान और ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्षों के साथ अत्यंत सार्थक बैठकें कीं। मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी और अल्बनीज ने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई वहीं मोदी ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के साथ समय की कसौटी पर खरी उतरी मित्रता से आनंदित हैं।

### परिचय देते समय बाइडन भूले मोदी का नाम

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति बाइडन के लिए क्वाड कार्यक्रम में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई जब प्रधानमंत्री मोदी का परिचय देते समय उनका नाम भूल गए। बाइडन की यह असहज स्थिति कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के वीडियों पर लोगों ने बड़े पैमाने पर टिप्पणी की है। बाइडन द्वारा (81) कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में शनिवार को भाषण समाप्त किए जाने के बाद लगा कि वह कार्यक्रम के अगले संबोधक का नाम भूल गए और इस संबंध में अपने कर्मचारियों से पूछा।

## भारत-अमेरिका के बीच ड्रोन खरीद सौदे को लेकर सकारात्मक बातचीत

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत द्वारा प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स से 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की खरीद को अंतिम रूप दिए जाने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर साझा चिंताओं के बीच रक्षा उपकरण की द्विपक्षीय पारस्परिक आपूर्ति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार दोपहर डेलावेयर के विलमिंगटन में स्थित अपने निजी आवास पर मोदी की मेजबानी की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा व सैन्य भागीदारी को प्रगाढ़ बनाने के तरीकों समेत भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न प्रमुख पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। मोदी-बाइडन वार्ता को लेकर एक संयुक्त तथ्य-पत्र में कहा गया कि दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग के तहत हुई उल्लेखनीय प्रगति का स्वागत किया, जिसमें जेट इंजन, युद्ध सामग्री और 'ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम' के लिए प्राथमिकता के आधार पर सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए जारी सहयोग शामिल हैं। इसमें कहा गया, राष्ट्रपति बाइडन ने भारत द्वारा 31 जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9बी ड्रोन और उनसे संबंधित उपकरणों की खरीद की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया।

# पूर्वी ईरान की कोयला खदान में विस्फोट, 32 लोगों की मौत

- प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा

**तेहरान, एजेंसी**

पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गयी और 17 अन्य लोग घायल हो गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी। ऐसी आशंका है कि 18 अन्य श्रमिक खदान में फंसे हुए हैं।

एक खबर में कहा गया है कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई। इसमें कहा गया है कि प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन ने बाद में बताया कि जमीन से नीचे 700 मीटर की गहराई पर सुरंगों के भीतर 18 लोगों के फंसे होने की आशंका है। ईरान के नए सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने तथा उनके परिवारों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट की जांच शुरू कर दी गयी है। तेल उत्पादन करने वाला ईरान विभिन्न प्रकार की खनिज संपदा से भी समृद्ध है। ईरान हर साल करीब 35 लाख टन कोयले की खपत करता है लेकिन अपनी खदानों से प्रति वर्ष केवल 18 लाख टन कोयला ही उत्पादित करता है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे लोग।

## क्वाड बैठक फूट डालो राज करो की रणनीति पर केंद्रित : चीन मीडिया

**बीजिंग।** चीन की सरकारी मीडिया ने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) पर बीजिंग और उसके पड़ोसियों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाने का रविवार को आरोप लगाया। चार सदस्यीय समूह के शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत साझेदारी का विस्तार करने का निर्णय लेने के एक दिन बाद यह आरोप लगाया गया। चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन को नियंत्रित करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया था। चीन के विदेश मंत्रालय ने हालांकि शिखर सम्मेलन पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी खबर में कहा कि किसी भी मायने में क्वाड शिखर सम्मेलन अपने 17 साल के इतिहास के दौरान चार देशों के ढांचे के लिए एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत है।

# हिज्बुल्ला ने 100 से अधिक रॉकेट दागे, युद्ध का खतरा बढ़ा

**नाहरिया, एजेंसी**

हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल के बड़े क्षेत्र में शनिवार तड़के 100 से अधिक रॉकेट दागे, जिनमें से कुछ हाइफा शहर के पास गिरे। जवाब में इजराइल ने भी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिससे दोनों पक्षों में महीने से जारी तनाव के पूर्ण युद्ध का रूप अख्तियार करने का खतरा बढ़ गया।

हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों से उत्तरी इजराइल में हवाई आक्रमण के प्रति आगाह करने वाले सायरन बज उठे, जिसके बाद हजारों लोगों को बम रोधी शिविरों में शरण लेते हुए देखा गया। इजराइली सेना ने कहा कि रॉकेट "रिहायशी इलाकों की तरफ दागे गए", जिससे दोनों पक्षों में टकराव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि पूर्व में अधिकतर हमले सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमा के पास इजराइल के हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। इजराइल की बचाव सेवा एजेंसी मेगन डेविड एडोम ने बताया कि उसने छर्रे से घायल चार लोगों का इलाज किया, जिनमें 76 वर्षीय एक बुजुर्ग भी शामिल है, जो हाइफा के पास स्थित किर्याट बालिक में घायल हो गया था। किर्याट बालिक में कई इमारतों के क्षतिग्रस्त होने और वाहनों में आग लगने की खबर है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि इमारतों व वाहनों को क्षति हिजबुल्ला के रॉकेट के कारण हुआ या इजराइली विमान की वजह से।

### इजराइल ने 400 आतंकवादी ठिकानों को बनाया निशाना

इजराइली सेना ने कहा कि पिछले 24 घंटे में उसने दक्षिणी लेबनान में कई हवाई हमले किए, जिनके तहत रॉकेट प्रक्षेपण स्थल सहित लगभग 400 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादव शोशानी ने दावा किया कि इन हमलों की मदद से (इजराइली क्षेत्र में) कई और हमलों की योजना को विफल कर दिया। शोशानी ने कहा उत्तरी इजराइल के अधिकांश हिस्से में रह रहे लाखों लोगों को हमले का सामना करना पड़ा। उन्होंने शनिवार की रात और रविवार की सुबह बम रोधी शिविरों में बिताई। इजराइल में इतनी गहराई में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर हमले नहीं हुए थे।

# फ्रांस में कई पुराने चेहरों के साथ नए मंत्रिमंडल की घोषणा

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस में नए मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा की गयी है जिसमें पिछली सरकार के कई मंत्रियों उनके पदों पर बरकरार रखा गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2022 से देश के रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल रहे सेबेस्टियन लेकोर्नू अपने पद पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन में संघर्ष और फ्रांस द्वारा उसे दी जाने वाली सहायता पर समझौतों के संदर्भ में रक्षा मंत्री को उनके पद पर बनाये रखा।न्याय मंत्री रचिदा दाती का पद भी बरकरार रखा गया है। यूरोपीय मामलों के पूर्व उप विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट को (41) विदेश मंत्री बनाकर पदोन्नत किया गया है। एग्नेस पैनियर-रुनाचर को उनके पद पर बनाये रखा गया है। वह पारिस्थितिक संक्रमण, ऊर्जा, जलवायु और जोखिम निवारण मंत्री हैं । सबसे प्रमुख नियुक्तियों में से रिपब्लिकन ब्रूनो रिटेलो (63) की नियुक्ति है। उन्हें आंतरिक मंत्रालय का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया।

## अनोखी रेस



मंगलुरु में एक प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने बच्चों को पीठ पर लादकर दौड़ लगाई।

# नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योग का करेगा आयोजन

**काठमांडू, एजेंसी**

आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास में, होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) पश्चिमी नेपाल के पोखरा में एक योग समागम का आयोजन करने जा रहा है, जहां दुनिया भर के जाने-माने योग उत्साही प्राचीन ज्ञान के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण लेंगे।

आयोजकों के अनुसार, पूर्णा योग केंद्र के सहयोग से इसका आयोजन 16 से 19 अक्टूबर के बीच किया जायेगा। उनके मुताबिक इस कार्यक्रम में पर्यटन केंद्र पोखरा में 100 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे, जिनकी रुचि योग में है। आयोजकों ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के दौरान शाकाहारी और जैविक भोजन परोसा जाएगा और भक्ति गीतों के साथ-साथ सुकून पहुंचाने वाला संगीत भी बजाया जाएगा। एचएएन के अध्यक्ष बिनायक शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से नेपाल वैश्विक यात्रा बाजार में खुद को पसंदीदा योग और आध्यात्मिक स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाएगा।

# यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा रूस : मारिया

- रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने दी जानकारी

**मास्को, एजेंसी**

रूस यूक्रेन पर संभावित दूसरे शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संघर्ष को हल करने से संबंधित नहीं है। जखारोवा ने यह टिप्पणी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की नवंबर में दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की योजना के जवाब में की।

जेलेंस्की ने सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का इरादा किया था। उन्होंने मंत्रालय की वेबसाइट पर कहा, रूसी प्रतिनिधियों ने तथाकथित बर्गनस्टॉक प्रक्रिया के तहत किसी भी बैठक में भाग नहीं लिया है और ऐसा करने की योजना नहीं है। इस प्रक्रिया का वास्तविक संघर्ष समाधान से कोई लेना-देना नहीं है। सम्मेलन का उद्देश्य संघर्ष को हल करने के एकमात्र आधार के रूप में अव्यवहारिक जेलेंस्की सूत्र को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करना और इसे रूस को आत्मसमर्पण के लिए अल्टीमेटम जारी करने के लिए मंच के रूप में उपयोग करना है।



## संरा बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के सुधार उपायों का समर्थन करेगा

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा किए गए पुलिस और चुनाव सुधारों समेत कई सुधार उपायों में उसका समर्थन करेगा। विश्व निकाय के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार पत्र द डेली स्टार की खबर के अनुसार बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख ग्विन लुईस ने यहां अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की और सुधार, भ्रष्टाचार, बाढ़, रोहिंग्या संकट और जुलाई-अगस्त में हुई हिंसा की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली जांच समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। खबर के अनुसार लुईस ने अंतरिम सरकार द्वारा किए गए सुधार उपायों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया और यूनुस को उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया।

**श्रीलंका में चुनाव** — दूसरे दौर की मतगणना के बाद निर्वाचन आयोग ने मार्क्सवादी नेता को विजेता घोषित किया

# अनुरा दिसानायके श्रीलंका के नए राष्ट्रपति बने

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में रविवार को अभूतपूर्व दूसरे दौर की मतगणना के बाद निर्वाचन आयोग ने मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को विजेता घोषित किया। मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना पार्टी के विस्तृत मोर्चे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के उम्मीदवार 56 वर्षीय दिसानायके ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा को हराया है। निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे अधिकतम मत पाने वाले शीर्ष दो में शामिल होने में विफल रहने के बाद पहले दौर में ही बाहर हो गए। एनपीपी ने बताया कि दिसानायके सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इससे पूर्व निर्वाचन आयोग ने दूसरे दौर की गिनती का आदेश दिया था क्योंकि शनिवार को हुए चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को विजेता घोषित करने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल नहीं हुए थे। दिसानायके देश के नौवें राष्ट्रपति होंगे। श्रीलंका में कभी भी कोई चुनाव मतगणना के दूसरे दौर तक नहीं पहुंचा है, क्योंकि प्रथम वरीयता मतों के आधार पर हमेशा कोई उम्मीदवार विजेता बनता रहा है। श्रीलंका के इतिहास में यह पहली बार है जब राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए वरीयता वोटों की गिनती की जा रही है। वर्ष 1982 के बाद से पिछले सभी नौ राष्ट्रपति चुनावों के दौरान विजेता का फैसला पहली वरीयता वोट के आधार पर किया गया था।



श्रीलंका में चुनाव जीतने के बाद मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ।

### सार्वजनिक जुलूसों पर प्रतिबंध लगाया गया

पुलिस ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद तक सभी सार्वजनिक जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया है, चाहे वे वाहन से हों या पैदल। श्रीलंका के मतदाता तीन उम्मीदवारों को वरीयता क्रम में रखकर विजेता का चुनाव करते हैं।